CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,721.08
निफ्टी 24,853.15
सोना 98,900
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 26 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 205 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प का एपल के बहाने भारत पर निशाना**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पहलगाम के बाद अमरनाथ यात्रा में हाई सिक्योरिटी

## 60 किमी के रूट पर 35 हजार जवान, 4 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

पहलगाम, वार्ता

- चार लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद इस साल अमरनाथ यात्रा अपने इतिहास की सबसे कड़ी हाई सिक्योरिटी में होने जा रही है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2024 में जहां कुल 40 हजार जवान तैनात थे। वहीं इस बार 35 हजार जवानों की तैनाती 60 किमी वाले दोनों यात्रा रूट पर ही रहेगी। इसके अलावा, जम्मू से पवित्र गुफा तक की सुरक्षा एक लाख जवान संभालेंगे।

दोनों रूट हाई रेजोल्यूशन और फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी वाले 4 हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। इन्हें 6 कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। बंकर भी बनाए जा रहे हैं। जम्मू से पवित्र गुफा तक दो यात्रा रूट हैं। पहला- 14 किमी लंबा बालटाल रूट, जो बेस कैंप से गुफा तक 14 किमी लंबा है। दूसरा- पहलगाम रूट जो बेसकैंप से गुफा तक 46 किमी लंबा है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली इस तीर्थयात्रा के लिए देशभर से 4 लाख से अधिक श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारी कई विभागों के साथ पहलगाम और बालटाल के दोनों मार्गों पर ट्रैक को साफ करने और सुविधाओं को लेकर काम कर रहे हैं। बालटाल मार्ग से बालटाल, नीलग्रथ डोमेल, ब्रारी मार्ग, संगम, लोअर गुफा और पवित्र गुफा पर शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। पहलगाम मार्ग से नंदीवान, चंदनवाड़ी, पिसु टाप, शेषनाग और पंचतरणी पर भी कैंप बन रहे हैं। बालटाल और नंदीवान बेस कैंप में दो नए यात्री भवन



का निर्माण शामिल है। श्रीनगर के पंथाचौक स्थित 6 मंजिला यात्री निवास की दो और मंजिलें इस साल शुरू होने वाली हैं। इसकी क्षमता 1,000 लोगों की है। स्वच्छता सेवाओं का काम ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है। 5,000 शौचालय स्थापित किए जा रहे हैं, 2,000 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा के अलावा, तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए भी तैयारियां चल रही हैं।

# चार राज्यों में पहुंचा मानसून, महाराष्ट्र में तेज बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- जून के पहले हफ्ते में मप्र में एंट्री संभव, दिल्ली में 49 फ्लाइट्स डायवर्ट, हिमाचल में बादल फटा
- गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरने से एसआई की दबकर मौत

**नई दिल्ली।** केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु के बाद मानसून की एंट्री महाराष्ट्र में हो गई है। रविवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, पुणे, कोल्हापुर सहित पहाड़ी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई और कोंकण में प्री-मानसून बारिश ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश में भी समय से पहले मानसून की एंट्री हो सकती है। जून के पहले हफ्ते में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। आमतौर पर राज्य में मानसून की एंट्री 16 जून के आसपास होती है। पिछले साल 21 जून को मानसून आया था। दिल्ली में शनिवार रात आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। इसके चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 4:00 बजे तक 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मौसम विभाग ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 5:30 बजे तक 82 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली और 3.2 इंच (81.2 -शेष पृष्ठ दो पर

## तटरक्षक बल और नौसेना ने लाइबेरियाई पोत पर सवार सभी 24 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने खतरनाक सामान से लदे एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत के केरल तट के पास डूबने पर चालक दल के सभी 24 सदस्यों को रविवार को बचा लिया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए 3 रविवार सुबह सात बजकर 50 मिनट पर कोच्चि तट पर बाढ़ के कारण डूब गया। पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया, जिनमें से 21 को तटरक्षक बल ने और तीन को नौसेना के पोत आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। पोत पर 13 में खतरनाक सामान और 12 में कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। कंटेनरों में 84.44 टन डीजल और 367.1 टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था। केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए तटरक्षक बल ने प्रदूषण संबंधित कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस विमान हवाई निगरानी कर रहा है।

## मणिपुर शब्द हटाने पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प

**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। यह झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। कोआर्डिनेटिंग कमेटी आन मणिपुर इंटेग्रिटी (सीओसीओएमआई) के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और वहां से लगभग 500 मीटर की रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला इस अपमानजनक कृत्य के लिए माफी मांगें।

## राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुई बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गई और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## 'मन की बात' में मोदी का दावा

# सिर्फ सैन्य अभियान ही नहीं, बदलते भारत की तस्वीर है ऑपरेशन सिंदूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिये लोगों से बात की। कार्यक्रम का रविवार को 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की।

उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी



- बोले- देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है आतंकवाद को हर हाल में खत्म करना ही है

सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और हमने देखा कि चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे। पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य: भागवत

**नागपुर।** आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता की अनिवार्यता पर जोर दिया और कहा कि भारत को किसी भी खतरे से स्वतंत्र रूप से अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए, भले ही देश के खिलाफ कई शक्तियां एकजुट हों। आरएसएस की शताब्दी के अवसर पर 'ऑर्गनाइजर' के साथ विस्तृत साक्षात्कार में श्री भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें दूसरों पर निर्भर नहीं होना चाहिए। हमें अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। कोई भी हमें जीतने में सक्षम नहीं होना चाहिए, भले ही कई शक्तियां एक साथ आ जाएं। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची ताकत भीतर से आती है और इसे गलत दिशा में हिंसा से बचने के लिए सद्गुणों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। एक सद्गुणी व्यक्ति सिर्फ अपने सद्गुणों के कारण सुरक्षित नहीं है, इसलिए सदगुणों को शक्ति के साथ जोड़ा जाना चाहिए। केवल क्रूर शक्ति दिशाहीन हो सकती है, जिससे स्पष्ट हिंसा हो सकती है। इसलिए शक्ति को धर्म के साथ जोड़ा जाना चाहिए। श्री भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ की शक्ति की दृष्टि वैश्विक प्रभुत्व के उद्देश्य से नहीं है, बल्कि सभी के लिए शांति और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है।

# पाक एजेंट अदिति के शिकंजे में गुजरात का सहदेव

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात एटीएस** ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को अरेस्ट किया है। सहदेव कच्छ जिले के लखपत तालुका में संविदा पर तैनात था। वह बीएसएफ व नेवी की मौजूदा सैन्य इकाइयों की फोटो-वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था।

एटीएस के मुताबिक, इसके लिए जून 2023 में एक महिला ने खुद को अदिति भारद्वाज बताकर गोहिल से व्हाट्सएप पर संपर्क किया था। बताया जा रहा है कि पहली बार उसे संवेदनशील सूचनाएं भेजने पर 40 हजार रुपये नकद मिले थे। इससे पहले एटीएस ने 7 जुलाई 2023 को भी कच्छ के एक युवक को अदिति नाम की लड़की के लिए ही जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। भारत से गद्दारी कर दुश्मन देश पाकिस्तान के लिए भारत में रहकर जासूसी करने वाला सहदेव पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी के संपर्क में कैसे आया और कितने समय तक संपर्क में रहा?



- एटीएस ने कच्छ से पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को किया गिरफ्तार
- पाकिस्तानी एजेंसी को भेज रहा था कच्छ के बीएसएफ व नेवी की फोटो और वीडियो

सहदेव सिंह को किस तरह की सूचनाएं देने का काम सौंपा गया था।

# लालू ने तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से किया बेदखल

- कहा: तेजप्रताप ने सामाजिक न्याय को किया कमजोर

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है। श्री यादव ने एक महिला के साथ तेजप्रताप यादव का फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर पोस्ट करके अपने बड़े पुत्र को पार्टी और परिवार से निष्कासित किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएवं उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। राजद प्रमुख ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। तेजप्रताप यादव के फेसबुक अकाउंट से एक लड़की के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा गया था, 'मैं तेजप्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते है।

## चार राज्यों की पांच विस सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुजरात की दो और केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात विधानसभा की कादी (अनुसूचित जाति) और विसावदार, केरल की निलम्बूर, पंजाब की लुधियाना (पश्चिम) और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार 26 मई को जारी की जाएगी। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को कराई जाएगी। आयोग ने कहा है कि इन रिक्त पड़ी सीटों के उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी। उपचुनाव की घोषणा के साथ वहां आदर्श चुनाव संहिता लागू कर दी गई है। ये सीटें निर्वाचित प्रतिनिधियों के निधन या इस्तीफे के कारण रिक्त है।

# श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गोपेश्वर।** सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब जी के कपाट रविवार को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसी के साथ श्री हेमकुंड साहिब की वार्षिक यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारे से पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड-बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। इस जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारे में किया। रविवार प्रात: यह जत्था जयकारों के साथ हेमकुंड साहिब के लिए आगे बढ़ा और प्रात: शुभ मुहूर्त में श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सिख आस्था के इस प्रमुख स्थल के साथ ही हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर (लक्ष्मण मंदिर) के कपाट भी विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम



- पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था पवित्र निशान साहिब के साथ हुआ रवाना

यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जनपद चमोली पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं।

# विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

## इकोनॉमिक पॉलिसी के चलते हासिल की उपलब्धि, जापान को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, वार्ता

- भारत आज जापान से बड़ा है, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हैं हमसे बड़े

**भारत अब** आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि अपनी इकोनॉमिक पॉलिसी के कारण हासिल की है। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है।

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इंटरनेशनल मानेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल



संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली वाले परेशान मंत्री यूएस में: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 25 मई की रात आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई, जिसकी वजह से रविवार को लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि लोग वॉटर लॉगिंग और पानी की कमी से परेशान हो रहे हैं और मंत्री अमेरिका में हैं। आप नेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर किसी मंत्री को विदेश यात्रा करनी है, तो उसे गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी पड़ती है और फाइल सीएम और एलजी के माध्यम से जाती है। इसलिए सभी जानते हैं कि प्रवेश वर्मा भारत में नहीं है। इसके आगे उन्होंने कहा कि भाजपा और उसका नेतृत्व इस तथ्य को क्यों छिपा रहा है कि इस संकट के समय दिल्ली में पानी की कमी और जलभराव में उनके पीडब्ल्यूडी मंत्री अमेरिका में हैं?

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**बहराइच।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, क्योंकि खुफिया रिपोर्ट में 30 से अधिक पाकिस्तानी और बंगलादेशी नागरिकों द्वारा भारत में घुसपैठ की फिराक में होने की सूचना है। इस सूचना के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को उच्च सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच इन संदिग्ध व्यक्तियों के नेपाल पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने बताया कि 35 से 37 बंगलादेशी और पाकिस्तानी नागरिक अपने देशों से सीमा पार कर नेपाल आ गए हैं। उनकी योजना खुली सीमा के जरिए भारत में घुसपैठ करने की है, लेकिन सुरक्षा बल उन्हें तुरंत पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कमांडेंट उदावत ने बताया कि एसएसबी ने गश्त तेज कर दी है और चौबीसों घंटे जांच अभियान चलाया जा रहा है। जवान सड़कों, जंगलों और सीमा के समीप गांवों में पैदल और वाहनों से गश्त कर रहे हैं।

### सरकार बेरोजगारी पर भी ध्यान दे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर को लेकर एक ओर भाजपा नेता इसका श्रेय पीएम मोदी को दे रहे है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस इसको लेकर भाजपा पर निशाना साध रही है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार को बेरोजगार और मध्य वर्ग की परेशानियों पर भी ध्यान देना चाहिए। विपक्षी नेताओं ने नीति आयोग के इस ऐलान के बाद मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि सरकार मध्यम वर्ग की परेशानी और बेरा. जगारी पर कितना ध्यान दिया गया। आरजेडी नेता मनोज झा ने सरकार से कहा कि क्या अर्थव्यवस्था बढ़ने से आम आदमी पर कुछ असर पड़ेगा? कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार को यह देखना चाहिए कि इससे आम नागरिकों को कितना फायदा हो रहा है। सरकार को प्रति व्यक्ति आय, अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, ईएमआई चुकाने में संघर्ष कर रहे मध्यम वर्ग, एमएसएमई क्षेत्र, बेरोजगारी जो 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ रही है।

# मदरसों के खिलाफ कार्रवाई कोर्ट की अवमानना

नई दिल्ली, वार्ता



■ सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने लगाई थी रोक: मदनी

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर पिछले साल 21 अक्टूबर 2024 को पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में 3 सदस्यीय बेंच ने इस्लामी मदरसों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों खासतौर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे। उसमें कहा गया था कि कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किए जाने के समय तक इस संबंध में अगर कोई नोटिस या आदेश केंद्र या राज्य सरकार की ओर से जारी होता है तो उस पर भी विधिवत रोक जारी रहेगी।

मौलाना अरशद मदनी कहा कहना है कि सुप्रीमकोर्ट की इस रोक के बावजूद उत्तर प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बहुल ज़िलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है। कई मदरसों को ध्वस्त भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुख की बात तो यह है कि वैध दस्तावेज़ होने के बावजूद यह अभियान जारी है, जिसको लेकर मुसलमानों में डर का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल की गई याचिका पर ही सुप्रीमकोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी और अब मदरसों के खिलाफ जो नया अभियान शुरू हुआ है, जमीअत उलमा-ए-हिंद उसके खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराने और मदरसों के ज़िम्मेदारों की सलाह और परामर्श की रणनीति तय करने के उद्देश्य से 1 जून 2025 को आजमगढ़ के सराय मीर में स्थित जामिया सुरैया फैजुल उलूम में मदरसा सुरक्षा सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में सभी मदरसों के जिम्मेदारों और संबंधित लोगों को बुलाया गया है। सम्मेलन के आयोजन और प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी को सौंपी गई है।

# मन की बात: मोदी ने की यूपी के युवाओं की तारीफ

नई दिल्ली, वार्ता



■ खेल के मैदान से शहद उत्पादन तक की सराहना

पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में यूपी के युवाओं की तारीफ की। उन्होंने खेल के मैदान से लेकर शहद उत्पादन तक में यूपी के युवाओं की मेहनत और उपलब्धियों को पूरे देश के सामने रखा। बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी जैसे युवाओं के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन की पीएम मोदी ने खुले दिल से सराहना की।

नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल होने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी पीएम का यह कार्यक्रम सुना और युवाओं को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' मिशन को नई ऊर्जा मिली है और आज यूपी के खिलाड़ी देश के लिए गर्व बन रहे हैं। कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। बरेली के एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कादिर का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करें। वहीं शेख जीशान वाराणसी के रहने वाले हैं। ट्रिपल जंप में उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके पिता ऑटो चलाते हैं, लेकिन जीशान ने कभी हार नहीं मानी। इनके अलावा तुषार चौधरी बिजनौर के किसान परिवार से हैं। उन्होंने वेटलिफ्टिंग (102 किलोग्राम वर्ग) में 289 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। इन युवाओं ने हाल ही में बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन में हो रही प्रगति की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि यूपी में हनी उद्यमियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सीएम योगी ने इसे 'मधुमय अभियान' का नाम दिया और कहा कि यह मिशन सिर्फ शहद उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का भी जरिया बन चुका है।

### माओवादी हिंसा की सफलता के बाद प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि माओवादी हिंसा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई की सफलता बाद अब हिंसा से प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी हैं और दंतेवाड़ा जैसे जिले खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाई हासिल कर रहे हैं। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे और जब गांव में पहली बार बस पहुंची, तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।

## यूपी के गांवों के लोगों को नई तकनीक से दक्ष बनाया जाएगा: योगी

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल क्रांति लाएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 278 करोड़ से बनेगा वर्कफोर्स और लर्निंग सेंटर
■ राष्ट्रीय ग्राम अभियान के तहत चलाई जा रही है योजना

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार अब गांवों को डिजिटल रूप से और मजबूत बनाने जा रही है। सरकार की योजना है कि ग्राम पंचायतों को तकनीक से जोड़कर न सिर्फ जन सुविधाएं बेहतर की जाएं, बल्कि गांव के लोगों को भी नई तकनीकों के इस्तेमाल में दक्ष बनाया जाए।

इसी उद्देश्य से प्रदेश में 278 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है, जिसमें डिजिटल वर्कफोर्स तैयार की जाएगी और जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर तथा पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह पूरी योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत चल रही है, जिसका मकसद गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ाना है। सीएम योगी के निर्देश पर पंचायती राज विभाग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत राज्य, जिले और विकास खंड स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे डिजिटल प्लेटफार्मों पर बेहतर काम कर सकें और सरक. ारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक सही तरीके से पहुंचा सकें। प्रदेश सरकार की इस योजना का फोकस पंचायत कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने और तकनीकी प्रशिक्षण पर है। पंचायत लर्निंग सेंटरों के जरिए कर्मचारियों को कंप्यूटर, मोबाइल ऐप्स और अन्य डिजिटल टूल्स के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए अलग-अलग स्तरों पर मानव संसाधनों की तैनाती की जाएगी। इससे योजनाओं को लागू करने की रफ्तार भी बढ़ेगी और ग्राम पंचायतें पहले से अधिक सक्षम हो सकेंगी। योगी सरकार ने हाल ही में प्रदेश में एआई प्रज्ञा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत 10 लाख लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपकरणों और तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा। अब यह योजना गांवों तक भी पहुंचेगी। ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों और जिलों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी एआई टूल्स की जानकारी दी जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी समझ बढ़ेगी और काम की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस योजना को सुचारु रूप से लागू करने के लिए चार स्तरों पर समितियां बनाई जाएंगी।

इनमें राज्य स्तर पर पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति और निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति कार्य करेंगी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इसकी शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी और इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में स्थानीय शासन प्रणाली को मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश में इस योजना के तहत पहले भी कई तरह के प्रशिक्षण और डिजिटल पहलें चलाई जा चुकी हैं।


### यूपी के प्रमुख शहरों में बनेंगे रिंग रोड बाईपास और फ्लाईओवर: पीडब्ल्यूडी

■ एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर को मिलेगा फायदा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जनता को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों में रिंग रोड, बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, जिससे जाम से निजात मिलेगी और यातायात पहले से ज्यादा बेहतर और सुगम हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसकी विस्तृत योजना तैयार कर ली है। इस काम के लिए 6,124 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 62 परियोजनाओं पर काम शुरू होगा। यह योजना खासतौर पर उन शहरों के लिए है, जहां की आबादी एक लाख से ज्यादा है और जहां ट्रैफिक का दबाव बहुत अधिक रहता है। लोक निर्माण विभाग ने बताया है कि इस परियोजना में यातायात के दबाव और जनसंख्या को आधार बनाकर प्राथमिकता तय की गई है। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि बड़े और व्यस्त इलाकों में बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, ताकि भारी वाहनों को शहरों में न आना पड़े और शहर के अंदरूनी रास्तों पर दबाव कम हो। योगी सरकार का सपना है कि उत्तर प्रदेश को देश की पहली 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाए। इसके लिए सड़क और परिवहन नेटवर्क को मजबूत करना जरूरी है। प्रदेश में औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और एक्सप्रेस-वे पहले से ही बनाए जा रहे हैं। अब रिंग रोड और बाईपास जैसी परियोजनाओं से फ्रंट मूवमेंट भी आसान होगा और व्यवसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के तहत सिर्फ उन्हीं शहरों में काम होगा जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं गुजरता। जिन शहरों में राजमार्ग हैं, वहां राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण खुद रिंग रोड और बाईपास बनाएगा। लोक निर्माण विभाग ने साफ किया है कि एक लाख से ज्यादा आबादी वाले नगर निकाय अगर प्रस्ताव भेजते हैं, तो आबादी और ट्रैफिक की प्राथमिकता के अनुसार उन्हें योजना में शामिल किया जाएगा। इससे छोटे शहरों में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# सीएम अब्दुल्ला घाटी में करेंगे सरकारी बैठकें

श्रीनगर, वार्ता



■ जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों का भरोसा जगाने के लिए उमर की पहल

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है, इसको लेकर जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए घाटी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर आधिकारिक बैठक करेंगे। बैठक के लिए सबसे पहले गुलमर्ग को चुना गया है। 28 मई बुधवार को सीएम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी।

जम्मू-कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिस जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री 28 मई को दोपहर 12 बजे गुलमर्ग में एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। तदनुसार अधिका. रियों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। उमर के अलावा उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी और कैबिनेट मंत्री तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी भी बैठक में शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों में जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, 30 से अधिक विभागों के सभी प्रशास. निक सचिव, कश्मीर के संभागीय आयुक्त, कश्मीर के पुलिस महानि. रीक्षक, उत्तरी कश्मीर के डीआईजी, पंद्रह विभागों के निदेशक, बारामुल्ला के उपायुक्त तथा दर्जनों अन्य अधीनस्थ अधिकारी बैठक में शामिल होंगे। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक और मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला दरवाजे पर शासन पहल के तहत गुलमर्ग और पहलगाम सहित विभिन्न स्थानों पर कैबिनेट बैठकों का नेतृत्व करेंगे।

सादिक ने रविवार 25 मई को श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री गुलमर्ग, पहलगाम और अन्य क्षेत्रों में भी बैठकें करेंगे और व्यक्तिगत रूप से विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। वह सभी सार्वजनिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए हर दरवाजे तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अर्थ व्यापार

# जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मिडकैप 144.42 अंक अर्थात 0.32 प्रतिशत कमजोर होकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 44861.42 अंक पर आ गया, जबकि स्मॉलकैप 475.68 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 51521.42 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल.पुथल और भू.राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरुआत मजबूत रही, लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड ईल्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम, मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली।

अमेरिका और जापान दोनों में बढ़ते बॉन्ड ईल्ड से निवेशकों की चिंता गहराई क्योंकि इससे उभरते बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर पलायन हो सकता है। इस बीच अमेरिका द्वारा कंपनियों को चीन खासकर हुवेई टेक्नोलॉजीज के निर्मित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप्स को इस्तेमाल से रोकने के फैसले ने चीन के साथ व्यापार तनाव को और बढ़ा दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम को 'एकतरफा बदमाशी' बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया और सख्त प्रतिशोध की चेतावनी दी।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 685.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 16 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 690.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 16 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 27.9 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 5.1 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, चावल-दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि उठाव बढ़ने से चावल और अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 12 रिंगिट फिसलकर 3825 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 1.47 सेंट की तेजी के साथ 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल 147 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17802 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14652 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 14066 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सत्र के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में मिला. जुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

### सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारना जीवन को सच्चा अर्थ देना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर में सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारने को जीवन को सच्चा अर्थ देना करार दिया है। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि दो-तीन दिन पहले ही मैं पहली उभरता पूर्वोत्तर शिखर सम्मेलन में गया था। उससे पहले हमने पूर्वोत्तर के सामर्थ्य को समर्पित 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' भी मनाया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चार राज्यों में...**

एमएम) तक बारिश हुई। मिंटो रोड, मोती बाग और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 की सड़कों पर पानी भर गया। यूपी के गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरी, जिसमें एसआई वीरेंद्र मिश्रा की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में शनिवार शाम बादल फटने के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई। इससे 25 से ज्यादा वाहनों को नुकसान पहुंचा। पहाड़ों से गिर रहे मलबे से हिंदुस्तान-तिब्बत रोड और नेशनल हाईवे-5 बंद हो गया। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में घर की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। बीकानेर, सीकर और झुंझुनू में शनिवार देर रात आंधी की वजह से इलेक्ट्रिक पोल और पेड़ उखड़ गए। 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद से केरल के सभी जिलों में भारी बारिश जारी है। 25 मई को भी तेज हवा और बारिश हुई है। इसके कारण कई पेड़ उखड़ गए, घर क्षतिग्रस्त हो गए, कई नदियों के उफान पर होने के चलते बांध ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते कुछ बांधों के शटर खोले गए। वायनाड के लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके चूरलमाला में 24 मई की रात से तेज बारिश हुई है। लोगों को दोबारा लैंडस्लाइड का डर सता रहा है। चूरलमाला-मुंडक्कई इलाके से गुजरने वाली पुन्नपुझा नदी का वाटर लेवल बढ़ा है। वहीं, मौसम विभाग ने रविवार को देश के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड में ओले गिरने और राजस्थान में धूल भरी आंधी-हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं रविवार से नौतपा की भी शुरुआत हो गई है, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है।

# पीएम मोदी बदजुबान नेताओं पर नहीं करते कार्रवाई: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ भाजपा के नेता और मंत्री सेना का कर रहे अपमान: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी नेता और मंत्री पहलगाम मुद्दे पर सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय खामोश हैं।

खड़गे ने कहा कि भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और बहादुर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान से एक बार फिर आरएसएस भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जांबाज़ सेना का अपमान किया पर मोदी ने कोई कार्रवाई नहीं की। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफ़िसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे। मोदी आप कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर है, अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बदज़ुबानी नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा नेता लगातार सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, जो उनकी ओछी मानसिकता को उजागर करते हैं। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का यह शर्मनाक बयान बताता है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा इतनी संवे. दनहीन हो चुकी है कि पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों के बलिदान के लिए सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराने के बजाय भाजपा सांसद शहीदों एवं उनकी पत्नियों पर ही सवाल उठा रहे हैं। विजय शाह और देवड़ा जैसे नेताओं पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, अब ये नया बयान घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को इन बयानों की मौन स्वीकृति क्यों न माना जाए। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री इस शर्मनाक बयान पर माफी मांगें और सांसद रामचंद्र जांगड़ा को पार्टी से बाहर करें।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय मोदी को देने की होड़ में जुटे भाजपा नेता: अलका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की होड़ में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई करवाई नहीं हो रही है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। लांबा ने कहा कि भाजपा नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय मोदी को देते हुए उनका गुणगान करके सेना और पीड़ितों को जिस तरह से अपमानित कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं और इस होड़ में भाजपा नेताओं की जुबान बिगड़ गई है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्रेय देने की होड़ में भाजपा यानी बदजुबान पार्टी के नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

संक्षिप्त समाचार

## शाहजहांपुर में एक भाई ने दूसरे को मारी गोली, मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र में शनिवार को घर के बाहर एक युवक ने अपने तहेरे भाई की राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि निगोही थाना क्षेत्र गांव रत्ती निवासी प्रदीप (18) नोएडा में काम करता था कुछ दिन पहले अपने घर आया था । प्रदीप घर के बाहर खड़ा था तभी उसके चाचा सर्वेश के पुत्र सार्थक ने लाइसेंसी राइफल से उसको गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। गोली लगने से प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन परिजनों ने कई घंटे बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन कर लिए है।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## छत पर चढ़कर तेंदुए ने महिला पर किया हमला, मौत

**बहराइच,।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में शनिवार रात लगभग डेढ़ बजे अयोध्यापुरवा गांव में जाहिरा नाम की एक महिला अपने बच्चों के साथ छत पर सो रही थी, तभी एक तेंदुआ छत पर चढ़ आया और उसने महिला पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर बच्चे जाग गए। तेंदुए ने महिला के शव के साथ छत से नीचे छलांग लगा दी। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और हांका लगाकर तेंदुए को भगाने में सफलता पाई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही सुजौली वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सुजौली पुलिस भी मौके पर पहुंची और एसओ हरीश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को 5000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान चला रही है।

## गंगा स्नान करने गए किशोर की डूबने से मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के कालिक मवैया गंगा घाट पर रविवार को स्नान करने गए किशोर की नदी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोईरौना थाना क्षेत्र अंतर्गत कालिक मवैया गंगा घाट पर रविवार की सुबह लगभग 8:00 बजे ननिहाल आए सूरज मिश्र(15) की गंगा नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में जाने से मौत हो गई। बताया जाता है कि कोइरौना थाना क्षेत्र के नगरह निवासी राजेश मिश्र की ससुराल कलिक मवैया में रंगनाथ तिवारी के यहां है। जहां 23 मई को शादी थी, जिसमें उनकी पत्नी मुन्नी एवं पुत्र सूरज शामिल होने आए थे। रविवार को सूरज अन्य तीन लड़कों के साथ गंगा नहाने चला गया। नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख साथ में गये लड़के जब तक बचाने का प्रयास करते वह गहरे पानी में समा गया। बच्चे के डूबने की जानकारी होते ही घर पर कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे कटरा पुलिस चौकी प्रभारी फूलचंद निषाद ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसे खोजना शुरू कराया।

# आपदा से नुकसान घटाने के लिए प्रयास हुए तेज

**प्री-मानसून बारिश के दौरान लगभग तीन दर्जन लोगों की जान गई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मई के महीने में बेमौसम बारिश, तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बिजली गिरने जैसी अप्रत्याशित और चरम मौसमी घटनाओं के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार राज्य भर में नुकसान को कम करने और जान-माल की सुरक्षा के लिए अपने प्रयासों को तेज कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हाल ही में प्री-मानसून बारिश के दौरान लगभग तीन दर्जन लोगों की जान चली गई, जो मौसम की स्थिति की बढ़ती अप्रत्याशितता और गंभीरता को उजागर करता है। उन्होंने कहा पूरा मानसून सीजन (जून से सितम्बर) अभी बाकी है, इसलिए सरकार आपदा से संबंधित हताहतों और नुकसान को कम करने के लिए एक सक्रिय और व्यापक रणनीति अपना रही है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभागों को समय पर अलर्ट और जन जागरूकता अभियान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों को विशेष रूप से बिजली और तूफान की घटनाओं के दौरान एहतियाती उपायों के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान कें. द्रित किया जा रहा है। नागरिकों को प्रतिकूल मौसम के दौरान घर के अंदर रहने, खुले मैदानों, ऊंचे पेड़ों, धातु की संरचनाओं, जल्ु ोतों से बचने और वास्तविक समय की अपडेट के लिए दामिनी या सैशे जैसे सुरक्षा ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी जा रही है। तत्काल सहायता के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। यह समझते हुए कि जलवायु संबंधी आपदाएं अब मानसून तक ही सीमित नहीं हैं सरकार अपने आपदा प्रबंधन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला-स्तरीय आपातकाल. ीन संचालन केंद्रों को मजबूत करने और आंधी के दौरान जीवन रक्षक प्रथाओं के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए बिजली सुरक्षा कार्यक्रम शुरू करने की योजनाएं चल रही हैं। प्रारंभिक चेतावनियों और तैयारियों के अलावा सरकार आपदा के बाद त्वरित सहायता के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मौसम संबंधी त्रासदियों से प्रभावित परिवारों को बिना देरी के भावनात्मक और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संकट के समय कोई भी पीछे न छूट जाए। मौसम विभाग पहले से ही बिजली का पता लगाने वाली प्रणाली स्थापित करने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) को दिए गए निर्देशों के बाद, सरकार ने टाइम ऑफ अराइवल (टीओए) तकनीक का उपयोग करके पूरे राज्य में एक उन्नत बिजली का पता लगाने वाली प्रणाली स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह प्रणाली बिजली गिरने के समय और स्थान की भविष्यवाणी करने में अधिक सटीक है।

## एक ही परिवार के तीन लोग गंगा में डूबे, हुई मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के डलमऊ इलाके में अस्थि विसर्जन करने आये एक ही परिवार के तीन लोगो की गंगा नदी में डूब कर मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार अमेठी जिले से डलमऊ अस्थि विसर्जन करने आए एक ही परिवार के चार लोग नहाते समय गंगा नदी में डूब गए। नदी में डूबने से पिता-पुत्र समेत तीन की मौत हो गई है। जब इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से मौके पर पहुंचकर सभी को बाहर निकाला और आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंची तो डॉक्टर ने किशोर समेत तीन को मृत घोषित कर दिया, वहीं एक युवक का इलाज चल रहा है। बताया गया चन्द्र कुमार कौशल, बाल कुमार कौशल और अयांश की पानी मे डूब कर दर्दनाक मौत हो गई। अयांश (12) किशोर था। पुलिस के अनुसार सभी लोग अस्थि विसर्जन के गहरे पानी मे चले गए थे और डूब गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और लोग सभी डूबे हुए लोगों को लेकर सीएचसी गये, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों की मृत्यु हो गयी और एक व्यक्ति विधि चन्द्र कौशल का इलाज चल रहा है।

# निरीक्षण को गई अफसरों की टीम पर मधुमक्खियों का हमला, विशेष सचिव सहित 16 घायल

**सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय की हालत गंभीर, घायलों को बचाने प्रशासन को मंगवाने पड़े कंबल, जिला अस्पताल में अफरा-तफरी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर लखनऊ से ललितपुर भेजी गई उच्चस्तरीय प्रशासनिक टीम आज उस समय हड़कंप में आ गई, जब देवगढ़ के जंगलों में निरीक्षण के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अफसरों पर हमला बोल दिया।

इस अप्रत्याशित हमले में विशेष सचिव एवं रेशम विभाग के नोडल अधिकारी आईएएस सुनील वर्मा सहित कम से कम 16 अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए। हमले की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घायलों को बचाने के लिए प्रशासन को मौके पर कंबल तक मंगवाने पड़े, ताकि मधुमक्खियों से किसी तरह बचाव किया जा सके। लखनऊ मुख्यालय से भेजी गई इस टीम का नेतृत्व आईएएस सुनील वर्मा कर रहे थे, जो विशेष सचिव के साथ-साथ राज्य सरकार की ष्रेशम विकास योजनाष्के नोडल अधिकारी भी हैं। उनके साथ ललितपुर पहुंचे अफसरों में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, अपर जिला. धिकारी, नमामि गंगे योजना के अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व टीम के लेखपाल शामिल थे। यह टीम देवगढ़ में बौद्ध गुफाओं और उससे सटे वनों में विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंची थी। जैसे ही यह दल जंगल के भीतर स्थित निरीक्षण स्थल की ओर बढ़ा, अचानक पास के एक पेड़ पर बसे मधुमक्खियों के झुंड ने अफसरों पर धावा बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मधुमक्खियों ने अफसरों को दौड़ा- दौड़ा कर काटा और किसी को भागने तक का मौका नहीं मिला। स्थिति इतनी विकट हो गई कि अफसरों को झाड़ियों में शरण लेनी पड़ी, और कइयों को बुरी तरह डंक झेलने पड़े। सूत्रों के अनुसार सबसे गंभीर स्थिति मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय की बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। हमले में कई अन्य अफसरों को भी चेहरे, सिर और हाथ-पैरों पर गंभीर डंक लगे हैं।

जिला प्रशासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य प्रारंभ किया और सभी घायलों को देवगढ़ से निकालकर एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी स्वयं मौके पर पहुंचे और जिला अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम के साथ घायलों की देखरेख सुनिश्चित की। अस्पताल परिसर में भी कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन तत्काल चिकित्सा प्रबंधन से स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया। देवगढ़ क्षेत्र अपने ऐतिहा. सिक बौद्ध गुफाओं और घने जंगलों के लिए जाना जाता है, जहां वन्यजीव और प्राकृतिक जीवन के कई स्वरूप विद्यमान हैं। लेकिन इस तरह का अचानक हमला अधिकारियों के लिए न केवल असामान्य रहा।

सीएम योगी की हरित पहल

# औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने निभाई पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता



**क्लीन, ग्रीन और पॉल्यूशन फ्री यूपी की दिशा में यूपीपीसीबी का व्यापक वृक्षारोपण अभियान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने व्यापक स्तर पर वनीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक समन्वित अभियान चलाया है।

इस अभियान में प्रदेश के औद्योगिक प्रतिष्ठानों को सहभागी बनाकर पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में ठोस पहल की गई है। वर्ष 2022 से 2024 तक यूपीपीसीबी ने प्रदेश के 1542 स्थलों पर लगभग 431 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मियावाकी पद्धति से वनीकरण कराया है। यह पहल न केवल जैव विविधता को समृद्ध करने में कारगर रही है, बल्कि शहरी और औद्योगिक इलाकों में हरियाली बढ़ाकर प्रदूषण के स्तर को कम करने में भी उपयोगी सिद्ध हो रही है। यूपीपीसीबी द्वारा चलाए गए इस वृक्षारोपण अभियान के तहत 2022 में प्रदेश के 429 स्थलों पर 84.4 हेक्टेयर क्षेत्र में वनीकरण किया गया। वर्ष 2023 में यह पहल और सशक्त हुई, जब 687 स्थलों पर 165 हेक्टेयर क्षेत्र को हरित आवरण में परिवर्तित किया गया। इसी क्रम में 2024 में 426 नए स्थलों को चिन्हित करते हुए 182 हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी तकनीक से पौधरोपण किया गया। मियावाकी पद्धति के माध्यम से कम समय में घना और टिकाऊ वनावरण तैयार करने की दिशा में यह प्रयास अत्यंत प्रभावशाली सिद्ध हो रहा है। इस योजना से औद्योगिक इकाइयों के सामाजिक उत्तरदायित्व का भी समुि. चत निर्वहन हुआ है, जिससे उद्योग जगत की पर्यावरणीय सजगता में वृद्धि हुई है। इस हरित अभियान में कई प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने भागीदारी निभाई और अपने-अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण के कार्य संपन्न किए। वर्ष 2022 में बजाज शुगर इंडस्ट्रीज द्वारा गोण्डा जनपद में 150 वर्गमीटर क्षेत्र में वृक्षारोपण कराया गया। इसी तरह द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बरेली के फरीदपुर क्षेत्र में 1000 वर्गमीटर में वनीकरण कार्य किया। इन प्रयासों से प्रेरित होकर 2023 और 2024 में अन्य कई औद्योगिक इकाइयों ने इस हरित पहल में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। उन्नाव, कानपुर, मेरठ, गाजियाबाद, अमरोहा और शाहजहांपुर सहित विभिन्न जनपदों में औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने बोर्ड के सहयोग से वनीकरण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि यह केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पौधों की देखभाल, रखरखाव और उनके सुरक्षित विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। वृक्षारोपण स्थलों की निगरानी और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से जोड़ा गया है, जिससे योजनाओं की प्रगति पर नियमित निगरानी संभव हुई है। यूपीपीसीबी के अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान सरकार और उद्योगों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर बन रही मजबूत साझेदारी का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता पर्यावरण संरक्षण है और उद्योगों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे इस दिशा में सक्रिय सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने राज्य को क्लीन, ग्रीन और पॉल्युशन फी बनाने के लिए प्रदेशवासियों से भी योगदान देने की अपील की है। इस तरह, यूपीपीसीबी द्वारा चलाया जा रहा यह हरित अभियान राज्य की पर्यावरणीय चेतना को नई दिशा देने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और संतुलित प्राकृ तिक वातावरण देने की ओर एक प्रभावी कदम साबित हो रहा है।

## आम चुनाव के बाद स्मृति ईरानी आज आएंगी अमेठी

**अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेत्री स्मृति ईरानी लंबे अरसे बाद 26 मई सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी आ रही है।आम चुनाव के बाद अचानक स्मृति ईरानी के अमेठी आने की खबर से सियासी हलचल तेज हो गई है। इस दौरान स्मृति ईरानी गौरीगंज के रणंजय इंटर कॉलेज मैदान पर रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होगी। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी चंद्र मौली सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। अमेठी से आम चुनाव हारने के ठीक एक साल बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी आ रही है।इस दौरान स्मृति ईरानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम स्थल पर ही पूर्व सांसद जनसभा को भी संबोधित करेंगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। स्मृति ईरानी के चुनाव हारने के ठीक एक साल बाद वापस आने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त उत्साह है।

# यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा लखनऊ के 91 केंद्रों पर सम्पन्न, 40 हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल




**सीसीटीवी की निगरानी में सकुशल हुई परीक्षा, 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 91 स्टैटिक मजिस्ट्रेट रहे तैनात**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा शनिवार को लखनऊ जनपद के 91 केंद्रों पर शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल 40029 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे। परीक्षा की निगरानी के लिए 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 91 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी, जबकि यूपीएससी द्वारा पांच वरिष्ठ अधिका. रियों को पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया था। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से रीयल टाइम निगरानी की गई, जिसकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की गई। जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों और कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से समन्वय में कार्य करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की अपील की थी। लखनऊ जैसे बड़े जिले में इतनी संख्या में परीक्षार्थियों की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा, प्रश्न पत्र वितरण, अभ्यर्थियों की सुविधा और ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। परीक्षा के दौरान कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

# प्रदेश में दूर होगी ट्रैफिक जाम की समस्या

**योजना पर 6 हजार करोड़ खर्च करेगी योगी सरकार, बनेंगे रिंग रोड, बाईपास और फ्लाईओवर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ट्रैफिक जाम की पुरानी समस्या को सुलझाने की दिशा में योगी सरकार अब निर्णायक कदम उठाने जा रही है। प्रदेश में सड़क संपर्क को बेहतर और सुगम बनाने के लिए आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6,124 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड, बाईपास और फ्लाईओवर का जाल बिछाया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है, जिसके तहत प्रदेश के यातायात ढांचे को नया स्वरूप देने की तैयारी है। कुल 62 परियोजनाओं की पहचान कर ली गई है, जिनका क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इनमें एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर परिषदों और नगर पालिकाओं को लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे शहरी ट्रैफिक दबाव को कम किया जा सके। कार्ययोजना के अनुसार, भारी यातायात वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां जनसंख्या का घनत्व अधिक है और वर्तमान में जाम की स्थिति बार-बार उत्पन्न होती है। इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल ट्रैफिक की भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों, व्यापारिक गलियारों और परिवहन मार्गों को भी गति मिलेगी। खास तौर पर प्रदेश में विभिन्न नोड्स पर विक. सित हो रहे औद्योगिक पार्कों और लॉजिस्टिक्स हब को देखते हुए, सड़क संपर्क का यह विस्तार राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। इस योजना के तहत नगर पालिकाएं और नगर परिषदें, जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है, यदि अपने क्षेत्र में बाईपास या रिंग रोड की मांग प्रस्तुत करेंगी, तो उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा। हालांकि जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है।

# यूपी में बिजली कर्मियों का निजीकरण विरोधी आंदोलन निर्णायक मोड़ पर

**29 मई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों का आंदोलन अब निर्णायक और उग्र रूप लेता जा रहा है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेशव्यापी आह्वान करते हुए 29 मई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी है।

आंदोलन का प्रभाव व्यापक होने जा रहा है, क्योंकि इससे राज्य की ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा सकती है और करोड़ों उपभोक्ताओं को भीषण संकट का सामना करना पड़ सकता है। बिजली कर्मचारियों का कहना है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निग. मों के निजीकरण की साजिशें प्रदेश को पूंजीपतियों के हवाले करने की तैयारी हैं। इस प्रक्रिया से न केवल लाखों उपभोक्ता प्रभावित होंगे, बल्कि विभाग में कार्यरत लगभग सतहत्तर हजार कर्मचारियों का भविष्य भी अधर में पड़ जाएगा। निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने लखनऊ के शक्ति भवन से विरोध की शुरुआत की, जिसमें दस राज्यों से आए हजारों बिजली कर्मचारी शामिल हुए। इसके बाद पूरे प्रदेश में बाइक रैलियों, काली पट्टी बांधकर काम करने, क्रमिक अनशन और जनजागरण कार्यक्रमों की शृंखला चली, जो अब सीधी टकराव की स्थिति में पहुंच चुकी है। आंदोलन को अब किसान संगठनों का भी समर्थन मिलने लगा है, जिससे इसके और व्यापक हो जाने की संभावना है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आंदोलन को समर्थन देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपा गया, तो इसका सीधा असर गांवों के गरीब उपभोक्ताओं और किसानों पर पड़ेगा। उन्होंने चेताया कि किसान इस निजीकरण का विरा. ेध करेगा और जरूरत पड़ी तो बिजली कर्मियों के आंदोलन में खुद भागीदारी बढ़ाएगा। टिकैत का यह समर्थन आंदोलन को नया बल देने वाला है और यह संकेत है कि मामला अब केवल कर्मचारियों तक सीमित न रहकर जन-आंदोलन की ओर बढ़ रहा है। बिजलीकर्मियों ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं, कि ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में हितों का टकराव स्पष्ट है और प्रक्रिया में पारदर्शिता नदारद है। संघर्ष समिति ने यह भी दावा किया है कि सरकार की ओर से विभागीय भ्रष्टाचार, बिजली चोरी जैसे मुद्दों को बहाना बनाकर निजीकरण को जायज़ ठहराने की कोशिश की जा रही है। ऊर्जा मंत्री द्वारा कर्मचारियों पर दिए गए बयानों और चेतावनियों से भी आंदोलन और आक्रामक हो गया है। प्रदेश सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और वैकल्पिक बिजली व्यवस्था के लिए तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि वे किसी भी दबाव में नहीं आएंगे और जब तक निजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह रद्द नहीं की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते पदाधिकारी

# लोगों को दी फाइनेंस सम्बंधित जानकारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** खैराबाद में माइक्रो फाइनेंस एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश उपमा ने वित्तीय साक्षरता शि. विर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कई कंपनियों के प्रति. निधियों ने भाग लिया।

शिविर में करीब 200 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में अंकुर त्यागी ने सरकारी योजनाओं वित्तीय लेनदेन से संबंधित सावधानियों की जानकारी दी। ।ज्ड तथा आधार से पैसा निकालने के संबंध मे जानकारी दी। शिविर में लखनऊ से आई डॉ चारू रावत ने लोन भुगतान से संबंधित जानकारी दे कर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। उपमा के अध्यक्ष सुधीर सिन्हा ने सभी महिलाओं को लोन लेने व किश्त अदा करने से संबंधी जानकारी साझा की। साधन के अम्बरीष ने माइक्रोफाइनेंस से आय में बढ़ोतरी कैसे करे इस संबंध में जानकारी दी। महिलाओं ने कई जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम में राकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, संतोष तिवारी, विपिन श्रीवास्तव, प्रशांत, राहुल, अनुज श्रीवास्तव, इमरान अहमद, हरदीप सिंह, अरुण कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# सुरक्षा, सुविधा और विकास की चिंता करते हैं मोदी: अचिन

**बूथ संख्या 243 पर मौजूद रहे निवर्तमान जिलाध्यक्ष**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के साथ नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा की भी चिंता करते हैं। यही वजह है कि देश के हर क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है।

यह बात भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीता. पुर विधानसभा के सीतापुर नगर मंडल 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या 243 पर कहीं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुन रहे थे। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव की चिंता थी। वहां आजादी के बाद से अब तक बस नहीं पहुंची थी। लेकिन अब उस गांव में बस पहुंच रही है।

प्रधानमंत्री ने अपने उदबोधन उस गांव का नाम लिया। सुरक्षा की बात करें हो मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, 'आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'जिस सटीकता और सटीकता के साथ हमारी सेना ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया, वह असाधारण है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देशभक्ति की भावना से भर दिया है और इसे तिरंगे के रंग में रंग दिया है।

पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर्स, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर और कई अन्य शहरों में उस दौरान पैदा हुए बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मन की बात में हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं।' पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले केवल पांच वर्षों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। गुजरात ऐसा पहला राज्य बना, जहां बड़े पैमाने पर फॉरेस्ट आफिसर के पद पर महिलाओं की तैनाती की गई। आज हम जो नतीजे देख रहे हैं, उसमें इन सभी का योगदान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'नॉर्थ ईस्ट की बात ही कुछ और है, वहां का सामर्थ्य, वहां का टेलेंट वाकई अद्भुत है। मोदी जी ने सिक्किम के अलावा, उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी 65 वर्ष के जीवन जोशी के संघर्ष का जिक्र किया। उन्होंने ड्रोन दीदी का ज़िक्र भी किया। इस मौके पर उपस्थित बृजेश कुमार हरिओम वर्मा उत्तम पांडे दिनेश कुमार अंकुर तिवारी आशु राठौर सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

# 278 करोड़ से ग्राम पंचायतों को मिलेगा डिजिटल बल

**योगी सरकार की नई पहल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार अब ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त और जन सुविधाओं से समृद्ध बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत प्रदेश में 278 करोड़ रुपये की लागत से एक नई कार्ययोजना लागू की जा रही है।

इसके तहत पंचायतों में डिजिटल वर्कफोर्स तैयार की जाएगी और जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर तथा पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य पंचायत कर्मचारियों की डिजिटल क्षमता में वृद्धि करते हुए सेवा वितरण को प्रभावी बनाना है। नई कार्ययोजना के अंतर्गत राज्य, जनपद और खंड स्तर पर मानव संसाधन की तैनाती की जाएगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके। पंचायतों में कार्यरत कर्मियों को डिजिटल प्लेटफार्मों पर प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे तकनीकी दक्षता के साथ कार्य कर सकें। सरकार की यह पहल न केवल डिजिटल दक्षता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदे. ही और सुशासन को भी मजबूती देगी। साथ ही प्रदेश में चल रहे 'एआई प्रज्ञा' कार्यक्रम के तहत 10 लाख लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स व एप्लिकेशंस में दक्ष बनाने की योजना को भी पंचायत स्तर तक विस्तार दिया जाएगा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# किसानों को 2027 में बनानी होगी अपनी सरकार: वीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को कौराला गांव में स्थित एक कॉलेज में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिहं ने कहा कि, सन 1947 में देश तो आजाद हो गया, परन्तु किसान आज तक आजाद नहीं हुआ। सभी सरक. ारें किसानों का वोट तो लेती है, परन्तु सरकार बन जाने पर पूंजी पतियों की हो जाती है। किसान हर बार ठगा जाता है, किसान अब तक सपा बसपा,कांग्रेस, भाजपा सभी राजनैतिक पार्टियों की सरकारें देख चुका है, परन्तु हर सरकार में किसान का कर्ज बढ़ता चला जाता है। पार्टियों के पास किसानों और मजदूरों को जाति और धर्म में बाँटकर सत्ता में बैठना होता है। उन्होने कहा पिछले 30 वर्षो से स्वयं कोर्ट में किसानों की लड़ाई लड़कर किसानों को बचाने का काम करते आये हैं। एमएसपी गारन्टी कानून, गन्ना मूल्य भुगतान, विलम्बित भुगतान पर ब्याज आदि मामलों पर सरकारो की नीयत किसानों के प्रति ठीक नहीं है। उन्होने कहा अब समय आ गया है किसानों और मजदूरों को जाति धर्म भूलकर 2027 में अपनी स्वयं की सरकार बनानी होगी। बताया कि 31 अगस्त को जनपद अमरोहा में विशाल किसान मजदूर रैली का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुरादाबाद मण्डल के सभी जनपदो के किसान एकत्र होंगे। सम्मेलन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौ0उपेन्द्र सिंह, महासचिव कैलाश लांबा,वीरपाल सिंह, स०जगजीत सिंह, मुकुल कुमार त्यागी, जोरावर सिंह, विनोद कुमार बिट्टू, कुलदीप चौधरी, संजोर अली पाशा, अंकित चौधरी, लकी गौसल, नरेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश सिंह भीम सिंह,चमन सिंह, नरपत सिंह, डालचन्द सिंह,जोगेन्द्र आर्य, रमेश सिंह यादव, हरवीर सिंह, जयपाल सिंह, राजवीर सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।



**गजरौला।** कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते राकिमसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह

# कोतवाली से लेखपाल की बाइक चोरी

## घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** थाना समाधान दिवस में पहुंचे लेखपाल की डिडौली कोतवाली परिसर से बाइक गायब हो गई। चोर पुरानी बाइक छोड़ गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने लोगों को शिकायते सुनते हुए उनका निस्तारण कराया था। सदर तहसील में तैनात लेखपाल प्रशांत कुमार राजस्व विभाग की टीम के साथ डिडौली कोतवाली में पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक कोतवाली परिसर में ही महिला हेल्प डेस्क के पास खड़ी थी। अफसरों के निर्देश पर एक शिकायत का निस्तारण कराने के लिए वह साथी लेखपाल दिनेश कुमार की कार से पुलिस टीम के साथ गाड़ी में सवार होकर गांव चकसूरतपुर व सिरसा मनिहार गए थे। शाम पांच बजे जब लेखपाल प्रशांत कुमार जब वापस लौटे तो कोतवाली परिसर से उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाशने पर भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर दो संदिग्ध अपनी पुरानी बाइक छोडकर लेखपाल की नई बाइक ले जाते हुए दिखाई दिए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# भट्टे की चिमनी में छिपा तेंदुआ हुआ फरार

## पूरी रात पहरा देती रही वन विभाग की टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** भट्टे की चिमनी की भट्टी में छिपा तेंदुआ रात में किसी समय नजर बचते ही भाग निकला। पिंजरा लगाकर पहरा देने वाली वन विभाग की टीम का तेंदुए के बाहर निकलने का इंतजार रातभर पूरा नहीं हो सका। दिन निकलने पर टीम ने हिम्मत जुटाकर भट्टी की तलाशी ली लेकिन वहां तेंदुआ नहीं मिला। इसके बाद पिंजरा और जाल हटा लिया गया है। वहीं, वन अफसरों ने ग्रामीणों से फिलहाल पूरी सतर्कता बरतने की अपील की है।

गौरतलब है कि नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव दाऊद सराय निवासी किसान महावीर सिंह शनिवार सुबह करीब सवा छह बजे अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां एक तेंदुआ घूमते हुए देखा था जो बाद में खेत के पास ही बहुत साल से बंद पड़े एक ईंट भट्टे की चिमनी की भट्टी में जाकर छिप गया था। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई थी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने छानबीन करने के बाद चिमनी की भट्टी के तीनों रास्तों पर जाल लगाने के अलावा तेंदुए को पकड़ने के लिए वहां पिंजरा लगवा दिया था। वन अफसरों का कहना था कि तेंदुआ अब दिन में बाहर नहीं निकलेगा लिहाजा तेंदुए की तलाश में टीम रातभर पहरा देती रही लेकिन फिर तेंदुआ कहीं दिखाई नहीं दिया। रविवार को दिन निकलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम हिम्मत जुटाते हुए चिमनी के पास पहुंची और भट्टी के तीनों रास्तों से भीतर तक झांक कर देखा लेकिन तेंदुआ वहां नहीं था। वन दरोगा आरपी सिंह के मुताबिक रात में किसी वक्त तेंदुआ वहां से निकलकर जंगल की ओर चला गया होगा। डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि भट्टा परिसर से जाल और पिंजरा हटा लिया गया है। ग्रामीणों से सावधानी बरतने के किए कहा गया है। तेंदुआ अभी जंगल में आस-पास मौजूद हो सकता है।

# सड़क पर जलभराव, ई रिक्शा पलटी, चालक घायल

## मामूली बरसात ने खोली पालिका की पोल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बछरायूं।** 'नगर में मामूली बरसात में सड़कों पर लबालब पानी भर गया। सड़को पर पानी भरने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक और राहगीर गिरकर चोटिल भी हो गए। लोगो का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही हैं। कुछ लोग तो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर विकास कार्यो में गोलमाल का आरोप लगाते हुए कार्यो की उच्चस्तरीय जांच की मांग भी कर रहे हैं। बतादे की शनिवार की रात इलाके में मामूली बरसात ने मौसम को सुहाना बना दिया लेकिन दिन निकलते ही सड़को पर भरा गंदा पानी लोगो की परेशानी का सबब बना रहा। रविवार को सुबह अचानक एक ई रिक्शा सड़क पर जलभराव के कारण अनियंत्रित होकर पलट गयी। ई रिक्शा में सवार लोग चालक मामूली रूप से चोटिल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर लोग नगर में हुए विकास कार्यो की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी करने लगे लोगो का आरोप हैं कि घटना स्थल के आस-पास सड़क और नालों का निर्माण हाल ही में कराया गया है उसके बाद भी ये समस्या बनी हुई है

# दो बच्चों की मां को भगा ले गया युवक

## आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**रहरा।** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि अब से दस बर्ष पहले अपनी बहन की शादी अनूपशहर के रहने वाले एक युवक के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी लगभग 6 महीने पहले मेरी बहन और बहनोई में कुछ कहा सुनी हो गई थी जिसके बाद बहन मायके रहने आ गई थी और बीते 12 में को समय लगभग 12:00 बजे एक युवक मेरी बहन को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर बहन सहित उसके दोनों बच्चों को अपने साथ ले गया काफी तलाश करने के बाद कोई सुराग हाथ नहीं लगा जिसके बाद पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राकेश पुत्र सोहनलाल मोहल्ला गढी अनूपशहर जनपद बुलंदशहर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मंडी समिति का दूसरा गेट खुलवाने की मांग

## भाकियू ने पंचायत कर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक पंचायत नवीन मंडी स्थल प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पतराम सिंह तथा संच. ालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह द्वारा किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हसनपुर क्षेत्र के किसानों को मात्र 24 घंटे ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिससे किसानों की फसले सूखने की कगार पर हैं।जल्द समस्या का समाधान किया जाये। गांव नूरपुर खुर्द में पिछले एक सप्ताह से विद्युत लाइन कटी पड़ी है। जिससे अधिकांश लोगों की बिजली बंद पड़ी है। झकड़ी फीडर तालाब के पास विद्युत पोल एवं तार टूटे हुए हैं इन्हें शीघ्र जोड़ा जाये। हसनपुर में मंडी का गेट नंबर 2 को बंद कर दिया जाता है जिससे क्षेत्र के किसानों को असुविधा होती है इस गेट को खोलकर रखा जाये। झकड़ी भदौरा मार्ग पर बिल्कुल क्षतिग्रस्त है इसे नया बनवाया जाये। मध्य गंगा नहर में शीघ्र पानी छोड़ा जाये। बैंकों द्वारा किसानों के केसीसी पर अभी तक छूट नहीं मिली है। पंचायत में विद्युत अधिकारियों का घेराव भी किया गया। बैठक में महेश पहलवान,महावीर सिंह,संजीव बालियान,महेश ठाकुर, चंचल सिंह, हुकम सिंह, आनंदपाल सिंह,हरिओम सिंह,सीता आर्य,नीलम, चंदा आदि मौजूद रहे।

## दो बाईक सवार युवक घायल उपचार के दौरान एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** रटौल-ढिकोली मार्ग पर नाले के समीप अनियंत्रित होकर बाईक फिसलने से दो युवक घायल हो गये जिन्हें दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत गम्भीर बनी हुई है।

रटौल निवासी 35 वर्षीय शाहनवाज पुत्र आसू व 55 वर्षीय शाहिद पुत्र करमू किसी कार्य से खेकड़ा बाईक द्वारा गये थे जब वह वापस ढिकोली रटौल मार्ग से आ रहे थे तो वह गंदे नाले के समीप पहुंचे जहां उनकी बाईक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे दोनों युवक घायल हो गये। राहगीरों ने देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी। मौकें पर पहुंचे परिजन उन्हें रटौल चिकित्सक के यहा लेकर पहुंचे जहां से उन्हें दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान शाहनवाज की मौत हो गयी। मौत का पता चलते ही परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। वही कस्बें के लोग शव लेने के लिए अस्पताल के लिए रवाना हो गये जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा जायेगा मौत के बाद कस्बें मे मातम का माहौल है।

## नोडल अधिकारी ने निर्माणाधीन पुलिस लाइन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जिले के नोडल अधिकारी व लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव शेषनाथ ने अपने दो दिवसीय जनपद दौरे के दूसरे दिन रविवार को जोया मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिस लाइन के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की और निर्माणाधीन पुलिस लाइन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को परखा तथा संबंधित को जरुरी दिशा-निर्देश दिए। कहा, गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय सीमा के भीतर पुलिस लाइन का निर्माण पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण भी किया। सीओ लाइन अभिषेक कुमार यादव, प्रति. सार निरीक्षक घनश्याम सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे

# प्रधान के हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर पर घोषित होगा 50 हजार का इनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** सिरसली गांव के प्रधान धर्मेंद्र तोमर उर्फ धर्मा में फरार हिस्ट्रीशीटर आयुष पर जल्द ही पचास हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया जाएगा। इसमें एसपी सूरज कुमार राय ने पचास हजार रुपये के इनामी की संस्तुति कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। उधर पुलिस ने हरिद्वार समेत कई जगहों पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी की तलाश में दबिश दी, लेकिन हाथ नहीं आए।

सिरसली गांव में पांच दिन पहले चुनाव लड़ने से रोकने के लिए प्रधान धर्मेंद्र तोमर उर्फ धर्मा की हिस्ट्रीशीटर आयुष ने अपने साथी के साथ मिलकर पिस्टल से छह गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इसमें गोली लगने से सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे विनीत भी घायल हो गया था। इसमें मृतक प्रधान के भाई गजेंद्र ने हिस्ट्रीशीटर आयुष, उसके भाई अर्जुन, दादा निर्भय सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने फरार हत्यारोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर आरोपी निर्भय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद हत्यारोपियों को शरण देने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि फरार हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी की तलाश में दबिश दी जा रही है। आयुष पर पचास हजार रुपये इनाम की संस्तुति कर रिपोर्ट भेज दी गई है। उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद इनाम की घोषणा की जाएगी।

# विधायक ने किया राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल का गजरौला आगमन पर क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रति. निधियों ने गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। रविवार को

■ **कार्यकर्ताओं से संवाद करके किया मार्गदर्शन**




सुनील बंसल गजरौला के एमडीए कॉलोनी स्थित विधायक राजीव तरारा के जनसहयोग कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और संगठनात्मक दिशा में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने विधायक राजीव तरारा के जनसहयोग कार्यालय पर उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा जनसहयोग के प्रति तत्परता की सराहना की। कार्यकर्ताओं के स्वागत से वे अभिभूत हो गए। इस मौके पर सुरेंद्र औलख, सतपाल सिंह, पवन चौधरी, महाकाल प्रधान, शुभम शर्मा, डॉ.सोरन सिंह, अखिल जैन, मनजीत सिंह, निहार त्यागी, सुशील सिद्धू, चंद्रपाल सिंह, सतवीर सिंह , हैप्पी बंसल, जितेंद्र सिंह, सुशील मौर्य, सुरेंद्र सैनी, हरेंद्र सिंह, सूरजपाल, अमन अग्रवाल, वैभव गोयल मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरी के मोबाइलों के साथ युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिसने बिहार निवासी एक युवक को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी किए तीन मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनन्द के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गजरौला

■ **चोरी के तीन मोबाइल उसके कब्जे से बरामद**



थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिवपुरी मालगोदाम के पास से आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान अंकुश कुमार (21) के रूप में हुई है। वह बिहार के पूर्णिया जिले के बनमनकी थाना क्षेत्र के हरमुढी गांव का रहने वाला है। उसके कब्जे से इनफिनिक्स, रियलमी और रेडमी स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। सभी फोन गहरे नीले रंग के हैं। गिरफ्तारी में उप-निरीक्षक अतवीर सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र और कांस्टेबल सन्नी व सुमित की टीम शामिल थी। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। गजरौला थाने में इससे पहले आरोपी का कोई मामला दर्ज नहीं है।

# आर्य समाज कर रहा है संस्कृति की रक्षा का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर के शुक्लपुरी स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह व वयोवृद्ध अमर सिंह आर्य का फूल मालाएं पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत

■ **मासिक बैठक में पूर्व विधायक को किया सम्मानित**




किया गया। संयोजक हेतराम सागर ने कहा कि वेद हमारी सनातन संस्कृति है। हमें अपने बच्चों को वैदिक संस्कृति की जानकारी देनी चाहिए। कहा कि यज्ञ संसार का सबसे श्रेष्ठ कर्म है। हमारे सभी संस्कार जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी यज्ञ के माध्यम से होते हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वार्मिंग है। जिसका एकमात्र उपाय यज्ञ करना तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने आर्य सभा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कहा कि आर्य समाज के द्वारा निरंतर देश सेवा, संस्कृति की रक्षा तथा जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। आर्य समाज महर्षि दयानंद के विचारों को आगे बढ़ाते हुए संस्कार और शिक्षा के प्रचार प्रसार का पुनीत कार्य कर रहा है, जिसके लिये आर्य समाज के पदाधिकारी व कार्य प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि उनके जीवन-मूल्यों और विचारों को आत्मसात करने से शारीरिक, मान. सिक एवं सामाजिक उन्नति का संकल्प पूरा होगा। सभा के द्वारा अतिथियों को 'सत्यार्थ प्रकाश' भेंट की गई। इस मौके पर धर्मवीर सिंह, ठाकुर सिंह, विनय सिंह, आशा आर्य, ओमपाल सिंह, डॉ.जगत सिंह, नत्थू सिंह, राजवीर सिंह, वीर सिंह, जयचंद सिंह, दुष्यंत सिंह, भीष्म आर्य, प्रदीप चाहल, मधुसूदन शर्मा, नन्हें सिंह आर्य, अमित कुमार, शीलचंद, सुरेन्द्र आर्य, राजन, नितिन आदि मौजूद रेह।

# आंधी से आम की फसल हुई तबाह

## रूक-रूककर आ रही आंधी से कारोबारी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** क्षेत्र में आम के कारोबारियों को इस साल दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। पहले से ही कमजोर फसल के बाद बीती रात आई भीषण आंधी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

हसनपुर जो अपने आमों के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। इस बार फसल पहले से ही कम थी। यहां से बम्बई, लंगड़ा, दसेरी, चौसा, फजरी, हुसैन आरा, सबर बहीश और खासुल खास जैसी प्रसिद्ध किस्में देश-विदेश भेजी जाती हैं। न्यादर मनौटा और अनवर रहटोर यहां की विशेष किस्में हैं। हजारों परिवारों की आजीविका आम के इस कारोबार पर निर्भर है। छोटे व्यापारी उधार लेकर यह कारोबार करते हैं। तीन दिन पहले आई आंधी से जहां आम की फसल को भीषण नुकसान हुआ था। लोग उसे भूल भी नहीं पाये थे की रात एक बार फिर आंधी ने आम की फसल पर कहर बरसा दिया। रात की आंधी में पेड़ों से टूटकर गिरे आमों ने इन कारोबा.



रियों की चिंता बढ़ा दी है। अब उनके सामने कर्ज चुकाने की समस्या खड़ी हो गई है। आम कारोबारी उबेद खान ने बताया कि मेहनत से पैसा जुटाकर बाग खरीदा था। उम्मीद के मुताबिक फसल नहीं आई और अब प्राकृतिक आपदा से भी नुकसान हुआ है। इस दोहरी मार से छोटे कारोबारी परेशान हैं

# चोरों ने दो घरों से उड़ाया 17 लाख का माल

## 15 तौले सोने के जेवर भी ले गए चोर, घटना के खुलासे को पांच टीमें गठित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** चोरों ने दो घरों से 15 तौले सोने तथा एक लाख पन्द्रह हजार की नकदी समेत 17 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना के खुलासे को पांच टीमें लगाई गई है। चोरी की वारदात से लोगों में दहशत है।

जानकारी के अनुसार नगर के माहौल्ला ककरूआ वार्ड नं 9 में चोरों ने जिलेराम के घर को निशाना बनाया। इनका घर गांव के बाहरी छोर पर बना है। दीवार फांदकर चोर घर के अंदर दाखिल हो गये। परिवार के लोग आंगन में सो रहे थे। जिलेराम के चाचा रामपाल और भतीजे अंकित के कमरों में ताले नहीं लगे थे। चोरों ने बेखौफ घटना को अंजाम देते दोनों कमरों में रखी सैफ को तोड़कर करीब दस तोले सोने के जेवर, एक किलो चांदी तथा 15 हजार की नकदी चोरी कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह होने पर उस समय हुई जब वह सोकर उठे। कमरे में जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारी ने रखी ज्वैलरी व नकदी गायब थी। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी एकत्र की। इस घटना स्थल से करीब 300 मीटर दूरी पर शिव कुमार पुत्र शिवचरन का मकान है। इस दुमंजिला मकान में दो कमरे बने है। शिव कुमार का बेटा गौरव भाटी ऊपर छत पर सोया था। दूसरे मकान के सहारे बदमाश घर में दाखिल हो गये। उन्होंने कमरे के दरवाजे का लॉक काटकर अलमारी के लॉकर तोड़ पांच तौले सोने के जेवर, सात तौले चांदी तथा एक लाख रूपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि उसी कमरे में लाइसेंसी बंदूक व कातूस भी



रखे थे। घटना की जानकारी सुबह होने पर लगी। चोरी की जानकारी होते ही परिवार वालों के होश उड़ गये। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उधर चोरी की इन घटनाओं से ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि पुलिस दिखावे के लिये गश्त करती है। चोर अपने काम को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते है। सीओ पंत कुमार ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जल्द घटना का खुला. सा कर दिया जायेगा। इसके लिये पांच टीमों का गठन कर दिया गया है।

# खेत में जला हुआ मिला युवक का शव

## पुलिस ने शव का पीएम कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** खेत में व्यक्ति का शव जली की हालत में मिला है। मृतक काफी समय से परेशान चल रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है जबकि परि. जनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में गांव बंबूगढ़ के जंगल का है। रविवार शाम संभल चौराहे से गुजर रहे लोगों के कदम सड़क किनारे खेत में एक व्यक्ति का जला हुआ शव एकाएक ही ठहर गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान धर्मपाल सिंह हाल निवासी गांव पंडकी तथा मूल निवासी गांव महेशरा थाना रजबपुर की शक्ल में हुई। जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर आ गए, शव बुरी तरह जला हुआ था। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि धर्मपाल सिंह काफी समय पहले पंडकी में आकर रहने लगा था। परिवार में चार बेटे हैं। शनिवार को वह बिना कुछ बताए घर से निकला था। परि. जनों से पूछताछ में सामने आया है कि मृतक काफी समय से परेशान चल रहा था। परिजनों की ओर से किसी पर भी कोई आरोप नहीं लगाया गया है। खेत में मिले शव के पास एक खाली बोतल भी मिली है, जिसमें शायद तेल लाया गया होगा। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ मामले की जांच की जा रही है। वहीं, शव मिलने की सूचना मिलते ही एएसपी अखिलेश भदौरिया भी घटना स्थल पहुंच गए थे। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए।

# लाइनमैन ने चालू कर दी बिजली टॉवर कर्मी झुलसा

## गंभीर हालत में निजी चिकित्सक के भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** शट डाउन लेकर टॉवर की लाइन सही करने में लगा कर्मी करंट लगने से झुलस गया। जिससे गंभीर हालत में निजी चकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी विजेन्द्र सिंह पुत्र हर प्रसाद गांव में लगे मोबाइल टॉवर पर कार्यरत है। टॉपर की लाइन में खराबी आ गई थी। रविवार की दोपहर करीब तीन बजे वह बिजली घर पर तैनात एसएचओ से शट डाउन लेकर टॉवर की लाइन सही करने में लगे थे। इस बीच दूसरे लाइनमैन ने बिजली घर से पथरा गांव की सप्लाई चालू कर दी। जिससे टॉवर कर्मी विजेन्द्र को करंट का जोर का झटका लगा तथा वह बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में बिजली घर फोन कर सप्लाई बंद कराई गई। परिजनों ने झुलसे लाइनमैन को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उधर हादसे के बाद परिजन भी सदमे में है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा रही।

# बेटे को बरामद करने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** परिजनों से नाराज होकर युवक घर छोड़कर चला गया। पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर उसे तलाश करने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार डिडौली कस्बा निवासी सतवीर सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 19 मई को उसका बेटा सौरभ अचानक घर से लापता हो गया। रिश्तेदारों व परिचितों के यहां भी जानकारी की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित परिवार किसी अनहोनी की आशंका से डरा है। पिता ने बेटे को बरामद करने के लिये पुलिस ने मद्द की गुहार लगाई है।

# बंटवारे के विवाद में किसान के परिवार को पीटा

## सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बंटवारे को लेकर विवाद में किसान समेत परिवार के लोगों को खेत पर दौड़ाकर पीट घायल कर दिया। मामले में सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव देहरी खुर्रम में बीती 16 मई की सुबह 6 बजे की है। यहां रहने वाले कृष्ण कुंवरपाल सिंह का गांव निवासी सतपाल से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। घटना वाले दिन कुंवरपाल परिवार के लोगों के साथ काम कर रहे थे। आरोप है कि सतपाल ने अपने भाई करन सिंह व मंगू सिंह के अलावा जयपाल, नरेश, निपेंद्र व गुड्डू को साथ लेकर हमला बोल दिया। आरोपियों ने कुंवरपाल की बेरहमी से पिटाई की तथा बचाव में आए परिवार के अन्य लोगों को भी पीटकर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग जमा होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# कॉलेज को अलंकार योजना का मिलेगा लाभ

**अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि तुर्की इंटर कालेज को अलंकार योजना में शामिल होने से छात्रों व शिक्षिकों को काफी लाभ मिलेगा। मौहल्ला दानिशमंदान स्थित कैम्प कार्यालय पर सदर विधायक महबूब अली जनता की समस्याएं सुन रहे थे। तुर्की इंटर कालेज पलौला के प्रधानाचार्य अहसान अहमद ने उन्हें छात्राओं के लिये मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बैंच, प्रकाश, सौन्दर्याकरण आदि की मांग की। जिस पर सदर विधायक ने स्कूल के प्रोजेक्ट अलंकार योजना में शामिल करने के लिये पत्र लिखा। श्री अली ने कहा कि इस योजना में शामिल होने से छात्र-छात्राओं व शिक्षिकों को काफी सुविधा होगा।

# बसपा नेता के बंद मकान में चोरी का प्रयास

## परिवार के पहुंचने पर बैग छोड़कर भागे चोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बेखौफ चोरों ने शनिवार रात बसपा नेता के बंद घर में चोरी का प्रयास किया लेकिन परिवार अचानक घर पहुंच गया। पकड़े जाने के हालात भांप चोर अपने बैग के साथ ही चोरी किया गया सामान छोड़ कर दूसरे रास्ते से भाग निकले। सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। चोरों के बैग से चाकू, कारतूस और जेवरात मिले हैं। पुलिस चोरों की सुरागकशी में लगी है।

घटना थाना नौगावां सादात से करीब 200 कदम की दूरी की है। यहां बसपा नेता नूर अब्बास राना का घर है। बताया जा रहा है कि शनिवार को बसपा नेता व परिवार के सभी लोग बिजनौर जिले में नजीबाबाद स्थित दरगाह-ए-आलिया नजफ हिन्द में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। परिवार की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर रात में करीब 12 बजे चोर घर में दाखिल हो गए। कमरों को खंगालते हुए सामान समेटना शुरू कर दिया इसी बीच अचानक परिवार भी घर लौट आया। दरवाजा खुलने की आहट पाकर चोर हड़बड़ा गए और पकड़े जाने के डर में सामान छोड़ घर से सटे पार्किंग वाले गेट से बाहर निकलकर भाग गए। बसपा नेता जब घर के भीतर पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। अलमारियां खुली पड़ी थीं, सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। तलाशी के बीच पुलिस को मौके से एक बैग मिला जो चोर छोड़ गए थे। जिसमें चाकू के अलावा चोरी की घटना अंजाम देने में इस्तेमाल होने वाले औजार और जेवरात रखे थे। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि चोर गृहस्वामी की जान पहचान के हैं जो घर के रास्तों से वाकिफ थे। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# दीपशिखा व कृष्णा को किया सम्मानित

## इंटर व हाईस्कूल में किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ द्वारा हाईस्कूल व इंटर में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

बोर्ड परीक्षा इंटर में दीप शिखा ने ओवर आल टॉप किया। जबकि हाईस्कूल में कृष्णा सागर टॉपर रहे। आज दोनों प्रतिभावान विद्यार्थियों को अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ द्वारा स्मृति चिन्ह, बाबा साहेब के जीवन से संबंधित पुस्तिका व नीला पटका पहनाकर सम्मानित किया। अध्यापक पाविंदर सिंह ने कहा कि सफलता की कुंजी शिक्षा में ही निहित है। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिये। कठिन परिश्रम से कोई भी मंजिल आसानी से हासिल की जा सकती है। परिजनों को चाहिये कि वह अपने बच्चों को मन पसंद सबजेक्ट जुनने में सहयोग दें। घर में भी उन्हें पढ़ाई का मौहाल प्रदान किया जाये। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष रवि कुमार, दीपक



कुमार, राकेश कुमार, सतीश कुमार, शिव कुमार, सिमरन सिंह, हरि सिंह, अनिल डीलर, विनोद, डा. सचिन, नितिन, चरन सिंह मौजूद रहे।

# नौतपा के पहले दिन रिमझिम पड़ी फुहारें, गर्मी से राहत

## सांय के समय भी छाए थे बादल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सुबह के समय हुई हल्की वर्षा ने गर्मी से कुछ समय के लिये राहत दिलाई। लोगों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। वह घरों से बाहर निकल आये तथा ठंडी हवा का आनंद लिया।

रविवार की सुबह के समय अचानक आसमान में काली घटनाएं छा गई। पौने पांच बजे आसमान से बूंदाबांदी शुरू को गई। काफी देर तक रिमझिम वर्षा होती रही। इसके साथ चल रही ठंडी हवा ने लोगों को गर्मी से काफी राहत दिलाई। वह घरों से बाहर निकल आये तथा ठंडी हवा का आंनद लिया। पिछले कई दिन से सूर्य देवता आग उगल रहे थे। लोगों का गर्मी में बुरा हाल था। वह इससे बचने के लिये घरों में कैद होने को मजबूर थे। क्योकि दोपहर के समय चलने वाली लू के कारण शरीर में बीमारियां पैदा हो रही थी। परन्तु रविवार की सुबह जनता के लिये राहत भरी रही। सुबह के समय हुई हल्की वर्षा ने कुछ देर के लिये मौसम में ठंड का अहसास करा दिया। 25 मई से नौतपा भी शुरू हो गया है। इस दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी से हर कोई परेशान हो जाता है। कहीं भी राहत नहीं मिलती।

# पुलिस ने सपा नेता सलीम को किया गिरफ्तार

## कार्यक्रम में लोगों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस ने सपा नेता को स्वागत समारोह के दौरान पकड़ पकड़ लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी युवक इकबाल ने बीती 20 मई को बीच सड़क कीटनाशक का सेवन करते हुए जान देने की कोशिश की थी। मजबूर होकर खतरनाक कदम उठाने के पीछे उसकी पत्नी से जुड़ा विवाद सामने आया था। दरअसल, इकबाल ने तीन महीने पहले ही मोहल्ला सराय कोहना में रहने वाली सबीना के साथ शादी की थी जो पहले से शादीशुदा थी। इसी मामले में भाजपा का सभासद दानिश, सपा नेता सलीम अहमद, शिक्षक जहांगीर के अलावा उसकी पत्नी का पहला पति सिकंदर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। पत्नी को तलाक देने के साथ ही आरोपियों द्वारा उस पर एक लाख रुपये देने का दबाव बनाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने इकबाल के भाई की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया था। वहीं, इस मामले में नया मोड़ तब आया था जब आरा. ेपी सपा नेता सलीम इकबाल की पत्नी को लेकर सीधे कोतवाली पहुंच गया था और अपनी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए उसने अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष हाजी मुजफ्फर और इकबाल के खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया था। चर्चाओं में बने मामले में पुलिस तभी से ही आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि सपा नेता सलीम मोहल्ला कुरैशी में एक कमेटी पदाधिकारियों का स्वागत समारोह कर रहा है। जिसमें सपा के एक कद्दावर नेता को भी बुलाया गया है। जिसकी भनक लगते ही पुलिस ने अपना जाल बिछा दिया और कार्यक्रम में पहुंचकर वहीं से आरोपी सपा नेता सलीम को दबोच लिया। अचानक पुलिस की इस कार्रवाई से कार्यक्रम में मौजूद लोग भी अचंभित रह गए। वहीं, सपा नेता की गिरफ्तारी को लेकर कुछ लोगों ने कार्यक्रम का विरोध करते हुए बैनर और होर्डिंग फाड़ते हुए जमकर हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने आरा. ेपी सलीम का चालान कर अदालत में पेश करने की बात कही।

# दिव्यांगजनों के कल्याण में सहयोग करने वाले सम्मानित

## राष्ट्रीय दिव्यांग अनमोल सेवा संगठन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रविवार को गांव चुचौला कला में राष्ट्रीय दिव्यांग अनमोल सेवा संगठन का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण में योगदान देने वाले समाजसेवियों और विशिष्ट दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान पति इकराम चौधरी ने किया उन्होंने कहा समाज में बदलाव लाने के लिए ऐसे संगठनों की अहम भूमिका होती है। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड0 वसीम व राष्ट्रीय



महासचिव शाहनवाज चौधरी ने संगठन को उचाईयों पर ले जाने के लिए संगठन का विस्तार करते हुए आदिल सलमानी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शमीम सलमानी को राष्ट्रीय सदस्य सचिव, इसराईल अहमद राष्ट्रीय संगठन सचिव, मौ0 अहमद (नाजिम) को राष्ट्रीय सलाहकार, भोपाल चौधरी जिला अध्यक्ष, शीबा परवीन जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, अंजली तहसील अध्यक्ष महिला मोर्चा, दीपांकर सिंह को तहसील अध्यक्ष धनौरा, तहसील अध्यक्ष नौगावां मौ0 अली, ब्लॉक अध्यक्ष जोया नफीस सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष धनौरा फिरोज मलिक, ग्राम अध्यक्ष पपसरा खादर वसीम कुरेशी को ग्राम अध्यक्ष, चुचौला कलां कमालुद्दीन सैफी ग्राम अध्यक्ष ढयोटी, मेहताब ग्राम अध्यक्ष सैदपुर इम्मा रहीस अहमद को नियुक्त किया गया इस मौके पर चौधरी दिनेश राज, कपिल कुमार, ताहिर, शमीम, प्रिंस कुमार, पिंकी रानी, असलम, लोकेन्द्र सिंह, आसिफ सलमानी, वसीम वारसी, आसिफ, शाबु, जिंकल चौधरी, तालिब हुसैन, नौशाद अली, आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने तीन लाख की नकदी व गहने किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए यहाँ से तीन लाख कैश व दो लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर

■ **थाना क्षेत्र के गांव मोहरकापट्टी में हुई घटना**

लिए। गृहस्वामी ने घटना की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग की है। गांव में कांशीराम का परिवार रहता है। शनिवार की देर रात घर के कुछ सदस्य अपने मकान की छत पर सोये हुए थे तो



कुछ सदस्य नीचे कमरों में सोये हुए थे। रात के समय किसी समय दबे पांव घुसे चोरों ने आलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे तीन लाख रूपये कैश और दो लाख रूपये के सोने व चंडी से निर्मित आभूषण चोरी कर लिए। सुबह के समय जब कांशीराम का पुत्र रूप किशोर की आंख खुली तो घटना का पता चला। जिसके बाद उसने 112 डायल पर घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुआयना किया। रूपकिशोर के मुताबिक घटना में पांच लाख का नुकसान है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी और घटना में शामिल चोरों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## एक नजर

### भाकियू अनंत के हाशमी बने जिला महासचिव



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डा. सिराजुद्दीन हाशमी को भाकियू अनंत का जिला संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। भाकियू यूनियन अनंत की बैठक जिला प्रभारी इसरार अहमद एड. के कैम्प कार्यालय पर हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। हाशमी एजुक. ेशनल ग्रुप के चेयरमैन डा. सिराजुद्दीन हाशमी को संगठन का जिला महासचिव बनाया गया। उनके आवास पर जाकर मनोनयन पत्र भी सौंपा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शकील अंसारी, आदिल अब्बासी, गुफरान सिद्दीकी, मौहम्मद मुदस्सिर, मलिक, सालार, राजा खान आदि मौजूद रहे।

### 400 ग्राम चरस के साथ हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शहर कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर जीशान को 400 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पिछले महीने भी मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। जेल से छूटकर आने के बाद वह दोबारा शहर में चरस की पुड़िए बेच रहा था।प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि शहर के मोहल्ला शाही चबूतरा का रहने वाला जीशान हिस्ट्रीशीटर है। अमरोहा के अलावा दिल्ली के थानों में भी उसका अपराधिक रिकार्ड है। जीशान बीते कई महीने से शहर में रहते हुए मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा था। पिछले महीने भी उसे चरस के साथ गिरफ्तार कर चालान किया था लेकिन जेल से छूटकर आने के बाद वह फिर से चरस की बिक्री कर रहा था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर दरोगा संदीप कुमार ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर जीशान को मोहल्ला कुरैशी में परियों वाली दरगाह के पास से दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 400 ग्राम चरस मिली। मामले में आरोपी जीशान का एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया, रिमांड स्वीकार होने पर उसे अदालत से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर बोला हमला

**हमलावरों पर मारपीट कर फायरिंग करने का आरोप**

**घटना में दो लोग हुए घायल**



**उघैती।** शनिवार को बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। मारपीट करने के साथ फायरिंग करने का भी आरोप पीड़ित पक्ष ने लगाया है। घटना में दो लोग घायल हुए हैं, जिनको पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। शनिवार को गांव रघुनाथपुर निवासी रोहन अपने मोहल्ले के चंद्रकेश के साथ उघैती बाइक से आ रहा था। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ, वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह समझा बूझकर सभी को घर भेज दिया। रोहन का आरोप है, रविवार की सुबह दूसरे पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने उनको घेर लिया। मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे कमलेश पत्नी नरेश एवं तहरे भाई नेम सिंह के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। तीन फायर भी आरो. पियों द्वारा उसके परिवार पर झोंके गए, जिसमें चारे लगने से कमलेश एवं नेम सिंह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर मौके से फरारहो गए। पुलिस ने दोनों भाइयों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा ने बताया, जांच की जा रही है। फायरिंग जैसी सूचना नहीं है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# वजीरगंज में एक ही घर से एक साथ उठी पति-पत्नी की अर्थी, परिजनों में मचा कोहराम



पति-पत्नी की फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** नगर वजीरगंज में व्यापारी गिरीश वार्ष्णेय पुत्र स्वर्गीय मास्टर शिवचरण लाल एवं उनकी धर्मपत्नी राम वाला वार्ष्णेय दोनों की 10 मिनट के अंतर से निधन होने से नगर में शोक की लहर फैल गई सैकड़ो लोग व महिलाएं खबर को सुनकर उन्हें देखने के लिए घर की तरफ दौड़ पड़े पारिवारिजनों में मचा हाहाकार। आज दोपहर लगभग 12:00 के आसपास राम वाला वार्ष्णेय को नहाते समय दिल का दौरा पड़ा पारिवारिक जन राम वाला वार्ष्णेय को अस्पताल लेकर दौड़े गिरीश वार्ष्णेय को खबर मिलते ही वह भी पीछे पीछे अस्पताल पहुंचे इसी बीच रामबाला की मौत हो चुकी थी इसे देखकर गिरीश वार्ष्णेय को दिल का दौरा पड़ा और देखते-देखते दोनों का निधन हो गया संतुष्टि के लिए परिवारजन दोनों को मेडिकल कॉलेज बदायूं ले गए जहां डॉक्टरों द्वारा पति पत्नी की मौत की पुष्टि की गई। नगर वजीरगंज में पति-पत्नी दोनों की एक साथ हुई निधन की खबर मिलते ही लोगों की भीड़ मृतक के घर पर पहुंचने लगी। चर्चा है इस प्रकार की मौत वजीरगंज में पहली बार हुई है जहां एक ही घर से पति-पत्नी की दो अर्थी साथ साथ उठी है।

# बिसौली से दबतोरी के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

**विधायक आशुतोष मौर्या व एआरएम ने हरी झंडी दिखाकर किया बस को रवाना**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आपको जानकर हर्ष होगा कि पिछले काफी समय से बिसौली से दबतोरी के लिए रोडवेज बस सेवा चलाने की मांग की जा रही थी जिसको लगातार परिवहन विभाग के लिए मांग पत्र लिखकर मांग की गई इसी दौरान बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या ने संज्ञान लेते हुए बिसौली विधानसभा क्षेत्र की आम जनमानस की समस्या को देखते हुए बिसौली से दबतोरी के लिए रोडवेज बस सेवा चालू कराई जिसका आज रविवार को एडवोकेट निर्मल कठेरिया द्वारा रोडवेज बस का पूजन कर दबतोरी मोड़ से प्रारंभ किया तथा बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या व एआरएम अजय कुमार सिंह द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा बिसौली से दबतोरी तक यात्रा भी की वहीं एआरएम अजय कुमार सिंह ने बताया कि रोडवेज बस प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे बिसौली दबतोरी मोड़ से चलकर दबतोरी आसफपुर, ढकिया शाहबाद होते हुए रामपुर पहुंचेगी।

वहीं 11:30 रामपुर से चलकर इन्हीं रास्तों से होते हुए 2:20 पर बिसौली आएगी रोडवेज बस सेवा शुरू होने से आम जनमानस में खुशी की लहर देखी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रशास. निक अधिकारियों और आम जनता की उपस्थिति में इस सेवा का शुभारंभ समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राजीव सक्सेना. हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप स्टार्स व महिला समृद्धि द्वारा विशाल चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स एवं जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धि के तत्वाधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर नगर के अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया।

शिविर का उदघाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ पंकज शर्मा, जायंट्स ग्रुप की स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, फेडरेशन 5 के प्रेसिडेंट डॉ. उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनु रस्तोगी ने फीता काटकर किया। शिविर में विधायक आशुतोष मौर्या भी उपस्थित हुए। उन्होंने जायंट्स ग्रुप के कार्यों की सराहना करते हुए सफल कैंप की बधाई दी। शिविर में नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप वार्ष्णेय, पेट एवं एनोरेक्टल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनदीप वार्ष्णेय, स्त्री एवं चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. अना. मिका वार्ष्णेय, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि वार्ष्णेय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जया भारती, नेत्र रोग विशेषज्ञ समीर खान ने मरीजों की जांच की। शिविर में 894 मरीजों की जांचकर नि:शुल्क दवा दी गई। इस अवसर पर एजिलस लैब द्वारा मरीजों के रक्त के नमूने लेकर जांच की गई। इस अवसर पर जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा शरबत वितरण भी किया गया।

शिविर में जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स के अध्यक्ष साहू सावेंद्र, यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, सचिव हर्ष रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शिविन अग्रवाल, महिला समृद्धि की अध्यक्ष अंजली अग्रवाल, सचिव आंचल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रितु साहनी, प्रवीन अग्रवाल, नितिन गुप्ता, निशांत गोयल, राजू साहनी, जितेन्द्र गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, विकास गुप्ता, डॉ गुंजन वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, मुकेश यादव, अमित बाबू, रवींद्र मोहन अग्रवाल, अनमोल गर्ग, विवेक अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मोहित गुप्ता तथा सरिता वार्ष्णेय, रूबी अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, रुचि वार्ष्णेय, रोचन अग्रवाल, रोजी अग्रवाल, कंचन सक्सेना, प्रीति वार्ष्णेय, राधिका अग्रवाल, राखी वार्ष्णेय, पिंकी वार्ष्णेय, स्मिता यादव, ममता यादव, रेनू अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# 27 में अति पिछड़ों को साथ लेकर अपनी सरकार बनाएंगे : अरविंद ठाकुर

**23 जून होने वाले कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अरविंद ठाकुर ने जिला एवं विधान सभा कमेटी को सौंपी जिम्मेदारियां।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जन सेवा दल के बैनर तले कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार बदायूं में किया गया।मंच का संचालन योगेश श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जन सेवा दल के बरेली मंडल के अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि रहे प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ठाकुर का जोरदार स्वागत किया एवं विशिष्ट अतिथि रहे प्रदेश प्रभारी भोलाराम सविता का स्वागत जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में बिसौली विधानसभा, बिल्सी विधानसभा ,शेखूपुर विधानसभा ,सहसवान विधानसभा, दातागंज विधानसभा एवं सदर विधानसभा के सभी विधानसभा अध्यक्षों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में आए पूरे जनपद से सविता समाज के लोगों ने जन सेवा दल को मजबूत करने की शपथ ली। प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में समीक्षा की और संगठन को मजबूत करने एवं पार्टी के विस्तार करने के सुझाव एवं निर्देश दिए। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रहे योगेश श्रीवास्तव का पदोन्नति कर उन्हें बरेली मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया साथ ही रोशन लाल उर्फ पप्पू भैया को बदायूं जिला का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया एवं मुनील श्रीवास्तव को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ठाकुर ने 23 जून को होने वाले कार्यक्रम भव्य रूप देने के लिए जिले की कमेटी एवं विधानसभा कमेटी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया और संगठन का विस्तार करने पर सभी में एक जोश के साथ संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर योगेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव ,अखिलेश श्रीवास्तव ,वीरेंद्र श्रीवास्तव, रविंद्र श्रीवास्तव, आर के सिंह, राजू श्रीवास्तव ,अनिल कुमार श्रीवास्तव ,हिरदेश चंद्र माथुर चित्रपाल श्रीवास्तव, रामसरन श्रीवास्तव,रामचरण श्रीवास्तव, राज. ेश श्रीवास्तव, मुनील श्रीवास्तव, ज्ञान नंदवंशी, विनोद श्रीवास्तव, अजय कुमार, मुकेश, हरिशंकर श्रीवास्तव,आदि लोग उपस्थित रहे।

# भगवान गौतम बुद्ध की नगर में धूमधाम से निकाली धम्म यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रविवार को कस्बा बिसौली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष में भगवान गौतम बुद्ध की 2588 वीं जयंती के अवसर पर बुद्ध सेवा समिति मौर्य कॉलोनी बिसौली व बौद्ध धर्म के अनुयायिओं द्वारा दसवीं धम्म यात्रा नगर के मौर्य कॉलोनी से हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से बैंड बाजों के साथ निक. ाली गई धम्मयात्रा नगर के मौर्य कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के अटल चौक दबतोरी रोड बद्री प्रसाद कॉलोनी पिंदारा रोड होते हुए चंदौसी रोड सराय मोहल्ला बीच का कुआं मेंन चौराहा होते हुए होली चौक से निकलकर पुना: अपने स्थान पर पहुंची धम्मयात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया वहीं धम्म यात्रा का नगर वासियों ने जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया इसी दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बिसौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार व भारी पुलिसबल मौजूद रहा एवं बुद्ध सेवा समिति मौर्य कॉलोनी बिसौली के सदस्य व भारी संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायियी मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने किया महिला पीएसी बटालियन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी व विशेष सचिव नगर विकास महेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को तहसील दातागंज के ग्राम सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन का जिलाधिकारी अवनीश राय व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रोजेक्ट के मॉडल का भी गहनता से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नोडल अधिकारी व विशेष सचिव नगर विकास महेंद्र बहादुर सिंह ने निरीक्षण के दौरान पाया कि अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा आवासीय भवनों के शेष कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रचलन में है। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा ताकि जल्द से जल्द इसकी हैंडओवर की प्रक्रिया को कराया जा सके। उन्होंने महिला पीएसी बटालियन के भौतिक सत्यापन के दौरान वित्तीय स्थिति की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है यह करीब 95 करोड रुपए की लागत से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि आवासीय भवनों के शेष निर्माण कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। यह कार्य 219 करोड रुपए में कराए जाने हैं, कुल 267 करोड रुपए के आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाना है। लगभग 35 प्रतिशत कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, कंसल्टेंट शेखर सचान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश सरकार में विशेष सचिव नगर विकास व जनपद के नोडल अधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने जिलाधिकारी अवनीश राय के साथ विकास खण्ड उझानी के गांव नौशेरा स्थित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने गौशाला की फैंसिंग व रास्ते तक खड़ंजा न होने पर अप्रसन्नता व्क्त हुए इसको प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी व डीएम ने गौवंशों को माला पहनाकर गुड़ भी खिलाया। शनिवार को किए निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने पाया कि गोवंश आश्रय स्थल पर 44 गोवंश संरक्षित हैं।

भूसा, हरा चारा, दाना चोकर पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी। पानी हेतु सबमर्सिबल लगाया गया है। हरा चारा काटने हेतु मशीन लगी हुयी है। गोवंश आश्रय स्थल की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। नोडल अधिकारी ने कहा कि निराश्रित गोवंशों का संरक्षण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में आश्रय दिया जाए साथ ही गौशालाओं में समुचित व्यवस्थाएं भी पूर्ण की जाएं। उन्होंने सहभागिता योजना में निराश्रित गोवंशों को पशु प्रेमियों को देने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि इसके लिए शासन स्तर से दी जाने वाली धनराशि में भी बढ़ोत्तरी की गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने की संगठन सर्जन समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर संगठन सर्जन समीक्षा बैठक कार्यक्रम किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि बडौत बागपत को आर्डिनेटर डा.संजीव शर्मा व को आर्डिनेटर सतेन्द शर्मा का कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। शहर से लेकर गांव तक मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राम हरि पवार ने कहा कि शहर में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ अपना कार्य कर रही है। शहर के व्यापारियों गरीबों मजदूर किसानों के साथ शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष दिन रात सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसने की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अपनी 24 घंटे सेवा दे रही है। कांग्रेस पार्टी सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रही है। पदाधिकारियों को पुरी द्रढता कर्मठता के साथ 100 दिन संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत किया जायेगा। सभी वार्डो पर वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किये जायेंगे। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी देवेन्द्र चौहान उपाध्यक्ष आशु डा.सुभाष शर्मा निशान्त चौधरी गोरव धनकड शिवम कश्यप देवेन्द्र शर्मा औमवीर सिंह नन्द राम पप्पू प्रवीण रूहेला राकेश शर्मा बाबू औकार दत्त प्रदीप आदि रहे।

# आंधी तूफान से विद्युत विभाग को हर रोज लग रहा चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार की देर रात आई बारिश तेज गति के साथ आंधी तूफान ने बरपाया। क्षेत्र में आम की फसल को हुआ भारी नुकसान 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी तूफान आया हालांकि मौसम विभाग ने आंधी तूफान की पहले से ही चेतावनी दी थी। आंधी और तूफान तेज हवा एन चलने से क्षेत्र में विद्युत विभाग को भी रोजाना भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। आंधी तूफान से क्षेत्र में विद्युत खंबे खम्बो से मिटर उखड़ जाना तार टूट कर गिर जाना यह भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खेलना पड़ रहा है। आंधी तूफान से विद्युत विभाग को हर रोज चूना लग रहा है। भारी बारिश के चलते दर्जनों गांव में जल भराव हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो-तीन दिन तक रात में फिर दोबारा से आंधी तूफान ओलावृष्टि बारिश होने की संभावनाएं जताई जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर व्यापारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में व्यापारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा महाराजा अग्रसेन स्कूल से शुरू हुई। इसके बाद ठाकुरद्वारा मंदिर, मिडिल स्कूल, रठौडा तिराहे से होते हुए जैन धर्मशाला पहुंची। जहां पर शहीदों को श्रद्धांजलि की दी गई। युवा व बुजुर्ग हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम् व भारत माता की जय के जयघोष लगा रहे थे। सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवाद को मुहंतोड़ जवाब दिया। इस दौरान व्यापार मंडलाध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव मोनू जैन, राजीव जैन, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता, अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर, दिनेश बंसल मौजूद रहे।

# बारिश व आंधी तूफान से फसलों को भारी नुकसान, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बारिश और तूफान के चलते जहां सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। वही आम की फसल गिरने से भी आम ठेकेदारों को नुकसान हुआ है। शनिवार देर रात आयी तेज बारिश और आंधी तूफान के चलते किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश के चलते जगह जगह जलभराव की स्थिति बन गयी है। वही सब्जी की फसल लोकी, खीरा, टमाटर, तुरंई आदि की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि सब्जी की फसल पर बना फूल बारिश के चलते खराब हो गया है जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। वही रटौल के आम बागानों को भी नुकसान पहुंचा है। आधीं के चलते दूसरी बार फिर पेड़ो के कच्चा आम गिर गया है। किसानों ने बताया कि आम की फसल को अबकी बार भारी नुकसान हुऔ जिससे किसान और आम बागान ठेकेदार परेशान है।





# बडौत धर्म नगरी के जैन मंदिर में मनाया भगवान शांति नाथ मोक्ष दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कैनाल रोड बडौत पर भगवान शांतिनाथ के जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर चल रहे त्री दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 24 मई दिन शनिवार रात्रि में आर्यिका विकक्षाश्री ससंघ के सानिध्य में णमोकार मंत्रदीपार्चना की गयी।

शांतिधारा के मत्रोचार आर्यिका ज्ञाताश्री एवं आर्यिका ज्ञप्तज्ञश्री के द्वारा किए गए तत्पश्चात डा.श्रेयांश जैन के मार्गदर्शन में शांति विधान का आयोजन किया गया, जिसमें 150 सौधर्म इंद्र का सौभाग्य वीरेंद्र जैन (पीन्टी) किताबो वालों को प्राप्त हुआ। विधान में लगभग 150 पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शांतिनाथ मंदिर कमेटी का योगदान रहा। इसी क्रम में रात्रि में पाठशाला के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सोमवार को प्रात: बजे भगवान की पालकी यात्रा हर्सोल्लास के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी।

# क्रिकेट में कलाम हाऊस ने ध्यानचंद हाऊस को 12 रनों से हराया

**बिनौली।** न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल बिनौली में चल रहे ग्रीष्म कालीन समर कैंप में चौथे दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। क्रिकेट में कलाम हाऊस ने ध्यानचंद हाऊस को 12 रनों से हराया। वॉलीबॉल में भगत हाऊस ने मदर टरेसा हाऊस को 25-22 के अंतर से हराया।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# सोते इंसान पर पलट दी मौत!

- पुलिस ने ठेकेदार को किया गिरफ्तार
- मीडिया की आड़ में ट्रैक्टर बदलवाने की साजिश बेनकाब
- पत्रकार नहीं, अपराधियों का 'पीआर एजेंट'!



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बीते 22 मई को थाना बारादरी क्षेत्र में एक सोते हुए मजदूर की मौत ने नगर निगम, ठेकेदारी और अब मीडिया की साख पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। झाड़ियों में सो रहे 45 वर्षीय सुनील प्रजापति पर जब भारी सिल्ट से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, तो न तो कोई चेतावनी दी गई, और न ही कोई सावधानी बरती गई। दम घुटने से उसकी मौत हो गई। इस मामले में नगर निगम के ठेकेदार नईम शास्त्री को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन इससे भी चौंकाने वाली बात यह है कि मामले को दबाने और साक्ष्य से छेड़छाड़ की साजिश में एक इलैक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े चर्चित पत्रकार की संलिप्तता सामने आई है।

जिस पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, वही यहां अपराधियों की ढाल बनती दिखी। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ठेकेदार ने पुलिस को गुमराह करने के लिए घटना में शामिल असली ट्रैक्टर को हटवाकर उसकी जगह दूसरा ट्रैक्टर पुलिस के सामने पेश किया और यह पूरा खेल एक मीडिया कर्मी की शह पर हुआ। पुलिस इस साजिश के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है, और फरार मीडियाकर्मी की तलाश में दबिश दी जा रही है। यह मामला अब सिर्फ लापरवाही या गैर इरादतन हत्या का नहीं रह गया है, बल्कि साक्ष्य मिटाने और पुलिस को गुमराह करने की संगठित कोशिश में बदल चुका है।

### काली करतूत, चमकदार पहचान के पीछे छिपे चेहरे

जिस पत्रकार का काम सत्ता से सवाल करना है, वही सत्ता के नीचे पल रहे ठेकेदारी और भ्रष्ट गठजोड़ का रक्षक बन जाए, तो लोकतंत्र के लिए इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। यह सवाल अब सिर्फ पुलिस या प्रशासन का नहीं है, बल्कि पूरे मीडिया जगत का आत्ममंथन मांगता है।

### गिरफ्तारी, लेकिन मामला अभी अधूरा है...

पुलिस के अनुसार, नगर निगम की सफाई का ठेका लेने वाले ठेकेदार नईम शास्त्री ने बिना देखे-सुने ट्रैक्टर से झाड़ियों में आराम कर रहे सुनील कुमार प्रजापति (45) पर सिल्ट पलटवा दी। सुनील की मौके पर ही दम घुटने से मौत हो गई। पिता गिरवर सिंह की तहरीर पर थाना बारादरी में बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। काफी प्रयासों और सर्विलांस की मदद से फरार चल रहे ठेकेदार को 25 मई को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपने अपराध को स्वीकार किया।

## डंपर की टक्कर से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सितारगंज बरा मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठी महिला रामा देवी (45 वर्ष) की मौत हो गई। महिला अपने पुत्र प्रताप के साथ बाइक पर पीछे बैठकर आ रही थी, तभी बरा गांव के पास यह हादसा हुआ।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और डंपर चालक की तलाश में जुट गई है।

हादसे के बाद मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने परिजनों को सांत्वना दी और आवश्यक कार्रवाई का आश्वा. सन दिया।

## विधायक के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जबाव में भारतीय सेना द्वारा की गईं एयर स्ट्राइक के प्रति सम्मान और देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु रविवार को कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश भक्ति से ओत प्रोत इस यात्रा में सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया और तिरंगा लहराकर भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम किया।

तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ बरेली बस अड्डे से हुआ जो बहेड़ी रोड से बहेड़ी बस अड्डा, मैन चौराहा पड़ाव से होते हुए बिलासपुर बस अड्डा तक पहुंचा।बापसी में मोहल्ला गोड़ी,जाटवान,नगर पंचायत कार्यालय के सामने से गुजरती हुई बरेली बस अड्डे पर जाकर समाप्त हुई।समापन पर एक नुक्कड़ सभा आयोजित की गई, जिसमें बकताओं ने देश की एकता,अखंडता और सेना की बीरता की प्रशंसा की।

तिरंगा यात्रा में हर समाज और बर्ग के लोग शामिल रहे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय,बन्दे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूँज उठा।

लोगों ने हाथों में देश प्रेम का ऐसा सन्देश दिया जिसने सभी को भाव विभोर कर दिया। इस राष्ट्र भक्ति पूर्ण आयोजन में विधायक डाक्टर डीसीवर्मा, बसीम अकरम,महेन्द्र हिन्दू, त्रिमल सिंह राठौर, जसवंत राठौर, राम प्रकाश गुप्ता, रामऔतार मौर्य,प्रमोद देवल, प्रवेश देवल,राजीव कठेरिया,शिव कुमार कठेरिया,राकेश शर्मा,राजीव गुप्ता ,अजहरुद्दीन आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिह भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## एक नजर

### चार पहिया गाड़ी की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को पीटकर मायके छोड़ गया पति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दहेज में चार पहिया गाड़ी और ढाई लाख की नगदी की मांग पूरी नहीं होने पर नवविवाहिता को आठ माह पूर्व मायके में छोड़ गया पति। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित 6लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम बल्ली निवासी संयोगिता पुत्री सुरेश कुमार ने पुलिस को वताया कि उसकी शादी एक साल पूर्व ग्राम देयोसास थाना मीरगंज निवासी बीटू सागर पुत्र भोजराज के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, जिससे ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। पति मायके से चार पहिया गाड़ी और ढाई लाख की नगदी की मांग कर प्रताड़ित करते इंकार करने पर मारपीट करते थे।

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति आठ माह पूर्व पीटकर मायके छोड़ गया। जिसको लेकर 22 मई को गांव में पंचायत हुई। पंचायत में पति ने पत्नी को बुलाकर ले जाने की हामी भर दी।बाद में बिना दहेज ले जाने से इंकार कर दिया।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** दहेज की मांग पूरी नहीं न होने पर दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।किसी तरह से मायके पहुंची पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास,ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मिली जानकारी के अनुसार गांव कुरतरा निवासी रजनी गंगवार की शादी करीब तीन साल पहले बाराबंकी के मुनेंद्र वर्मा से हुई थी।

पीड़िता के पिता ने दहेज में नकदी,बोलैनो कार दी थी।इसके बाबजूद सुसराल वाले असंतुष्ट थे। और विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे।प्रताड़ित करनें पर पीड़िता ने बाराबंकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।जिसको लेकर हाई कोर्ट में समझौता होने के बाद पीड़िता सुसराल में रहने लगी।लेकिन कुछ दिन बाद उसका पति मुनेंद्र वर्मा,देवर सुरेन्द्र वर्मा,ससुर इंद्रेश वर्मा,सास फूल केसरी दुबारा पीड़िता को प्रताड़ित करने लगे।23 मई को सभी ने एक राय होकर बैल्टो से मारपीट कर घायल कर दिया।जब पीड़िता बेसुध हो गई।तभी कार में डालकर मायके छोड़कर भाग गए।पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

### बहेड़ी की बेटी विदेश में करेगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** नगर के मशहूर टिम्बर व्यापारी हाजी शाकिर अंसारी की पुत्री जरगिया ने विदेश में एमबीबीएस में एडमिशन लिया है। वह जल्द ही विदेश जाकर चिकित्सा की पढ़ाई करेगी। लोगों ने उनकी बेटी को मुबारकबाद दी है, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

नसीमुर्रहमान, नासिर रजा, लाइक चांदनी और अन्य लोगों ने हाजी शाकिर अंसारी और उनकी बेटी जरगिया को मुबारकबाद दी है। लोगों ने कहा कि जरगिया की इस उपलब्धि से बहेड़ी का नाम रोशन हुआ है, और उन्हें उम्मीद है कि वह एक दिन अच्छे डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करेंगी।

हाजी शाकिर अंसारी की बेटी जरगिया का डॉक्टर बनने का सपना अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए कड़ी मेहनत की, और अब उनकी बेटी विदेश जाकर एमबीबीएस की पढ़ाई करेगी।

### कस्बे में चला बिजली चेकिंग अभियान, चार लाख की वसूली कर 43 कनेक्शन काटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बिजली विभाग के आला अधिकारियों के निर्देशों पर कस्बे में मॉर्निंग कॉम्बिंग अभियान चलाया गया, इस अभियान में जहां टीमों ने उपभोक्ताओं के डेढ़ सौ कनेक्शनों का चेक करते हुए 43 कनेक्शनों का काट दिया, वहीं विभाग ने करीब चार लाख रुपये की बकाया भी जमा कराई।

रविवार की सुबह चले इस चेकिंग अभियान से नगर के उपभोक्ताओं में खलबली मच गई, विभाग की अलग अलग चार टीमों ने डेढ़ सौ उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किए, जिनमें 14 का भार बढ़ाया गया, और 38 उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और 43 कनेक्शन काट दिए गए। इन टीमों में मीरगंज के एसडीओ निखिल जैसवाल, नवाबगंज के एसडीओ राजेन्द्र सिंह, फतेहगंज के एसडीओ अंकित द्विवेदी के साथ ही अवर अभियंता साबिर खान, मोहित कुमार, बाबू लाल, रमेश गौतम और लाइन मैंन शामिल रहे। कस्बे में चले इस चेकिंग अभियान से नगर के उपभोक्ताओं में शाम तक खलवली मची रही। एसडीओ राजेन्द्र सिंह और अवर अभियंता साबिर खान ने बताया कि अभियान आगे भी चलेगा।

उन्होंने कटिया डालकर बिजली जलाने वालों से कनेक्शन लेने के साथ ही बकायेदार उपभोक्ताओं से वाकया जमा करने की अपील भी की है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## कागजी नहीं, जमीनी काम चाहिए, मंत्री का निर्देश या सिर्फ बयानबाजी

# बैंक की मनमानी ने खोल दी हकीकत की परतें

**विभागीय निर्देशों को हवा में उड़ा रहे हैं बैंककर्मी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं चला रहे हैं, वहीं उनके ही निर्देशों की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शनिवार को बरेली सर्किट हाउस में हुई विभागीय समीक्षा बैठक में मंत्री राक. श सचान ने अधिकारियों को दो टूक कहा था कि अब सिर्फ कागजी आंकड़े नहीं, जमीन पर नतीजे चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि विभागीय निर्देशों की हवा खुद बैंक कर्मी उड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत जनपद को 7800 का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन बरेली में बैंक की चौखटों पर युवाओं के जूते-चप्पलें घिसते देखे जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बरेली मंडल को वर्ष 2025-26 में 7800 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है। मंत्री ने निर्देश दिया कि जून 2025 तक कम से कम 35 प्रतिशत लक्ष्य स्वीकृत हो जाना चाहिए। मगर जिन युवाओं ने समय पर आवेदन कर दिए हैं, वे आज भी बैंकों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कई युवाओं ने तो बैंकों के चक्कर काटकर थक हारकर घर बैठ गए हैं। उनको मुख्यमंत्री की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां तक देखा जाता है कि जब युवा अपनी फाइल के बारे में जानने के लिए बैंक जाते हैं तो उनका काम करना तो दूर बैंक कर्मी सीधे मुंह तक बात नहीं करते हैं।

### महीने भर में बैंक ने पास नहीं की मुख्यमंत्री की योजना की फाइल

बहेड़ी के एक युवा उद्यमी ने आवेदन की प्रक्रिया समय से पूरी कर ली। उसकी फाइल डीआईसी से जांच के बाद 26 अप्रैल को स्टेट बैंक, बहेड़ी भेजी गई। लेकिन बैंक ने शुरू में तो बात तक नहीं की। कई बार शिकायत करने के बाद जब कागजात लिए, तब भी ऋण स्वीकृत नहीं किया गया। अब बैंक कर्मचारी उससे उसके माता-पिता, चाचा और चाची के आधार और पैन कार्ड की मांग कर रहे हैं, जो इस योजना की किसी भी शर्त में शामिल नहीं है। फाइल को बैंक में आए हुए 30 दिन पूर्ण हो चुके हैं, मगर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा बहेड़ी ने पूरे कागजात लेने के बाद ऋण स्वीकृत नहीं किया है।

### बैंक की मनमानी से उड़ रही है मुख्यमंत्री की नीति की धज्जियां

मंत्री जहां बैंकों को निर्देश दे रहे हैं कि युवाओं को परेशान न किया जाए, वहीं जमीनी स्तर पर बैंकिंग व्यवस्था मुख्यमंत्री की मंशा को ठेंगा दिखा रही है। यह सिर्फ एक आवेदक की कहानी नहीं है, बल्कि बरेली मंडल के कई युवा ऐसे ही हालात का सामना कर रहे हैं।

### मंत्री की चेतावनी: अगर सुधार नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई

बैठक में मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी इकाइयां वर्षों से बंद हैं, उन्हें निरस्त कर नये उद्यमियों को मौका दिया जाए। सितंबर में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल मीट के पहले सभी एमओयू पूरे कर लिए जाएं। साथ ही यह भी कहा गया कि बैंकों की उदासीनता पर अब सख्ती बरती जाएगी।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब फील्ड में मुख्यमंत्री और मंत्री के निर्देशों को खुद बैंक ही अनसुना कर दें, तो योजनाएं कागजों से बाहर कब आएंगी।

# देवरनियां क्षेत्र में चोरों का कहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के एक गांव के एक घर में अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर तथा दो में घुसकर सोने-चांदी के जेवर समेत लाखों के माल पर साफ किया है। जिसकी पुलिस को तहरीर दी गई है।


कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के गांव इटौआ में 24-25 मई की रात्रि को अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने गांव निवासी मोहनलाल पुत्र गिरधारी लाल के घर से सोने-चांदी के जेवर समेत 25 हजार रुपए की नकदी ले गए। इसके अलावा इसी गांव के रहने वाले प्रेमराज पुत्र रोशनलाल के घर से भी सोने-चांदी के जेवर समेत पाँच हजार रुपए ले गए। जबकि झुन्नालाल पुत्र नेमचन्द्र के घर से मंगलसूत्र और पायल ले गए।

तीनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराने को मोहनलाल द्वारा तहरीर कोतवाली में दी गई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटना ने पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान जरुर खड़ा कर दिया है। साथ ही पुलिस को चुनौती दी गई है।

इधर इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है, जांच शुरू कर दी है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## खाने के पैसे मांगने पर दबंगों ने रेस्टोरेंट मैनेजर को पीटा



- घटना सीसीटीवी में हुई कैद, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के हाइवे किनारे स्थित एक रेस्टोरेंट में दबंगों ने खाना खाने और वाटर पार्क में नहाने का भुगतान मांगने पर मैनेजर के साथ मारपीट की, और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार होঢ गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के गांव भीकमपुर निवासी मोहम्मद इस्लाम पुत्र अहमद हुसैन के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे कनमन पर स्थित सतरंग रेस्टोरेंट और वाटर पार्क में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

मैनेजर के अनुसार 24 मई की शाम साढ़े छह बजे कस्बा व थाना बहेडी के मोहल्ला शाहगढ़ निवासी जीशाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ कार से आए, और वाटर पार्क में नहाने के बाद रेस्टोरेंट में खाना भी खाया, और रुपये मांगने पर उसके (रेस्टोरेंट मैनेजर) के साथ गाली-गलौज और मारपीट की, और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मारपीट मेंঘ मैनेजर के गुम चोटें आई हैं।

मैनेजर मोहम्मद इस्लाम ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए इस मामले की तहरीर पुलिस को दी है, मगर पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जो तथ्य सामने आएगें उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विरोध प्रदर्शन से पहले एआईएमआईएम नेता नदीम कुरैशी हुए हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर बरेली में प्रस्तावित ह्यूमन चेन प्रोटेस्ट से पहले ही पार्टी के नेता नदीम कुरैशी को पुलिस ने रविवार सुबह उनके मौला नगर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया।

थाना प्रेमनगर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि प्रस्तावित प्रदर्शन के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एहतियातन नदीम कुरैशी को सुबह करीब 9 बजे नजरबंद किया गया। पुलिस की यह कार्यवाही ओवैसी के आह्वान पर देश भर में संभावित आंदोलनों को देखते हुए की गई है।

हाउस अरेस्ट के बावजूद एआईएमआईएम नेता नदीम कुरैशी ने अपने कैम्प कार्यालय के भीतर ही साथियों संग मानव श्रृंखला बनाकर प्रतीकात्मक रूप से वक्फ संशोधन बिल का विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा, ष्हमारी आवाजें रोकी नहीं जा सकतीं। वक्फ संपत्तियों पर होने वाले हस्तक्षेप के खिलाफ हमारी लड़ाई संवैधानिक तरीके से जारी रहेगी।

करीब छह घंटे तक नजरबंद रहने के बाद नदीम कुरैशी को शाम तीन बजे पुलिस द्वारा मुक्त किया गया। इस दौरान उनके साथ कैम्प कार्यालय में मौजूद रहे मोहसिन खान, मोहम्मद यामीन, अल्ताफ हुसैन, चाँद खान, जावेद पहलवान, मुन्ना, समीर कुरैशी सहित कई कार्यकर्ताओं ने शांति और संयम के साथ विरोध दर्ज कराया।

## 27 में बनेगी सपा की सरकार: ओझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समा. जवादी पार्टी की सरकार बनेगी। सम्मान समारोह में पार्टी के नेताओं ने पीडीए को मजबूत करने का आवाहन किया।

बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे एक निजी बारात घर में आयोजित सपा के नव मनोनीत जिला सचिव डॉक्टर सत्यदेव ओझा के सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पार्टी के प्रांतीय सचिव मैथिल राकेश उपाध्याय ने क्षेत्र के गांव काशी धर्मपुर के रहने वाले डॉक्टर सत्यदेव ओझा के पार्टी में जिला सचिव बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। कहा आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रदेश की योगी सरकार पर उन्होंने प्रदेश में नफरत फैलाने का आरोप लगाया। कहा प्रदेश सरकार सरकार नाम की कोई चीज नहीं है, हर जगह जनता का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने पीडीए को मजबूत करने का आवाहन किया।



पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने डॉक्टर सत्यदेव ओझा के पार्टी में जिला सचिव बनाए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि पार्टी की ओर प्रदेश की जनता आशा भरी नजरों से सपा की ओर देख रही है। उन्होंने सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए प्रदेश सरकार को किसान विरोधी बताया। कहा क्षेत्र के गन्ना किसान अपने गन्ने की बकाया लेने को दर दर भटक रहे हैं, लेकिन किसान की कोई सुध नहीं ले रहा है।

आयोजन में पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप, पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर मुक्ता प्रसाद, मैथिल ब्राह्मण सभा के तहसील अध्यक्ष मेवाराम शर्मा, हरीश मैथिल, देवेन्द्र कुमार मैथिल, सुरेंद्र सोनकर सहित बड़ी संख्या में सपाईयों ने भाग लेकर नव नियुक्त जिला सचिव डॉक्टर सत्यदेव ओझा को बधाई देते हुए उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## डीएम ने किया सिविल सर्विसेज के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेल।** डीएम अविनाश सिंह ने रविवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विसेज-2025 की प्रारम्भिक परीक्षा को सकुशल व शुचिता के साथ सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरिक्षण किया।

डीएम ने तिलक इण्टर कॉलेज, मनोहर भूषण इण्टर कॉलेज, गुलाब कॉलेज में बनाए गये परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षार्थी शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा देते हुए पाए गये।

डीएम द्वारा कन्ट्रोल रुम आदि के माध्यम से भी परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी कैमरे संचालित पाये गये।

इस अवसर पर सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्यों व अन्य संबंधित स्टॉफ को निर्देश दिये कि परीक्षा हेतु निर्धारित नियमों का उचित प्रकार से अनुपालन किया जाए, तथा परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न करायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## चकरोड पर कब्जा करने वाले दबंगों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव मेथी नवदिया के गाटा संख्या 527 जो चकरोड का नम्बर है, पर काफी समय से ग्राम के दबंगों मेवाराम पुत्र सियाराम, धर्मपाल पुत्र रेवाराम, प्रेमपाल पुत्र बाबू राम का कब्जा है। ग्रामीणों की शिकायत पर तीन तीन बार इस चकमार्ग की नपत की जा चुकी है लेकिन दबंगों ने चकरोड खाली नहीं किया।थाना क्योलड़िया में आयोजित थाना समाधान दिवस में भी इस मामले की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई, जिस पर ग्राम के लेखपाल वैभव सक्सेना द्वारा तीनों दबंग ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लेखपाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट से क्षेत्र के कब्जा करने वालों में खलवली मच गई है।

## गोवर्धन पूजा कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** महामंडलेश्वर आचार्य श्री संजीव कृष्ण जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के माखन चोरी, रासलीलाओं और गोवर्धन पूजा की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से कहा। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने पूतना के प्राण हरण करने के लिए उसकी गोदी में जाने का नाटक किया और स्तनपान करते हुए उसके प्राण हर लिए।

महामंडलेश्वर जी ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने बृजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन की पूजा की थी। उन्होंने गौ सेवा, संवर्धन और रक्षा का प्रण लिया और समाज को गौ सेवा हेतु जागरूक करने के लिए अपनी समर्थ अनुसार कार्य करने को कहा। महामंडलेश्वर जी ने गौ माता के महत्व को बताते हुए कहा कि गौ माता सनातन धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गौ माता के दूध, गोमूत्र और गोबर के उपयोग से मानव जाति को बहुत लाभ होता है। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा और रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। भक्तों ने महामंडलेश्वर के प्रवचन को बहुत भावपूर्ण तरीके से सुना और गोवर्धन पूजा की कथा से बहुत प्रभावित हुए।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सकरस में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेत पर गए किसान की आक. ाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। ग्रामीण उसकी मदद को उसके पास पहुंचते उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। ग्राम सकरस निवासी राजेंद्र (40 वर्ष) पुत्र मदनलाल श्रीवास्तव खेत में किसी काम से गए हुए था, तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार किया है। प्रशासन ने परिवार के लोगों से बात. चीत कर आवश्यक कार्रवाई की। घटना के बाद से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई, और गांव में भी मातम का माहौल है। तहसील प्रशासन ने मृतक के परिवार को सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तहसील प्रहसन ने कहा है कि आकाशीय बिजली से बचाव के लिए खुले मैदान में न खड़े हों, और पेड़ों के नीचे शरण न लें। यदि आप घर से बाहर हैं तो तुरंत सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। घर में रहकर भी बिजली के उपकरणों से दूर रहें और बिजली के खंभों से दूर रहें।

# दावत खाकर लौट रहे चाचा-भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

## खूनी हाईवे बना आगरा अलीगढ़ हाईवे, बिलारी में चंदौसी रोड पर पांच में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, क्षेत्र में दहशत का माहौल, सपा विधायक ने एनएचएआई के प्रति जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुरादाबाद अलीगढ़ हाईवे ने पांच दिन में चार लोगों की जान ले ली जिससे क्षेत्र में दहशत है। रविवार की सुबह मढ़ेकी दावत से लौट रहे चाचा भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे जिनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया वहीं पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है, वहीं मृतकों के परिजनों ने ट्रक के खिलाफ कार्रवाई करने को कोतवाली में तहरीर दी है।

रविवार की सुबह साढ़े छह बजे बिलारी कोतवाली क्षेत्र के सहसपुर चौकी के अंतर्गत मुरादाबाद अलीगढ़ हाईवे पर बाइक सवार दो युवक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा तत्काल ही मौके पर पहुंचे जिन्होंने तत्काल ही दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सूचना करने पर दोनों के परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच गए। जहां सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो




गया जानकारी के मुताबिक सपा विधायक के गांव मोहम्मद इब्राहिमपुर के रहने वाले 18 वर्षीय सेफ और 19 वर्षीय सरफराज जोकि बाइक मैकेनिक थे वह शनिवार की रात बिलारी नगर में अपने रिश्तेदारी में मंढे की दावत खाने गए थे। बताया कि रविवार की सुबह वह घर के लिए निकले थे। परिजनों के मुताबिक जैसे ही वह सहसपुर चौकी से आगे चंदौसी रोड पर पहुंचे तभी ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए बताया कि पुलिस द्वारा उन्हें घटना की जानकारी दी गई थी। बताया कि दोनों ही मृतक परिवार में सबसे छोटे हैं 18 वर्षीय मृतक सैफ की मां राबिया भाई फैज बहाने नाजिश शीनम और अल्फिजा करो




रो कर बुरा हाल है वहीं मृतक सरफराज की मां जहरा भाई सरताज बहाने मेहताब समरीन अमरीन फरहीन फरहा और फरीद का भी रो रो कर बुरा हाल है दोनों ही मृतकों के पिता नहीं है। और दोनों ही परिवार में सबसे छोटे थे दोनों के परिवारजन का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं गांव में भी शौक की लहर है। वहीं सूचना पर स्थानीय सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान भी तत्काल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गए जहां उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी, साथ ही उन्होंने एन एच के अधिकारियों के खिलाफ शिकायत करने की बात कही है उन्होंने कहा कि हाइवे अथारिटी द्वारा हाईवे पर कहीं भी किसी भी तरह का रिफ्लेक्टर आदि नहीं लगाए गए हैं




आए दिन हाईवे पर दुर्घटना हो रही है जिनमें लोगों की जान जा रही हैं उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही हाईवे अथॉरिटी और संबंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे ताकि लोग सही सलामत अपने घर पहुंच सके उन्होंने कहा कि एक हफ्ते में चार मौतें इस हाइवे पर हुई है। जिससे परिजन बेहाल हैं लोगों में घर से निकलने में दहशत पैदा हो रही है। वहीं कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा का कहना है कि उन्हें घटना की सूचना बाइक की पेड़ से टकराने की मिली थी, जिस पर वह तत्काल ही मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल से डंपर काफी दूरी पर था वहीं परिजनों ने डंपर से घटना होने की तहरीर दी है।

उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार जांच कर अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा

### दूसरे रविवार को भी नहीं लगा बाजार

# बकरीद को लेकर जमकर होती हैं बकरों की बिक्री

**चन्दौसी।** ब्लाक बनियाखेड़ा के गांव कैथल में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगती थी परंतु पिछले रविवार को प्रशासन द्वारा बाजार को हटवा दिया गया। अब दूसरे रविवार को भी बाजार नहीं लगी। हालांकि छोटे दुकानदार, सब्जी, चांट-पकौड़ी बेचने वाले नहीं पहुंचे, केवल बकरा-बकरी की खरीद फरोख्त करने वाले ही पहुंचे। पुलिस ने बाजार में पशु बिक्री के लिए भी मना कर दिया क्योंकि प्रशासन के स्पष्ट आदेश है कि बाजार के मालिकों द्वारा वर्ष 2022 के बाजार का टैक्स जमा नहीं किया है। इसलिए बाजार नहीं लगेगी। वहीं बाजार मालिक द्वारा एक प्रार्थनापत्र उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा था जिसकी कार्यवाही के लिए कोतवाली में आदेश पत्र प्राप्त हुआ था। उसी के चलते पिछले रविवार को कैथल में पुलिसकर्मियों को भेजकर बाजार रुकवा दी थी। 25 मई रविवार को को भी बाजार नहीं लगी। हालांकि बकरीद बिल्कुल पास में है। आसपास पशु बाजार नहीं लगती है। कैथल में सबसे बड़ी बाजार लगती है। आसपास क्षेत्र से लोग अपने पशु बेचने आते हैं।

परंतु बाजार न लगने से हजारी लोग बेरोजगार हो गये हैं क्योंकि दूर-दराज से काफी संख्या में रोजाना जरुरत का सामान बेचने आते हैं एवं चांट-पकौड़ी व सब्जियों का बड़ा बाजार लगता है। आसपास 05 गांवों के लोग सामान खरीदने के लिए लोग पहुंचते हैं। फिलहाल वर्तमान समय में बकरीद का त्यौहार नजदीक है। फिलहाल बाजार न लगने से लोग मायूस है।



## गरीब नवाज क्लीनिक पर पहुंचे डॉ. सीपी सिंह

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद के प्रसिद्ध डॉक्टर सीपी सिंह कुन्दरकी नगर के गुड़हल तिराहे स्थित गरीब नवाज क्लीनिक पर पहुंचे जहां उन्होंने मरीज से



मुलाकात की और कुछ मरीजों को सलाह भी दी। अस्पताल के संचालक मोबीन खान ने उनका स्वागत किया इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे डॉक्टर सीपी सिंह ने डॉक्टर मोबिन को भविष्य में अच्छा करने और नगर में लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए अच्छी व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा गरीब नवाज क्लीनिक पर लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी। इस दौरान यासीम पठान, काजी सुहैल, हाशिम मियां, आरिफ पाशा, नसीम अहमद, मजहर हुसैन, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तेज हवा और बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत

**ठाकुरद्वारा।** रविवार को सुबह तेज हवा के साथ हुई बारिश और पूरा दिन बादल छाए रहने से मौसम का मिजाज बदल गया। इससे क्षेत्र के लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की है। किसानों ने भी अपने खेतों में बारिश से होने पर जुताई कार्य शुरू कर दिया।

पिछले करीब 2 माह से भीषण गर्मी हो रही है। मई का महीना चिलचिलाती धूप से तप रहा है। ऐसे में लोग सुबह से ही अपने घरों में कैद होने को विवश हो रहते थे। भीषण गर्मी के कारण पशु पक्षी और जंगली जानवर भी परेशान हैं। रविवार सुबह तेज हवा के साथ बारिश हुई और आसमान में पूरा दिन बादल छाए रहने से मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। मौसम में बदलाव के कारण क्षेत्रवासियों ने थोड़ी राहत महसूस की है। किसानों का कहना है कि अभी तेज बारिश की आवश्यकता है। जिससे किसान अपने खेतों में धान की रोपाई के लिए धान की पौध डाल दी जाए। बारिश से पशुओं के लिए चारा बुवाई हो सकें

# महारानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत हुआ प्रतिनिधि सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत रविवार को विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी अहिल्याबाई होलकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके माध्यमिक शिक्षामंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, मुख्य अतिथि मोहनलाल सैनी, जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सदस्य मोहनलाल सैनी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कर उनकी निरंतर देख-रेख के लिए चौरिटेबल ट्रस्ट बनाया जो आज भी कार्यरत है। माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जगाया। अहिल्याबाई ने मछली, पशु-पक्षी, नदी, तालाब, कुएं-बावड़ी, पेड़-पौधे यहां तक कि मिट्टी के संरक्षण की तक बात की बात की। अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में देश भर के 3175 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करवाया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि कल्कि, काशी, अयोध्या और केदारनाथ समेत कई स्थानों पर उनके द्वारा किए गए कार्य सनातन धर्म की मजबूती का प्रतीक हैं। उनके मुख्य योगदानों में से एक 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ मंदिर है जिसका जीरणद्धार महारानी




अहिल्याबाई होलकर ने करवाया। इस प्रकार उन्होंने देश की प्रगति में विशेष योगदान दिया।

ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और अहिल्याबाई के आदर्श, कार्यों से प्रेरणा लेकर और आगे बढ़ेंगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ टीएस पाल ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर के शासन में मालवा में अपेक्षाकृत शांति, समृद्धि और स्थिरता थी। उनकी राजधानी महेश्वर को साहित्यिक, संगीत, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने की व संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ टी. एस. पाल ने किया।

इस दौरान राज्यमंत्री प्रतिनिधि रामपाल सिंह, मनोज कठेरिया, अंकित जैन, राखी सिरोही, मोक्षिका शर्मा, अंकुर अग्रवाल, राजकुमार ठाकरे, हरवेश सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, गिर्राज मौर्य, ललित मोहन शर्मा, यश मदान, अंकुर अग्रवाल, चंद्रसेन दिवाकर, आशा गोस्वामी, शीला सागर, आकाश आहूजा, इंदु रानी दिवाकर, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, संजय सैनी, सुशील पाल, तरुण नीरज, सुधीर मल्होत्रा, अमन कोरी, शिवकुमार सैनी, शरद शर्मा, मनोज दिवाकर, राजकुमार यादव, संजय बंसल, विजय यादव, पंकजश्री, अंकुल देव, डॉ वीरेश कुमार, सत्यपाल, लवकुमार, राजेश पाल, माधवेन्द्र राघव, वंदना चौधरी, नरेंद्र शर्मा, धारा सिंह, रितिक सिंह, उमेश दिवाकर, आलोक शाक्य, चिंटू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मंडल स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में जनपद मुरादाबाद के नैतिक तथा रोनी बने मंडल चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डल स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता-2025 का आयोजन संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद मनोज कुमार द्विवेदी जी के निर्देशानुसार एस0 एस0 इंटर कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुरादाबाद, बिजनौर,अमरोहा, रामपुर तथा संभल जनपद के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया तथा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने तथा योग के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे अपने दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका वीर सिंह शारीरिक शिक्षा शिक्षक एस0एस0 इंटर कॉलेज, श्रीमती नीतिपाल शारीरिक शिक्षा शिक्षिका राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइन पार तथा खिलेंद्र सिंह प्रधान अध्यापक पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय चंगेरी मुरादाबाद ने निभाई। प्रतियोगिता का परिणाम निम्न प्रकार रहा -बालक वर्ग में नैतिक- जी0जी0 हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद ने प्रथम, शिवा-नागल जट इंटर कॉलेज नागल जट बिजनौर ने द्वितीय तथा अब्बास-राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज रामपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में कु0 रोनी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार मुरादाबाद ने प्रथम, कु0 अनुराधा मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज मुरादाबाद ने द्वितीय तथा कु0 मनीषा- जनता इंटर कॉलेज महुआ बिजनौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता प्रभारी व मंडलीय क्रीड़ा सचिव बंश बहादुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल के सभी जनपदों से जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 9 व 10 के छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मंडलीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अब दिनांक 27-05-2025 को लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेशीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। अंत में राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया।



# विवाहिता को नहीं मिल रहा न्याय

## पति ने कर ली दूसरी शादी, बच्ची को लेकर भटक रही विवाहिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गरीब न्याय की आस में कल्पना करता रह जाता है परंतु यदि आप रसूखदार और आपकी पहुंच ऊपर तक है तो आपका कुछ नहीं बिगाड़ा जा सकता। हालांकि सरकार की मंशा है कि गरीब व असहाय लोगों को प्रशासन न्याय दिलाए परंतु नहीं मिल पाता। सरकार ने थाना समाधान दिवस, संपूर्ण समाधान दिवस इसलिए आयोजित किए हैं जिससे पीडिघ्त पक्ष की बात अधिकारी सुन सकें और उसे न्याय मिल सके परंतु न्याय तो प्रशासन को करना है। उनकी निगाह में जो कुछ न्यायोचित लगेगा, उसी हिसाब से करेंगे। महिला सशक्तिकरण के चलते महिलाओं को न्याय दिलाने की बात कही जाती है परंतु कुछ मामलों में ऐसी महिलाएं जो आर्थिक रुप से मजबूत होती हैं उन्हें न्याय मिलना असंभव सा हो जाता है क्योंकि गरीब केवल अत्याचार सहने को होता है। ऐसा ही एक विचित्र मामला चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र का है जिसमें हरिद्वार की रहने वाली विवाहिता की शादी चन्दौसी गुमथल रोड स्थित मंडी समिति के पीछे संजय पुत्र अमरपाल नि0 मकरंदपुर थाना वजीरगंज के साथ हुई। वर्ष 2020 में शादी के उपरांत बेटी भी पैदा हुई, परिवार वालों ने 25 लाख रु. की व्यवस्था जमीन बेचकर की लेकिन दहेज लोभियों ने विवाहिता को बच्ची सहित घर से बाहर निकाल दिया। विवाहिता अपनी बच्ची को लेकर हरिद्वार चली गयी परंतु जब पति संजय ने बिना बताए दूसरी शादी रचा ली तो विवाहिता वापिस ससुराल आई लेकिन उसे घर में नहीं घुसने दिया और उसकी मां व उसके साथ मारपीट की। यहां से विवाहिता अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची और इस संबंध में शिकायत की। विवाहिता की मां का आरोप है कि बेटी के लिए अपनी जमीन बेचकर मकान बनवाया था। विवाहिता शनिवार को थाना समाधान दिवस में अपनी मां को लेकर पहुंचीं जहां सीओ अनुज चौधरी को आपबीती सुनाई। सीओ के निर्देश पर हल्का दरोगा विवाहिता व उसकी मां को लेकर उसके ससुराल पहुंचे परंतु पति गायब था। पुलिस ने लगभग



एक घंटा तक इंतजार किया परंतु किसी ने दरवाजा नहीं खोला। विवाहिता अपनी छोटी बच्ची के साथ पिछले कई दिनों से रेलवे स्टेशन पर सो रही है। इधर प्रशासन भले ही कहे कि महिलाओं को इंसाफ मिल रहा है परंतु विवाहिता ममता इंसाफ के लिए भटक रही है लेकिन अभी दूसरी शादी करने वाले पति संजय के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पुलिस ने संजय को पकड़ना तो दूर उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की है। महिला का कहना है कि वह अब मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर शिकायत करेगी।

# हर व्यक्ति को अहिल्याबाई होल्कर के जन्म उत्सव पर पांच पेड़ लगाएं: ठा.रामवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कालेज में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत आज कुंदरकी विधानसभा का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ सुरेश चंद्र नगर रहे,उन्होंने रानी अहिल्याबाई होल्कर को जनप्रतिनिधियों का आदर्श बताया।



अहिल्याबाई ने कई मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं। काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और रामेश्वरम मंदिरों के जीर्णोद्धार कराया। अहिल्याबाई ने विधवाओं और महिलाओं को संपत्ति और दत्तक ग्रहण का अधिकार दिलाया, उन्होंने निजी दुखों को भुलाकर प्रजा हित को प्राथमिकता दी। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा की इस समय रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी कार्यक्रम भाजपा मना रही है। 31 मई तक तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। रानी होलकर ने समाज के उत्थान के लिए काम किया। रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन बहुत संघर्ष मय रहा है। रानी अहिल्याबाई होल्कर अच्छी शासक के साथ-साथ न्यायमूर्ति थी।उनके निर्णय को लोग आज भी याद करते हैं। पार्टी के पदाधिकारी रानी होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेकर काम करें। कार्यक्रम में जिला मंत्री संयोजक बालेचरण वाल्मीकि, ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, अविनाश चौहान जिलाध्यक्ष करणी सेना,

नीरज चंद्रा, बबलू जाटव, संजय कश्यप, अरविंद ठाकुर, रोहित सिंह, जय सिंह, सोमिल ठाकुर, चिराग अली, संजय दिवाकर आदि उपस्थित रहे।



# धामपुर में नाला सफाई अभियान

## कीचड़-मिट्टी को तुरंत हटवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों की व्यापक सफाई अभियान 15 अप्रैल से प्रारंभ कर दी गई है, जिसे 30 जून तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

इसी क्रम में रविवार को कॉलेज के सामने स्थित प्रमुख नाले की सफाई पालिका के बाहुबली (हैवी मशीनरी) द्वारा कराई गई। सफाई के दौरान निकली मिट्टी एवं कीचड़ को तुरंत डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाकर डलवाया गया, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा न हो।

इसके साथ ही क्षेत्र में स्थित छोटे नालों की सफाई सफाई कर्मचारियों की टीम द्वारा की जा रही है। पालिका प्रशासन के अनुसार, यह कार्य योजना नगर की स्वच्छता और बरसात पूर्व जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु संचालित की जा रही है।

नगर पालिका परिषद ने आमजन से अपील की है कि वे नालों में कूड़ा या प्लास्टिक न डालें और इस अभियान में सहयोग करें, ताकि शहर स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बना रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी बनी ग्रामीणों की परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और चंदाखोरी के चलते झोलाछाप चिकित्सकों की बाढ़ आई हुई है। बिना रजिस्ट्रेशन और डिग्री के कई झोलाछाप तो बेहतर इलाज के नाम पर बीमार पीड़ितों से कई कई गुना पैसे बनाने में लगे है।

हीमपुर दीपा में थाने के आस पास बैठे एक चिकित्सक ने तो इलाज के नाम पर ऐसी धूम मचाई हुई है कि गरीबों को लूटने से वह कोई गुरेज नही करता है। गाँव मे बैठा उक्त डॉक्टर कैल्शियम और आयरन की जेनेरिक गोलियां थमाकर भोले भाले ग्रामीणों से 90 रुपये से कम नहीं मांगता है। उक्त डॉक्टर पर स्वास्थ्य अधिकारियों का भी अच्छा हाथ है, जिसके चलते उसने क्षेत्र में जमकर धूम मचाई हुई है। उधर थाना क्षेत्र के ही ग्राम छाछरी मोड़ पर भी स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी के चलते डॉक्टरों की बाढ़ आई हुई है। यहां कदम कदम पर डॉक्टर मौजूद है जिन पर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने के बजाय पाल-पोश कर हादसों का इंतजार कर रहा है।

एक दो वर्ष पूर्व तो छाछरी मोड़ पर अपने क्लीनिक के बाहर पेड़ के नीचे मरीजों को चारपाई पर लेटाकर ईलाज कर रहे डॉक्टर को टोकना नोडल अधिकारी को भी महंगा साबित हो गया था, जिनके धौलपूजा कर दी गई थी। हालाँकि स्वास्थ्य विभाग पीटकर भी मौन बैठा परंतु शाह टाइम्स की प्रमुखता से बैक टू बैक छपी खबर से हुई फजीहत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने उक्त डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि सूत्र बताते हैं कि घोर बेइज्जती के बाद भी इसी विभाग के अधिकारी उक्त डॉक्टर पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये हुए है।

## एक नजर

### ..राम जी से कहना हमारी राम-राम



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित संदीप कुमार के आवास पर श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन हनुमान जी राम जी से हमारी राम-राम कहना सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को हनुमान दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में संदीप कुमार, नीलम, हर्ष, आदि, नरेंद्र सिंह, बागेश्वरी देवी, जसवंत सिंह, दीपमाला ठाकुर, उज्जवल राणा, दीपवंत सिंह, दीपाली आदि शामिल रहे। हनुमंत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

### समाजसेवी इस्लाम ठेकेदार के भाई का निधन



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी समाजसेवी इस्लाम अहमद खां ठेकेदार के बड़े भाई इरशाद अहमद खां (कातिब) 80 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते शनिवार की दोपहर इंतकाल हो गया। उनकी नमाज ए जनाजा आज सुबह 9:00 बजे किला वाली मस्जिद में अदा की गई। इरशाद अहमद खान कातिब लगभग दस वर्षों से पैरालिसिस की बीमारी से पीड़ित थे। वह बीमारी से पूर्व कई दशक तक थाने में दी जाने वाली तहरीर की किताबत किया करते थे। उनके इंतकाल की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई तथा उनके निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

### जयंत चौधरी 31 को करेंगे शिलान्यास



**किरतपुर।** रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी 31 मई को किरतपुर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में नए भवन का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। तैयारियों की समीक्षा के लिए सांसद चंदन चौहान ने कॉलेज का दौरा किया और रालोद नेताओं से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक काजी तारिक अली ने बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक होगा और पूरे यूपी से कार्यकर्ता जुटेंगे। चौधरी शोएब ने युवाओं से जनसैलाब लाने का आह्वान किया। मौके पर कई वरिष्ठ नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हाथी शावक का अधखाया शव मिला



**कालागढ़।** रेंज स्थित लक्कड़ घाट में टाइगर के हमले में हाथी शावक का अधखाया शव बरामद हुआ। सीटीआर वन अधिकारी बिंदर पाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ कार्बेट टाइगर रिजर्व ने बताया कि कालागढ़ रेंज लक्कड़घाट बीट में गश्ती दलों द्वारा गश्त के दौरान एक हाथी शावक का अधखाया शव दिखाई दिया, जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जाँच के दौरान पाया कि घटनास्थल पर नर बाघ की मौजूदगी के पगमार्क पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह घटना एक नर बाघ द्वारा हाथी शावक शिकारी प्रवृत्ति के कारण की गई है। वन्यजीव विभाग ने पशु चिकित्सकों की देखरेख में निर्धारित मानकों और एसओपी के अनुसार हाथी शावक का मौके पर ही शव विच्छेदन कर निस्तारण किया। घटनास्थल पर कार्बेट टाइगर रिजर्व उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ बिंदर पाल, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव कुमार, डॉ. हिमांशु पांडे, WWF प्रतिनिधि फैजान अंसारी, टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन के ए.जी. अंसारी, वन क्षेत्राधिकारी मनीष कुमार, वन दरोगा महेश चंद्र जोशी, भारत सिंह रावत सहित स्थानीय एनजीओ और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। पिछले। सप्ताह मंगलवार को वन विभाग इसी कालागढ़ रेंज की लक्कड़ घाट बीट में ही बाघ के दो शावकों के शव बरामद हुए थे।

### पालिका ने हटाया अतिक्रमण



**किरतपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका किरतपुर में जैन मंदिर चौराहा से हरिहर मंदिर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, नायब तहसीलदार किरतपुर एवं पुलिस बल की संयुक्त टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन व पालिका स्टाफ की सहायता से हटवाया गया। नगर पालिका द्वारा पूर्व में अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए थे, जिसके पश्चात यह कार्रवाई की गई। अभियान में पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता, नायब तहसीलदार अतुल भगत, कानूनगो सुरेश चंद्र चिनवाल, पालिका लेखाकार सुरेंद्र सिंह, बाबूराम, ज्ञानेश्वरानंद, सफाई नायक सुंदर सिंह, प्रेम सहित कस्बा इंचार्ज शिव कुमार अन्य पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक बुद्धिमत्ता आवश्यक: डा. वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समा. जसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा जहां सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं तो वहीं नगर क्षेत्र में युवाओं के प्रति जागरूकता एवं शिक्षा पर भी गंभीरता से अपने विचार विमर्श करते हैं।

डा. वर्मा ने कहा कि आज देखा जा रहा है कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर अभिभावक ज्यादा जोर देते है कि अच्छे अंक के साथ पास होना है। आज समाज मे बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षाओं के अंकों को ही सफलता का एकमात्र मापदंड मान लिया गया है। यह दृष्टिकोण न केवल संकीर्ण है बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधक भी है। नैतिकता, सामाजिक समझ और व्यावहारिक कौशल जैसे गुणों को उपेक्षित करने के कारण हम एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो अंकों की दौड़ में तो आगे निकल सकती है पर मानवीय मूल्यों और सामूहिक कल्याण की भावना से दूर होती जा रही है। समाज में यह धारणा प्रबल है कि उच्च अंक भविष्य में आर्थिक और सामाजिक सफलता की गारंटी देते हैं। इस कारण माता पिता, शिक्षक और विद्यार्थी स्वयं भी अंकों को सर्वोपरि मानते हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल और सिविल सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सीमित सीटों के लिए लाखों विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा करते हैं। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मूल्यांकन प्रक्रिया अधिकतर लिखित परीक्षाओं पर आधारित है, जिसमें रटने की क्षमता और तथ्यों को पुन: प्रस्तुत करने की योग्यता को प्राथमिकता दी जाती है। जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक बुद्धिमत्ता आवश्यक है।

डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा स्थान है जिस पर चलकर छात्र-छात्राओं का नाम रोशन होता है, उनके जीवन में खुशहाली और तरक्की के दरवाजे खुलते हैं।

# ईद-उल-अजहा पर सजी बकरों की मंडी

## खरीदारों की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में ईद-उल-अजहा के अवसर पर रविवार को साप्ताहिक बाजार में बकरा खरीदने वालों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। बाजार में सुबह से ही रौनक नजर आई और दोपहर तक बाजार खचाखच भर गया।

बाजार में अलग-अलग नस्लों के बकरे आकर्षण का केंद्र बने रहे। कई बकरे इतने सुंदर और तंदुरुस्त थे कि लोग देखते ही रह गए। बच्चों में बकरों को देखने और उन्हें छूने का खासा उत्साह देखा गया। बकरा विक्रेताओं ने बताया कि इस बार दाम थोड़े ज्यादा है लेकिन फिर भी लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह कम नहीं है।

कई परिवारों ने बाजार से एक नहीं, बल्कि दो-दो बकरे खरीदे।



सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन की ओर से पुलिस की तैनाती की गई थी, जिससे बाजार में कोई अव्यवस्था नहीं हुई। कुल मिलाकर ईद-उल-अजहा को लेकर नगर में खास उत्साह देखा गया और बकरा बाजार ने इस त्यौहार की तैयारी को और भी खास बना दिया।

# शनिवार बाजार में जमकर खरीदारी

## पिछले बाजारों की अपेक्षा महिलाओं की भीड़ अधिक देखने को मिली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला चाहसंग जामा मस्जिद पर लगने वाले शनिवार बाजार के अब वहां न लगने से जहां दुकानदारों की ब्रिकी प्रभावित हुई है। वहीं शनिवार बाजार के शीतला तालाब के पास लगने से बाजार में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को भी दूर का रास्ता पार करना पड़ रहा है।

शनिवार बाजार मे देखा गया कि इस बाजार के यहां लगने से और भी अधिक जमकर खरीदारी हुयी। हालांकि मौहल्ला चाहसंग जामा मस्जिद मार्केट में लगने वाले शनिवार बाजार से इस बाजार के हटने से उन दुकानदारो की बिक्री प्रभावित हुई है, जिनकी पक्की दुकाने है और और वह सड़क पर नहीं है।

शनिवार बाजार में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं का सैलाब उमड़ा रहा। हालांकि उन्हें अब काफी दूर का रास्ता पार कर आना पडा़ है।

चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने इस बाजार के हटने और अलग लगने के बारे में कहा है कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि अब मण्डल में कहीं पर भी सड़कों पर साप्ताहिक बाजार नहीं लगेंगे। शासन के आदेश का पालन करते हुए फिलहाल इस बाजार को उन्होंने अस्थाई तौर पर शीतला तालाब के आगे एक बड़े मैदान में लगवाये जाने की बात कही है। उन्होंने इस बारे में गरीब अवाम को पूरी तरह आश्वस्त करते कहा है कि वे परेशान और निराश न हो शासन के आदेश का पूरा पालन करते हुए शीघ्र ही बेहतर व्यवस्था कराये जाने के लिये जल्दी ही नगर पालिका कोई पुख्ता इंतजाम करेगी जिसके लिए पालिका ने टेण्डर प्रकाशित कराये है।

उधर जनता की माने तो इस बाजार से गरीब व अमीर हर घर परिवार की महिलाओं को कम दर पर अच्छा सामान खरीदने को मिल जाता था। साथ ही गरीब दुकानदारों फड़ियों व ठेले वालों को भी अपना परिवार चलाने में मदद मिल जाती थी। शनिवार बाजार में पिछले बाजारों से भी अधिक महिलाओं की भीड़ देखने को मिली, जिन्होंने जमकर खरीदारी की। साथ ही गरीब ई रिक्शा चालकों को भी अतिरिक्त इनकम हुई जो सवारी पहले बाजार में दस रूपए देती थी, अब वही सवारी बीस से तीस रूपए दे रही है।

# थाना समाधान दिवस में शिकायतों का समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने की।

थाना कोतवाली नगीना प्रांगण में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने की। इस मौके पर फरियादियों द्वारा लिखित व मौखिक रूप से शिकायतें की गई। जिनमें चार लिखित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से एक पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष तीन राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु भेज दिया गया। नायब तहसीलदार ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय सीमा के भीतर निस्तारित करें। संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन करें। अधिकारियों ने शिकायतों के हाथों हाथ हल करने के प्रयास किए। आमजन को न्याय दिलाने के लिए सरकार लगातार थाना समाधान दिवस का आयोजन करा रही है।

इस मौके पर नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एसएस आई दीपक कुमार, एसआई सोहन सिंह पुंडीर, एसआई सर्वेज खान, एसआई सुभाष तोमर, कई कानूनगो व लेखपाल, नगर पालिका कर्मचारी मौहम्मद असलम सहित फरियादी पहुंचे।

# रालोद नेता को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के युवा नेता को अपशब्द कहने और जान से मारने की धमकी दिए जाने के प्रकरण में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चलान कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शाहबपुरा रतन सिंह निवासी चौधरी शोएब पुत्र मोहम्मद मोनिस ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह राष्ट्रीय लोकदल व एनडीए गठबंधन सहयोगी पार्टी में क्षेत्रीय मंत्री रूहेलखंड क्षेत्र युवा राष्ट्रीय लोकदल के पद पर है। चौधरी शोएब कहना है कि उन्होंने रालोद एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी लोकसभा 4 बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान का बीते वर्ष 2024 में चुनाव लड़ाया था, जिससे अजीम पुत्र इरशाद अंसारी उनसे राजनीतिक मतभेद रखता है। उसने कई बार अभद्र व्यवहार, गाली गलौच व जाने मारने की धमकी दी थी और आरोपी अजीम ने पार्टी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया था। अजीम के पिता इरशाद अहमद किरतपुर से बीते 2 वर्ष पूर्व AIMIM ओवैसी की पार्टी से चेयरमैन प्रत्याशी भी रह चुका है। उसने 20 मई को नगर के एक मौहल्ले के चौराहा पर खड़े होकर फिर से अपशब्द बोलने शुरू कर दिए तथा गंदी गंदी गालियां फिर से देने लगा और छुट भैय्या नेता बताया। प्रार्थना पत्र में आगे कहा गया है की यदि मुझे कोई हानि पहुंचती है या मेरी हत्या होती है तो उसका जिम्मेदार अजीम होगा।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अजीम का धारा 351( 2 ) व धारा 352 के अंतर्गत चालान कर दिया।

# विनोद सैनी बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

## धामपुर बार एसो. का चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बार एसोसिएशन धामपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार सैनी एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शाहिद अली एडवोकेट, सचिव पद पर देवेंद्र कुमार एडवोकेट तथा कोषाध्यक्ष पद पर नितिन कुमार अग्रवाल एडवोकेट विजयी घोषित किए गए।

एलडर्स कमेटी बार एसोसिएशन धामपुर के चेयरमैन योगेन्द्र पाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि बार एसोसिएशन धामपुर का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया। सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ और 2 बजे तक 210 मतदाताओं ने चुनाव में भाग लिया। कुल मतदाताओं की संख्या 214 थी लेकिन एक सदस्य की मृत्यु व 3 मतदाता गैर हाजिर रहे। अध्यक्ष पद पर काटे की टक्कर रही। विनोद कुमार सैनी एडवोकेट को 106 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विरेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट को 103 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शाहिद अली एडवोकेट को 109 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी परशुराम एडवोकेट को 97 मत मिले। सचिव पद पर देवेन्द्र कुमार एडवोकेट को 118 मत व उनके प्रतिद्वंदी खेमचंद एडवोकेट को 89 मत मिले।



कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कुलवीर सिंह एडवोकेट विजयी रहे। उन्हें 158 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी सुभाष चन्द्र एडवोकेट को 49 मत मिले। सह सचिव प्रशासन पद पर शादान सईद एडवोकेट निर्विरोध विजयी चुने गये। सह सचिव लाइब्रेरियन पद पर विपिन कुमार एडवोकेट विजयी रहे। उन्हें 133 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी रक्षपाल सिंह एडवोकेट को 72 मत मिले। सह सचिव प्रकाशन पद पर हीरेंद्र कुमार एडवोकेट विजयी रहे उन्हें 98 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी अखिलेश कुमार एडवोकेट को 70 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर नितिन कुमार अग्रवाल एडवोकेट विजयी रहे उन्हें 152 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी तारा सिंह एडवोकेट को 55 मत मिले।



## इंग्लैंड में भारत को सीरीज जिता पाएंगे गिल!

### कप्तान के रूप में शुभमन गिल के सामने पहला चैलेंज, इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है, भारत यहां 2007 से कोई सीरीज नहीं जीत सका

**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 साल के शुभमन गिल भारत के नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। वे रोहित शर्मा की जगह लेंगे। जिनकी कप्तानी में टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली 2 सीरीज हार गई। शुभमन के सामने सबसे पहली और बड़ी चुनौती टीम इंडिया का विनिंग कमबैक कराना ही है। शुभमन के सामने 5 चैलेंज हैं-1. इंग्लैंड में 18 साल बाद सीरीज जिताना 2. टेस्ट में भारत का विनिंग कमबैक कराना 3. विदेश में खुद की बैटिंग साबित करना 4. ट्रांजिशन फेज में युवा टीम को संभालना 5. भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिर पहुंचाना। मई में भारतीय टेस्ट टीम के 2 सीनियर प्लेयर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास ले लिया।

उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन भी रिटायर हो गए थे। जिसके बाद टीम को नए कप्तान की जरूरत पड़ी, जो टीम का परमानेंट मेंबर भी हो और लंबे समय तक जिम्मेदारी संभाल सके। जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल भी दावेदार थे, लेकिन बुमराह को फिटनेस के कारण कमान नहीं सौंपी गई। वहीं सिलेक्टर्स का मानना है कि राहुल को परमानेंट कप्तान नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में कमेटी ने युवा गिल को कमान सौंपी, जो लंबे समय तक टीम की बागडोर संभाल सके। कप्तान के रूप में गिल के सामने पहला चैलेंज इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है। भारत को यहां 2007 से सीरीज जीत नहीं मिली। 2011, 2014 और 2018 में टीम ने तीनों सीरीज गंवाई। इस दौरान भारत 14 में से 2 ही टेस्ट जीत सका, टीम को 11 में हार मिली, जबकि 2 मुकाबले ड्रा रहे। 2021 में आखिरी बार विराट की कप्तानी में भारत ने सीरीज 2-2 से ड्रा कराई थी।

इंग्लैंड फिर 2024 में भारत आई, जहां उन्हें 4-1 से हार मिली। यानी इंग्लैंड ने 7 साल से टीम इंडिया को टेस्ट सीरीज नहीं हराई है। गिल के सामने भारत को 18 साल बाद इंग्लैंड में सीरीज जिताने की चुनौती तो है ही, इंग्लैंड के खिलाफ 7 साल से अजेय टीम को अजेय रखने का चैलेंज भी है। रोहित की कप्तानी में भारत को अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार मिली। टीम फिर ऑस्ट्रेलिया में भी 1-3 से हार गई। जिससे टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर-4 पर फिसल गया। गिल के सामने चुनौती है कि टीम इंडिया अपना विनिंग फार्म वापस हासिल करे। न्यूजीलैंड से पहले भारत को 12 साल से घर में किसी ने टेस्ट सीरीज नहीं हराई थी, वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी भारत को 10 साल बाद हार मिली।

इतने खराब फार्म से उबारने के लिए शुभमन को नई स्ट्रैटजी के साथ टीम को जिताने पर फोकस करना होगा। 2020 में टेस्ट डेब्यू करने वाले शुभमन के नाम 32 टेस्ट में 35.05 की औसत से 1893 रन हैं। उनके डेब्यू के बाद से ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के कारण दुनियाभर की पिचें गेंदबाजों के लिए मददगार रहीं। इसके बावजूद गिल ने 5 सेंचुरी और 7 फिफ्टी लगा दी। हालांकि, होम कंडीशन के मुकाबले विदेश में उनका फार्म थोड़ा कमजोर है। गिल ने भारत में 17 टेस्ट खेले और 42.03 के औसत से 1177 रन बनाए। उन्होंने 4 सेंचुरी और 5 फिफ्टी लगाई। विदेश में शुभमन 15 टेस्ट में 1 सेंचुरी और 2 ही फिफ्टी लगा सकें। उनका औसत भी महज 27.53 का रहा। विदेश में गिल की इकलौती सेंचुरी भी बांग्लादेश में आई। यानी इंग्लैंड सीरीज से ही गिल को खुद की बैटिंग भी साबित करनी होगी। विराट, रोहित और अश्विन जैसे सीनियर प्लेयर्स ने टेस्ट से संन्यास ले लिया। शमी इंजरी के कारण स्क्वाड का हिस्सा नहीं हैं। टीम में जसप्रीत बुमराह, जडेजा और केएल राहुल ही सीनियर प्लेयर्स हैं। इंग्लैंड में भारत की बहुत युवा टीम खेलने वाली है, 9 प्लेयर्स की उम्र तो 21 से 28 साल के बीच ही है। ऐसे में गिल के सामने भारत का ट्रांजिशन फेज संभालने की चुनौती भी है।



## नोवाक ने जीता जिनेवा ओपन

**● दिग्गज टेनिस स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर जीता यह खिताब**

**जिनेवा, वार्ता।** सर्बियाई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर अपना 100वां एटीपी खिताब जीता। जिनेवा ओपन के फाइनल मुकाबले में शनिवार रात जोकोविच ने हर्काज पर 5-7, 7-6, 7-6 से हराकर जीत दर्ज की। शुरुआत में एक सेट से पिछड़ने के बाद जोकोविच ने वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद जोकोविच कहा कि मैं यहां 100वां खिताब जीतकर बेहद खुश हूं। मुझे इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ी है। नोवाक जोकोविच ने इस जीत के साथ ही 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी का रविवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से पहले आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने जिनेवा ओपन जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स के 100 खिताब जीतने की बराबरी कर ली है। जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। वहीं रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है।

**खेल विशेष**

## दार्जिलिंग में आईएसकेएफ कराटे चैंपियनशिप का आगाज

**दार्जिलिंग, वार्ता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में चल रही द्वितीय आईएसकेएफ इंडिया शोटो कप राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में रविवार को एक विशेष अवसर देखने को मिला जब इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बंगाल, सिक्किम, उत्तराखंड, केरल, कर्नाटक, गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दार्जिलिंग के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्टा ने कार्यक्रम में भाग लिया और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन दिखाने के लिए हौसलाअफजायी भी की। अपने संबोधन में श्री बिष्टा ने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का एक सशक्त साधन हैं।ह उन्होंने यह भी ज़ोर दिया कि आज की तेज़-रफ्तार दुनिया में खेल युवाओं को तनाव, अवसाद और बुरी आदतों से बचाने में मदद करते हैं। कराटे जैसे मार्शल आर्ट की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी बढ़ावा देता है। श्री बिष्टा ने केंद्र सरकार की 'खेलो इंडिया' योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार खेल प्रतिभाओं को गांव-गांव से पहचान देने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है।ह साथ ही उन्होंने गर्वपूर्वक उल्लेख किया कि दार्जिलिंग और आस-पास के क्षेत्रों के युवा विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

## श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे



**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को रविवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शिफेंग ने 36 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-11, 21-9 से हराया। किदांबी श्रीकांत की ली शिफेंग के खिलाफ पांच मैचों में चौथी हार है। मैच की शुरुआत भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला अंक हासिल करके की लेकिन इसके बाद शिफेंग ने श्रीकांत पर दबाव बनाना शुरू किया और 6-3 की अहम बढ़त बना ली। मिड गेम ब्रेक तक विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली थी।

इसके बाद श्रीकांत ने कुछ अंक बटोरे लेकिन शिफेंग ने लगातार अंक हासिल करते हुए स्कोर 16-9 से अपने हक में कर लिया। इसके बाद चीन शटलर ने श्रीकांत को कोई मौका नहीं देते हुए पहले गेम मात्र 15 मिनट में 21-11 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में चीनी शटलर ने श्रीकांत पर दबदबा बनाते हुए 21-9 से जीत दर्ज की और मलेशिया मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।

## पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा है, उनके लिए भी फिटनेस जरूरी : मांडविया

**● केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में कहा कि पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं, उनके लिए भी फिटनेस आवश्यक है।

यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खराब मौसम में बावजूद केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई। इस चार किलोमीटर की साइकिल यात्रा में दिल्ली पत्रकार संघ, दिल्ली खेल पत्रकार संघ, एथलीट और 300 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया।इस अवसर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज का संडे ऑन साइकिल बारिश के बावजूद सफल रहा। हमारे पत्रकार मित्र पूरे जोश के साथ आए और यह देखकर वाकई खुशी हुई। पत्रकारों की दिनचर्या शायद ही कभी शांतिपूर्ण होती है, वे दिन-रात काम करते हैं। हम हर सुबह जो सुर्खियां पढ़ते हैं, वे रात भर उनके अथक प्रयासों का नतीजा होती हैं।

यह महत्वपूर्ण काम जारी रखने के लिए उन्हें फिट रहना जरूरी है। इसीलिए मैंने उन्हें आमंत्रित किया। दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मंत्री द्वारा आमंत्रित किया जाना एक अद्भुत अनुभव था। बारिश और हमारे देर रात तक काम करने के बावजूद, इतने सारे पत्रकार आए- यह साबित करता है कि फिटनेस मजेदार हो सकती है। साइकिल चलाने जैसी केवल एक घंटे की गतिविधि स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और चिकित्सा व्यय को कम करने में काफी मददगार हो सकती है।

दिल्ली खेल पत्रकार संघ के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि साइकिल पर मंत्री के साथ शामिल होने इस वास्तविकता का एहसास हुआ कि फिटनेस कितनी महत्वपूर्ण है, विशेषकर उन मीडिया पेशेवरों के लिए जो हमेशा सक्रिय रहते हैं। साइकिल चलाना न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी बहुत अच्छा है।

## 'खेलो इंडिया' में इस बार बने 26 रिकॉर्ड: पीएम

**विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को सराहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खेलो इंडिया' के तीन प्रमुख विजेताओं महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान को बधाई देते हुये रविवार को कहा कि इस बार 'खेलो इंडिया' में 26 रिकॉर्ड बने हैं। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात'की 122वीं कड़ी में कहा कि हाल ही में 'खेलो इंडिया' गेम्स की बड़ी धूम रही।



खेलों इंडिया के दौरान बिहार के पाँच शहरों ने मेजबानी की थी। वहाँ अलग-अलग वर्ग के मैच हुए थे। पूरे भारत से वहाँ पहुंचे एथलिटों की संख्या पांच हजार से भी ज्यादा थी। इन एटलिटों ने बिहार की खेल भावना की, बिहार के लोगों से मिली आत्मीयता की, बघी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती बहुत खास है। इस आयोजन में यहाँ कई अनूठी चीजें हुई हैं। खेलों इंडिया यूथ गेम्स का ये पहला आयोजन था, जो ऑलम्पिक चैनल के जरिए दुनिया-भर में पहुंचा। पूरे विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाघ्यिों की प्रतिभा को देखा और सराहा।

इस बार खेलो इंडिया में कुल 26 रिकॉर्ड बने। भारोतोल्लन स्पर्धाओं में महाराष्ट्र की अस्मिता धोने, ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। महाराष्ट्र के साईराज परदेशी ने तो तीन रिकॉर्ड बना डाले। एथलिटों में उत्तर प्रदेश के कादिर खान और शेख जीशान और राजस्थान के हंसराज ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार बिहार ने भी 36 पदक अपने नाम किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो खेलता है, वही खिलता है। युवा खिलाड़ियों के लिए यह बहुत मायने रखता है। इस तरह के आयोजन भारतीय खेलों के भविष्य को और सँवारने वाले हैं।

### मोदी ने हरियाणा के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया : नायब सैनी



**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को कहा कि बिहार की पावन भूमि पर हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा के प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई देकर हमारे सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू कये गए इन खेलों से हरियाणा के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए व्यापक परिवर्तन के कारण देश-विदेश की प्रतियोगिताओं में हम निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी प्रदर्शन के बलबूते हमारे खिलाघी लगातार मेडल जीत कर प्रदेश का गौरव भी बढ़ा रहे हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को हराया

**रोसारियो ( अर्जेंटीना ), वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को चार देशों के टूर्नामेंट में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए सुखवीर कौर ने (39वें) और कनिका सिवाच ने (58वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से एकमात्र गोल जावेरिया सेंज ने (20वें)मिनट में गोल दागा। मैच के दूसरे हॉफ में चिली की जावेरिया सेंज ने 20वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय टीम सोमवार को अपने अगले मैच में उरुग्वे से मुकाबला करेगी।

## वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे



**प्लेऑफ में खेलेने के लिए टीम से फिर जुड़े जोश हेजलवुड**

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गें. दबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। वह इस सत्र में आरस. ीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17-27 की औसत और 8-44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसे समय में हेजलवुड की वापसी उसके लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आईपीएल के एक सप्ताह के लिए स्थगित किए जाने पर वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वहां वह रिहैब करने के साथ-साथ द. अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी के फाइनल की तैयारी के तहत ब्रिस्बेन में अभ्यास भी कर रहे थे।

## चेन्नई ने गुजरात को 83 रनों से हराया




**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल 2025 के 67वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 83 रन से हरा दिया है। जीटी यह मैच हारकर भी पाइंट्स टेबल के टॉप पर है, जबकि सीएसके यह मैच जीतकर भी 10वें स्थान पर रही है। रविवार के पहले मुकाबले में 231 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। नूर अहमद और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। अरशद खान ने 20 रन का योगदान दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 230 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। डेवोन कान्वे (52 रनद्ध ने भी अर्धशतक लगाया। ओपनर आयुष म्हात्रे ने 34, उर्विल पटेल ने 37 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले। ब्रेविस को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। गुजरात ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। टीम के पास 18 अंक हैं। इस हार के बाद गुजरात को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा। चेन्नई ने सीजन में चौथा मैच गंवाया है। धोनी की टीम 14 मैचों के बाद 8 अंक ही हासिल कर सकी है। टीम पाइंट्स टेबल के 10वें स्थान पर है।

### संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है: धोनी

**अहमदाबाद , वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने आज कहा कि संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है। यहां इंडियन प्रीमियर लीग में अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रनों से शिकस्त देने के बाद संवाददाता सम्मेलन में धोनी कहा कि हमारा सत्र अच्छा नहीं गया। इस सत्र में हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि आज के मैच में हमने परफेक्ट प्रदर्शन किया और हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा रहा। हमने कई अच्छे कैच पकड़े हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे पास फैसला लेने के लिए चार पांच महीने हैं, कोई जल्दबाजी नहीं है। शरीर को फिट रखना जरूरी है। अब रांची जाऊंगा, थोड़ी बाइक राइड्स का आनंद उठाऊंगा। मैं ये नहीं कह रहा कि मैं अब रिटायर हो रहा हूं, और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापस आ रहा हूं।

# सम्पादकीय

सोमवार, 26 मई 2025

## नया भारत

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का 122वां एपिसोड प्रस्तुत हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्य मुद्दों के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर व सेना के पराक्रम पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया वह अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनियाभर के आतंक के खिलाफ लड़ाई को एक नया उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उनकी सफलता में शामिल थी भारत में बने हथियार, उपकरणों और तकनीकी ताकत। ऑपरेशन सिंदूर में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था, हमारे इंजीनियर, हमारे टैक्नीशियन हर किसी का पसीना इसमें शामिल है। उनके अनुसार ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश के भाव से भर दिया है। यही कारण है कि देश के कई शहरों में, गांवों में, छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकल रही हैं। सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही हैं, संकल्प गीत गाए जा रहे हैं और छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे हैं। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर के साथ-साथ अन्य शहरों में भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जन्मे बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पूरे देश में एक गजब का जज्बा देखने में आ रहा है। पूरा देश एकजुटता के साथ अपनी सेना के साथ खड़ा हुआ है और इस युद्ध की खास बात यह है कि भारत की तरफ से जो हथियार इस्तेमाल किए गए, जिन्होंने सटीक परिणाम दिए वे भारत में ही बने हैं। इस तरह हम कह सकते हैं कि रक्षा के क्षेत्र में अब भारत किसी का मोहताज नहीं रहा है और उसे अपनी रक्षा व लड़ाई के लिए किसी की तरफ देखने की आवश्यकता नहीं है। भारत ने यह भी साफ किया है कि उसकी लड़ाई किसी देश से नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। पाकिस्तान में भी दोनों स्थानों पर हमारी सेना ने कार्रवाई की है, वे आतंकी ठिकानों पर की गई है, जिसमें सैकड़ों आतंकवादी मारे गए। भारत को बार-बार कहने के बावजूद भी यह कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध है। पाक की तरफ से बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देखने में आई है। जिससे पाक का चेहरा पूरी दुनिया में बेनकाब हुआ कि वह न केवल आतंकवादियों को पालता-पोसता है बल्कि उनका पूरी तरह संरक्षण करता है। पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में उन्हीं तमाम बातों का जिक्र किया और भारत की सेना की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उसने अपने काम को बड़ी कुशलता से अंजाम दिया। विकट परिस्थितियों में देश की जनता ने जिस तरह की एकजुटता दिखाई और अपनी सेना का मनोबल बढ़ाया, ऐसी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। तिरंगा यात्राएं जगह-जगह निकलना इस बात का ठोस परिणाम हैं कि हमारे लिए अपनी सेना के लिए बहुत सम्मान है।

## सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे भाजपा नेता



भाजपा और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की हो में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं, लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं, श्रेय देने की होड़ में भाजपा नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए और सेना का अपमान करने लगे।

-अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस



# हमारे बीच पहुंचे कोविड-19 के दो नए वेरिएंट्स



एम. इमरान

भारत में कोविड-19 के नए वेरिएंट्स NB.1.8.1 और LF.7 की पहचान एक महत्वपूर्ण चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। कोविड-19 महामारी, जिसने 2020 में पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था, समय-समय पर अपने नए स्वरूपों में सामने आती रही है। यह वायरस निरंतर रूपांतरण (म्यूटेशन) के माध्यम से नए वेरिएंट्स उत्पन्न करता है जो कभी-कभी अधिक संक्रामक और खतरनाक बन सकते हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग और भारतीय सार्स-कोविड जीनोमिक्स कंसोर्टियम INSACOG के अनुसार, इन नए वेरिएंट्स पर निगरानी बढ़ा दी गई है और वैज्ञानिक समुदाय इनकी विशेषताओं को गहराई से समझने की कोशिश कर रहा है।

### NB.1.8.1

NB.1.8.1 वेरिएंट अप्रैल 2025 में तमिलनाडु में पहली बार पाया गया जबकि LF.7 वेरिएंट मई 2025 में गुजरात में चार लोगों में पाया गया। इन दोनों वेरिएंट्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने Variants Under Monitoring की श्रेणी में रखा है, जिसका अर्थ है कि ये वेरिएंट्स कुछ विशेष गुणों के कारण निगरानी के योग्य हैं। इनमें ऐसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस को शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली से बच निकलने में मदद कर सकते हैं, जिससे यह ज्यादा तेजी से फैल सकता है और टीकाकरण के प्रभाव को कम कर सकता है।

NB.1.8.1 वेरिएंट में A435S/ V445H और T478I जैसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस के स्पाइक प्रोटीन को प्रभावित करते हैं। यह वही स्पाइक प्रोटीन है जो वायरस को मानव कोशिकाओं से जोड़ने और उनमें प्रवेश करने में सहायता करता है। अगर इस प्रोटीन में परिवर्तन होता है, तो वायरस अधिक संक्रामक हो सकता है और कुछ मामलों में यह प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा पहचाना नहीं जा सकता। इससे पहले ओमिक्रॉन और डेल्टा जैसे वेरिएंट्स में भी इसी प्रकार के म्यूटेशन्स देखे गए थे, जिससे इनकी संक्रामकता बढ़ गई थी।

### LF.7

LF.7 वेरिएंट की उत्पत्ति संभवत: ओमिक्रॉन परिवार से हुई है, जो पहले ही कई उपवेरिएंट्स उत्पन्न कर चुका है। LF.7 की विशेषताओं पर अब तक बहुत कम जानकारी उपलब्ध है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह भी तीव्र गति से फैल सकता है और लोगों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इस वेरिएंट से संबंधित मामलों की संख्या अभी तक सीमित है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि प्रारंभिक मामलों से ही महामारी की दूसरी लहरें शुरू हो चुकी हैं।

इन वेरिएंट्स के प्रसार की संभावना को देखते हुए हमें न केवल सतर्क रहने की आवश्यकता है, बल्कि अपने व्यक्तिगत और सामाजिक व्यवहार में भी सावधानी अपनानी होगी। टीकाकरण, स्वच्छता, मास्क पहनना, सामाजिक दूरी बनाए रखना और समय-समय पर जांच कराना ये सभी आवश्यक कदम हैं जो इस संक्रमण से बचने में मदद कर सकते हैं। आइए इन सभी उपायों को विस्तार से समझते हैं। सबसे पहले बात करें टीकाकरण की। आज भी टीकाकरण ही कोविड-19 के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार है। भले ही नए वेरिएंट्स किसी हद तक प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा देने में सक्षम हों, लेकिन टीकाकरण से शरीर को गंभीर बीमारी से बचाव मिलता है। यह देखा गया है कि जिन लोगों को कोविड-19 के खिलाफ पूरी तरह से टीका लगाया गया है, उन्हें संक्रमित होने पर भी गंभीर लक्षण नहीं होते और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यदि आप पात्र हैं और आपने बूस्टर डोज नहीं ली है, तो बिना देर किए बूस्टर डोज जरूर लें। दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है मास्क का उपयोग। कई लोग अब यह सोचने लगे हैं कि महामारी खत्म हो चुकी है, लेकिन वायरस अभी भी हमारे बीच है और नए स्वरूपों में आ रहा है। विशेष रूप से बंद जगहों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और सार्वजनिक परिवहन में मास्क पहनना अत्यंत आवश्यक है। मास्क न केवल दूसरों को आपसे संभावित संक्रमण से बचाता है, बल्कि आपको भी संक्रमित हवा से बचाने में मदद करता है।

हाथों की स्वच्छता भी एक बुनियादी लेकिन अत्यंत प्रभावी उपाय है। वायरस हाथों के माध्यम से मुंह, नाक और आंखों तक पहुंच सकता है, जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए दिन में कई बार साबुन और पानी से हाथ धोना या अल्कोहल-बेस्ड सैनिटाइजर का उपयोग करना आवश्यक है, खासकर जब आप बाहर से घर लौटते हैं, भोजन से पहले या किसी वस्तु को छूने के बाद। सामाजिक दूरी भी एक अहम भूमिका निभाती है। संक्रमण से बचने के लिए यह जरूरी है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर लोगों से कम से कम छह फीट की दूरी बनाए रखें। यह विशेष रूप से तब और भी जरूरी हो जाता है जब आपको किसी के लक्षण जैसे कि खांसी, बुखार या गले में खराश नजर आएं। कई लोग लक्षणों के बावजूद बाहर निकलते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य निगरानी या सेल्फ मॉनिटरिंग भी बेहद जरूरी है। अगर आपको कोविड-19 जैसे लक्षण महसूस होते हैं जैसे कि बुखार, थकान, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, या स्वाद और गंध का चला जाना . तो आपको तुरंत जांच करानी चाहिए और खुद को दूसरों से अलग कर लेना चाहिए। यदि जांच में संक्रमण की पुष्टि होती है, तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुझाई गई होम आइसोलेशन की गाइडलाइंस का पालन करना चाहिए। इन सबके अलावा मानसिक रूप से जागरूक और सकारात्मक रहना भी अत्यंत आवश्यक है। महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत प्रभाव पड़ा है और नए वेरिएंट्स की खबरें फिर से चिंता पैदा कर सकती हैं। लेकिन यदि हम सतर्कता, सावधानी और विज्ञान पर विश्वास बनाए रखें, तो इन वेरिएंट्स का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां समय-समय पर दिशा-निर्देश और सलाह जारी करती रहती हैं। जनता का यह कर्तव्य बनता है कि वे इन निर्देशों का पालन करें और अफवाहों पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही असत्य खबरों से बचें और केवल विश्वसनीय स्रा.ेतों से ही जानकारी प्राप्त करें। आज की तारीख में वैज्ञानिक और चिकित्सक समुदाय ने कोविड-19 के खिलाफ काफी हद तक सफलता प्राप्त की है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही हम आज इस महामारी को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं और इससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा पा रहे हैं, लेकिन यह लड़ाई अब भी पूरी नहीं हुई है। नए वेरिएंट्स, चाहे वे अभी कम प्रभावी दिखें, लेकिन समय के साथ उनके प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभाएं और कोविड-19 की रोकथाम के लिए हरसंभव उपाय करें। यही समय है कि हम अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और सतर्कता के साथ आगे बढ़ें। यदि आप माता-पिता हैं, तो अपने बच्चों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें स्वच्छता के नियमों के पालन की शिक्षा दें। यदि आप वरिष्ठ नागरिकों के साथ रहते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है क्योंकि ये नए वेरिएंट्स बुजुर्गों को अधिक प्रभावित कर सकते हैं। वहीं जो लोग पहले से किसी बीमारी से ग्रसित हैं जैसे कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा या हृदय रोग, उन्हें और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

कोविड-19 से संबंधित किसी भी लक्षण को नजर.अंदाज न करें। संक्रमण का समय रहते पता चलना और इलाज शुरू करना ही आगे की जटिलताओं से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। यदि आपको कोविड-19 की पुष्टि होती है तो स्वयं को आइसोलेट करें और अपने संपर्क में आए लोगों को सूचित करें ताकि वे भी सतर्क हो सकें।

**इसके अलावा मुनक्का एनीमिया से छुटकारा भी दिलाता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन, फोलेट और विटामिन बी होता है, जो हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करता है और खून की कमी को दूर करता है। मुनक्का एक ऐसा सूपरफूड है, जो कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है, फाइबर से भरपूर मुनक्का पाचन तंत्र को मजबूत करता है।**

# रोज खाली पेट पिएं भीगे मुनक्के का पानी



रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यहां जानिए मुनक्के का पानी किन 5 बड़ी बीमारियों में राहत देने में मददगार हो सकता है। सुबह की शुरुआत अगर सेहतमंद तरीके से की जाए तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है। आयुर्वेद में कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताए गए हैं जो रोजाना की छोटी-छोटी दिक्कतों को जड़ से दूर कर सकते हैं। इन्हीं में से एक है मुनक्के का पानी। रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी द्धडनदां ॅजमतत्र पीना कई बीमारियों से बचाव में मददगार माना जाता है। आइए जानते हैं मुनक्के का पानी पीने से किन 5 बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स में राहत मिल सकती है।

### 1. पेट की समस्याएं होती हैं दूर

आजकल की खराब लाइफस्टाइल और खानपान की वजह से कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतें आम हो गई हैं। मुनक्का फाइबर से भरपूर होता है जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। अगर आप रोज सुबह खाली पेट मुनक्के का पानी पीते हैं तो पेट साफ रहता है और कब्ज से राहत मिलती है।

### 2. खून की कमी होगी दूर

अगर शरीर में खून की कमी यानी एनीमिया है तो मुनक्का आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसमें आयरन, कॉपर और विटामिन ठ-कॉम्प्लेक्स होता है जो रेड ब्लड सेल्स बढ़ाने में मदद करता है। नियमित रूप से मुनक्के का पानी पीने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और कमजोरी दूर होती है।

### 3. दिल रहेगा हेल्थी

मुनक्का हार्ट के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसमें पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं और कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं। इससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आप दिल की सेहत को लेकर सजग हैं तो मुनक्के का पानी आजमा सकते हैं।

### 4. इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार

मौसम बदलते ही अगर आपको बार-बार सर्दी-जुकाम हो जाता है तो आपकी इम्युनिटी कमजोर हो सकती है। मुनक्का शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। इसमें नैचुरल शुगर और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की ताकत देते हैं।

### 5. ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल

भले ही मुनक्का मीठा होता है, लेकिन इसमें जो मिठास होती है वो धीरे-धीरे पचती है। इससे शुगर तेजी से नहीं बढ़ता। डायबिटीज के मरीज भी डॉक्टर से पूछकर थोड़ी मात्रा में इसे ले सकते हैं। इससे एनर्जी भी मिलती है और शुगर भी कंट्रोल में रहता है।

### सेवन

रात को 7-8 मुनक्के को एक ग्लास पानी में भिगो दें। सुबह छानकर पी लें और चाहें तो मुनक्के को चबा भी सकते हैं। इसे रोजाना करने से कुछ ही दिनों में असर दिखने लगेगा।

# देश की राजनीति में अपशब्दों का बढ़ता प्रचलन!



विनीत नारायण

भारत, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, एक ऐसा देश है जहां विविधता उसकी ताकत और चुनौती दोनों है। यहां की राजनीति में विभिन्न दलों के राजनेता अपने विचारों, नीतियों और नेतृत्व के माध्यम से जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में, भारतीय राजनीति में अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का बढ़ता उपयोग एक गंभीर मुद्दा बन गया है। यह न केवल सार्वजनिक विमर्श के स्तर को नीचे लाता है, बल्कि यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों, जैसे स्वतंत्रता, समानता, सम्मान और संवादके खिलाफ भी है। भारतीय राजनीति में अपशब्दों का प्रयोग पहले कतई नहीं होता था, लेकिन हाल के दशकों में इसकी तीव्रता और आवृत्ति में चिंताजनक वृद्धि हुई है। विभिन्न दलों के राजनेता, चाहे वे सत्ताधारी हों या विपक्षी, अक्सर एक-दूसरे पर निजी हमले करने, अपमानजनक टिप्पणियां करने और समाज को विभाजित करने वाले बयान देने में संकोच नहीं करते। उदाहरण के लिए, कुछ राजनेताओं ने अपने विरोधियों को नीच, मवाली, गद्दार, जैसे शब्दों से संबोधित किया है। ऐसे बयानों का उद्देश्य अक्सर अपने समर्थकों को उत्तेजित करना और विपक्ष को कमजोर करना होता है। लेकिन यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ता है। 2017 में, एक सांसद ने एक धार्मिक आयोजन में जनसंख्या वृद्धि के लिए एक विशेष समुदाय को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, देश में समस्याएं खड़ी हो रही हैं जनसंख्या के कारण। इसके लिए हिंदू जिम्मेदार नहीं हैं। जिम्मेदार तो वो हैं जो चार बीवियों और चालीस बच्चों की बात करते हैं। इस तरह के बयान न केवल सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में विभाजन को और गहरा करते हैं। बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है पर उस पर प्रहार जनसंख्या नियंत्रण की नीति बना कर किया जाना चाहिए न कि केवल भड़काऊ बयान देकर। लोकतंत्र का गुण यह है कि ए जनता की भागीदारी, स्वतंत्र अभिव्यक्ति और विचारों के खुले आदान-प्रदान का मौका देता है। भारत का संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 19, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। लेकिन इसके साथ ही यह अपेक्षा भी करता है कि यह स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ प्रयोग की जाए। जब राजनेता अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का सहारा लेते हैं, तो वे लोकतंत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। जब राजनेता नीतियों और विचारों के बजाय व्यक्तिगत हमलों और अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो यह विमर्श का स्तर गिराता है। सार्वजनिक जीवन में हमें एक-दूसरे की नीयत पर भरोसा करना चाहिए, हमारी आलोचना नीतियों पर आधारित होनी चाहिए, व्यक्तित्व पर नहीं। आज के काफी राजनेताओं का व्यवहार इस सिद्धांत के विपरीत हो रहा है। गत दस वर्षों से मुसलमानों के लेकर कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के लगातार आने वाले विरोधी बयानों ने देश में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। उदाहरण के लिए, एकमहिला नेता ने 2014 में एक सभा में लोगों को हरामजादोंह्व और ह्हरामजादोंह्व में बांटने की बात कही। दूसरी तरफ सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत कहते हैं कि 'हिंदू और मुसलमानों का डीएनए एक है, या मुसलमानों के बिना हिंदुत्व नहीं हैं।' ऐसे विरोधाभासी बयानों से समाज में वैमनस्य और भ्रम की स्थिति फैलती है। जब राजनेता गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं, जैसे संसद और न्यायपालिका, के प्रति जनता के विश्वास को कम करता है। उदाहरण के लिए, 2024 में एक सांसद ने भाजपा पर संविधान को ह्हजार घावों से खून बहाने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा नेताओं ने विपक्षी नेताओं पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। इस तरह के आपसी आरोप-प्रत्यारोप संसद जैसे मंच की गरिमा को कम करते हैं। अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का उपयोग अक्सर असहमति को दबाने के लिए किया जाता है। पत्रकारों और आलोचकों को प्रेस्टीट्यूट जैसे शब्दों से संबोधित करना या उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करता है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि असहमति और आलोचना लोकतंत्र के आधार हैं। राजनेताओं के अपशब्द और गैर-जिम्मेदाराना बयान समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं। यह बयान न केवल जनता के बीच नकारात्मक भावनाओं को भड़काते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया के युग में, जहां ए बयान तेजी से वायरल होते हैं, इनका प्रभाव और भी व्यापक हो जाता है। इससे न केवल राजनीतिक तनाव बढ़ता है, बल्कि सामाजिक ध्रुवीकरण भी होता है। इसके अलावा, जब राजनेता लैंगिक, धार्मिक या जातीय आधार पर अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं, तो यह समाज के कमजोर वर्गों, जैसे महिलाओं, अल्पसंख्यकों और दलितोंके प्रति असंवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। उदाहरण के लिए, 2013 में एक नेता ने अपनी ही पार्टी की सांसद को सौ टंच माल कहकर संबोधित किया, जो न केवल अपमानजनक था, बल्कि लैंगिक रूप से असंवेदनशील भी था। इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। चुनाव आयोग को राजनेताओं के अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। 2019 में, चुनाव आयोग ने कुछ नेताओं को नोटिस जारी किए थे, लेकिन ऐसी कार्रवाइयों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है।मीडिया को भी गैर-जिम्मेदाराना बयानों को बढ़ावा देने के बजाय, स्वस्थ विमर्श को प्रोत्साहित करना चाहिए। सोशल मीडिया पर भी ऐसी सामग्री को नियंत्रित करने के लिए नीतियां बनानी चाहिए। जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है कि वे ऐसे नेताओं का समर्थन न करें जो अपशब्दों और विभाजनकारी बयानों का सहारा लेते हैं। शिक्षा और जागरूकता अभियान इस दिशा में मदद कर सकते हैं।राजनेताओं को अपने बयानों के लिए जवाब.देह ठहराया जाना चाहिए। संसद और विधानसभाओं में आचार समितियों को और सक्रिय करना होगा। जब से संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण टीवी पर होना शुरू हुआ है, तब से देश के कोने-कोने में बैठे आम जन अपने राजनेताओं का आचरण देख कर उनके प्रति हेय.ष्टि अपनाने लगे हैं। युवा पीढ़ी पर तो इसका बहुत ही खराब असर पड़ रहा है। भगवान कृष्ण भगवद गीता में कहते हैं कि बड़े लोग जैसा आचरण करते हैं तो समाज उनका वैसे ही अनुसरण करता है। नेताओं के उद्दंड व्यवहार से समाज में अराजकता और हिंसा बढ़ रही है जो सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# टैरिफ-जाल के सहारे ट्रम्प की भारत पर नजर

## अमेरिका की नौ बड़ी कंपनियां 80% प्रोडक्ट बाहर बना रहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भले ही एपल को भारत में स्मार्टफोन न बनाने के लिए धमका रहे हों, लेकिन खुद यूएस डिपार्टमेंट आफ कामर्स की रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका हर साल 425 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद और सेवाएं (भारत की जीडीपी से 32 प्रतिशत ज्यादा) दुनिया से आयात करता है। 9 बड़ी अमेरिकी कंपनियां अपने 80प्रतिशत उत्पाद दूसरे देशों में बनाती या खरीदती हैं।

2002 में 77 प्रतिशतअमेरिकी मेड इन यूएसए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते थे। 2023 में यह संख्या घटकर सिर्फ 46 प्रतिशत रह गई है। अमेरिका में 90 प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50 प्रतिशत दवाएं, 75 प्रतिशत कपड़े, 60 प्रतिशत घरेलू सामान बाहर से आ रहे हैं। सरकार न



### अमेरिका में 90% प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50% दवाएं, 75 फीसद कपड़े, 60 फीसद घरेलू सामान बाहर से आ रहे

कोविड के बाद अमेरिका ने देसी मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया। 300 कंपनियां इसमें शामिल हुईं, लेकिन अमेरिका में 3207 रुपये/घंटे की मजदूरी के चलते वे उत्पादन शुरू नहीं कर पाईं। चीन में यह 116 रुपये है। कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34 प्रतिशत से 52 प्रतिशत हो गई है। एपल पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दक्षिण कोरियाई स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर्स सैमसंग पर भी एक्शन ल

### कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34% से 52% हो गई है

सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट बताती है कि सैमसंग पर भी टैरिफ की तलवार लटकी है, क्योंकि ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ उन सभी कंपनियों पर लागू होगा, जो अमेरिका से बाहर अपने उत्पाद बना रही हैं। भारत के कुल स्मार्टफोन फोन निर्यात में एपल और सैमसंग का योगदान 94 प्रतिशत है। 2024 में इसमें 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी इन्हीं दो कंपनियों की वजह से हुई। सैमसंग भारत में 6 करोड़ स्मार्टफोन हर साल बना रही है। भारत में अगले साल तक सैमसंग 9.3 करोड़ फोन बनाने लगेगी। अमेरिका दुनियाभर से सामान ले रहा, लेकिन दिक्कत सिर्फ भारत से है।

### निम्न अमेरिकी कंपनियों की विस्तृत रिपोर्ट

**1 एपलः**

29 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद अमे. रिका से बाहर बनाता है। इसमें 1.87 लाख करोड़ का उत्पादन भारत में है। वह अपने 80 प्रतिशत आईफोन, 55 प्रतिशत आईपेड और 80 प्रतिशत मैकबुक चीन में बनाता है। वियतनाम में 65 प्रतिशत एयरपोड और 90प्रतिशत एपल वाच बनाता है। ताइवान में हिस्सेदारी 2 से 5 प्रतिशत तो ब्राजील और थाईलैंड में 1-1 प्रतिशत है। अमेरिका में सिर्फ मैक प्रो, एआई सर्वर चिप कंपोनेंट ही बनाता है।

**2 गूगलः**

60 से 70 प्रतिशत फोन चीन, 20 से 30 प्रतिशत वियतनाम और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। अमेरिका में एक फोन नहीं बनाती। सालाना बाहरी उत्पादन 44 हजार करोड़ रुपये है।

**3 टेस्लाः**

55 प्रतिशत उत्पाद चीन, 10 प्रतिशत जर्मनी, शेष 35 प्रतिशत अमेरिका में बनाती है। कंपनी आने वाले दिनों में भारत में उत्पादन करना चाहती है। टेस्ला के राजस्व में बाहर से बने उत्पादों की हिस्सेदारी 4.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है।

**4 ऐनवीडियाः**

चिप मेकर। 60-70 प्रतिशत जीपीयू, टेंसर चिप और टेग्रा एसओसी चीन और ताइवान में बनाती है। महज 5-10 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका और इतना ही दक्षिण कोरिया में उत्पादन है। इसका सालाना 10. 20 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन अमेरिका से बाहर का है।

**5 नाइकीः**

इसका 50 प्रतिशत उत्पादन वियतनाम, 20 प्रतिशत चीन, 20 प्रतिशत इंडोनेशिया, 5-10 प्रतिश तथाईलैंड, 1-5 प्रतिशत अमे. रिका में है। 4.33 लाख करोड़ का उत्पादन बाहर करती है।

**6 जानसन एंड जानसनः**

फार्मा और कंज्यूमर हेल्थ प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी अपने 40 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका में बनाती है। शेष 30 प्रतिशत यूरोप 15 प्रतिशत चीन और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। बाहर बने उत्पादों का मूल्य 3.23 लाख करोड़ रुपये है।

**7 प्राक्टर एंड गेंबलः**

उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली यह कंपनी 40 प्रतिशत उत्पाद अमेरिका, 15 प्रतिशत चीन, 15 प्रतिशत यूरोप और 5-10 प्रतिशत उत्पाद फीलीपींस, थाईलैंड और भारत में बनाती है।

# ट्रम्प ने रूस पर मिसाइल तकनीक चोरी का जड़ा इल्जाम

- आरोपः ओबामा के राष्ट्रपति रहते ऐसा हुआ, सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती बैन करने को सही ठहराया
- ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर अमेरिका की हाइपरसोनिक मिसाइल टेक्नोलाजी को चुराने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि हाइपरसो. निक तकनीक को हमने डिजाइन किया है। उन्होंने दावा किया कि ओबामा के राष्ट्रपति रहते रूस ने इस चोरी को अंजाम दिया। ट्रम्प शनिवार को यूएस मिलिट्री एकेडमी, वेस्ट पाइंट के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने एकेडमी से पासअकिमीट हुए 1000 कैडेट को संबोधित भी किया।

मेरे सामने मैदान में मौजूद हर कैडेट को आज की सुबह का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि यह एक ऐसा दिन है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। थोड़ी देर बाद आप मानव इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित सैन्य अकादमी से पासअकिमीट होंगे और दुनिया की अब तक की सबसे महान और सबसे शक्तिशाली सेना में अधिक. ारी बनेंगे। इस दौरान ट्रम्प ने यह भी बताया कि 8 कैडेट ने हाइपरसोनिक मिसाइल को बनाने का चैलेंज लिया है, जिनका इस्तेमाल अमेरिका कर सकता है। ट्रम्प ने सेना में ट्रांसजेंडर की भर्ती पर लगाए गए बैन को सही ठहराते हुए बचाव भी किया। ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया। पासअकिमीट होने वाले इन कैडेट में 250 महिला कैडेट भी शामिल थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मिलिट्री हेलिकाप्टर से एकेडमी पहुंचे। ट्रम्प ने भाषण के दौरान ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में सेवा देने से बैन करने पर अपने प्रशासन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि हमने अपने सैनिकों को विभाजनकारी ट्रेनिंग से आजाद कर दिया है। अब हमारे देश में क्रिटिकल रेस थ्योरी या ट्रांसजेंडर फार एवरीबाडी को महिला या पुरुष सैनिकों पर थोपा नहीं जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश के जरिए अमे. रिकी सेना में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती और सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया। इस आदेश में कहा गया कि सेना में जेंडर के होने से अनुशासन, एकजुटता पर असर पड़ता है। फिलहाल ट्रांसजेंडर को नौकरी से निकालने का मामला अभी कोर्ट में है। अगले महीने इस पर फैसला आ सकता है। अमेरिकी सेना में लगभग 21 लाख सक्रिय सैनिक हैं।

# शांति और सद्भाव में विश्वास करता है भारतः रविशंकर प्रसाद

- लेकिन अगर हमारी माताओं- बहनों का सिंदूर उजाड़ा, तो ऑपरेशन सिंदूर से जवाब मिलेगा

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला डेलीगेशन भारत से रवाना हो गया है।

ये डेलीगेशन 25 मई से 7 जून तक यूरोप के छह देशों- फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी का दौरा करेगा। रवाना होने से पहले रविशंकर ने कहा कि हम दुनिया को साफ-साफ बताएंगे कि भारत शांति और सद्भाव में विश्वास करता है, लेकिन अगर निर्दोष भारतीयों पर बर्बर हमला होता है तो उसका जवाब जरूर दिया जाएगा। अगर हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर कोई उजाड़ेगा तो उसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को बताएंगे कि आतंकवाद एक वैश्विक कैंसर है और इसका केंद्र पाकिस्तान है। हम ये भी बताएंगे कि इस आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होकर एक ही आवाज में बोलने की जरूरत है। डेलीगेशन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, हमारा संद. ेश बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान आज 'आतंकिस्तान' बन गया है। सभी आतंकवादियों की जड़ें पाकिस्तान में पाई जाती हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस का हमारा संकल्प पाकिस्तान को कमजोर करेगा और उसके 'आतंकवाद' को खत्म करेगा। ऑपरेशन सिंदूर की जानक. ारी देने के लिए भारत से सभी 7 डेलीगेशन रवाना हो गए हैं। इनमें से 6 डेलिगेशन अपने-अपने निर्धारित देश पहुंच गए हैं। दो डेलीगेशन 21 मई को, एक 22 मई को, तीन 24 मई को और एक डेलीगेशन 25 मई को विदेश रवाना हुआ।

# डैनियल नोबोआ ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने शनिवार को क्विटो में नेशनल असेंबली में एक समारोह के दौरान अपने पहले पूर्ण कार्यकाल के लिए शपथ ली। अप्रैल में फिर से चुनाव जीतने वाले 37 वर्षीय व्यवसाई, जिन्होंने ने 2023 के अंत में स्नैप चुनाव जीतने के बाद अभी-अभी अपना 18 महीने का प्रारंभिक कार्यकाल पूरा किया था। उनका नया कार्यकाल 2029 तक चलेगा। नोबोआ ने शासन में एक नया दृष्टिकोण लाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हम चक्रों को तोड़ने आए हैं। उन्होंने स्थाई परिवर्तन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# इजरायल का कहर जारीः नौ बच्चों की मौत

## इजरायल के युद्ध में अब तक कम से कम 53901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए

- अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया

**खान यूनिस।** गाजा में एक डॉक्टर के घर पर हुए इजरायली हवाई हमले में उसके दस बच्चों में से नौ की मौत हो गई है। नासेर अस्पताल के एक डॉक्टर के अनुसार, डॉ. अला अल-नज्जर का एक बच्चा और उनके पति घायल हो गए, लेकिन बच गए। अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया।

उन्होंने बीबीसी को बताया कि यह 'असहनीय रूप से क्रूर' है कि उनकी मां जिन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में बच्चों की देखभाल में कई साल बिताए एक ही मिसाइल हमले में अपने लगभग सभी बच्चों को खो सकती हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इजरायल की सेना ने कहा कि वह 'गैर-संलग्न नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के दावे की समीक्षा कर रही है।' इजरायली सेना ने कहा कि उसके विमान ने शुक्रवार को खान यूनिस में कई संदिग्धों पर हमला किया था। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक द्वारा साझा किए गए एक वायरल वीडियो में खान यूनिस में हमले के मलबे से छोटे जले हुए शवों को उठाया गया था। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसके 'विमान ने कई संदिग्धों पर हमला किया, जिनकी पहचान खान यूनिस के क्षेत्र में आईडीएफ सैनिकों के बगल में एक संरचना से संचालन करते हुए की गई थी।' आईडीएफ ने कहा, ''खान यूनिस क्षेत्र एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है। वहां अभियान शुरू करने से पहले आईडीएफ ने अपनी सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र से नागरिकों को निकाला। स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ. मुनीर अलबोर्श ने 'एक्स' पर कहा कि डॉ. अल-नज्जर के पति हम्दी के अपनी पत्नी को काम पर ले जाने के बाद घर लौटने के कुछ ही मिनटों बाद अल-नज्जर के घर पर हमला किया गया। डॉ. ग्रूम ने कहा कि बच्चों के पिता बहुत बुरी तरह से घायल हो गए, उनके 'सिर में गहरी चोट' आई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा पर इजरायल के युद्ध में कम से कम 53,901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार हालांकि सरकारी मीडिया कार्यालय ने मृतकों की संख्या 61,700 से अधिक बताई।

# पाकिस्तान में आंधी-तूफान से 19 लोगों की मौत, 90 घायल

- खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर दिया था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के कारण कम से कम19 लोगों की मौत हो गई और 90 अन्य घायल हो गए। खराब मौसम की वजह से कई जिलों में भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं जिससे व्यापक स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ।

एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रांत के कई जिलों में मुख्य रूप से मकान ढहने और पेड़ गिरने से मौतें हुईं। तूफान और वर्षा के कारण कई स्थानों पर मिट्टी के मकान और कमजोर इमारतें गिर गईं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार तूफान में पेड़ गिरने, बिलबोर्ड उखड़ने और सौर पैनलों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं भी व्यापक रूप से हुईं जिससे बड़ी संख्या में लोग मारे गये और घायल हुए। पूरे प्रांत में यातायात काफी प्रभावित हुआ। मोटरवे पुलिस ने खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर दिया था। प्रांत की राजधानी लाहौर में भी उड़ान संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। परेशान और घबराए हुए यात्रियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर देखा गया। कराची से लाहौर जाने वाली एक निजी एयरलाइन की उड़ान को अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। विमानन सूत्रों ने बताया कि पायलट ने अशांत मौसम को देखते हुए लैंडिग को रोक दिया और हवाई यातायात नियंत्रण के निर्देशों के बाद विमान को सुरक्षित रूप से कराची वापस कर दिया। सूत्रों ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण से निर्देश प्राप्त करने के बाद विमान सुरक्षित रूप से कराची के दक्षिणी बंदरगाह शहर में लौट आया, जबकि कई अन्य उड़ानें भी तेज हवाओं के कारण विलंबित हुईं।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जलभराव वाले रोड पर चलते वाहन।

# मुनीर ने फील्ड मार्शल बनने पर डिनर दिया

- पीएम शहबाज और राष्ट्रपति जरदारी पहुंचे और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी शामिल हुए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने फील्ड मार्शल का पद मिलने के बाद शनिवार रात डिनर का आयोजन किया। इस डिनर में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए। पीपुल्स पार्टी के लीडर और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी डिनर में शामिल होने पहुंचे। मुनीर ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान तेजी से फैसले लेने के लिए पाकिस्तान की पालिटिकल लीडरशिप को शुक्रिया कहा है।

डिनर में पाकिस्तान की सीनेट के अध्यक्ष, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जाइंट चीफ आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष, वायु सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख, तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख राजनीतिक दलों के सीनियर लीडर शामिल थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज से तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर जाएंगे। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor

# अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों से गई 200 लोगों की जान

**काबुल।** अफगानिस्तान में दशकों तक चले संघर्षों के बाद, अब भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों से जान जाने का खतरा बना हुआ है। इन्हीं सुरंगों के कारण परवान प्रांत के कोह सफी जिले के एक गांव में तीन दशकों में अब तक करीब 200 लोगों की जान जाने की खबर है। अफगानिस्तान के दूरस्थ गांव जौज़ाक में आज भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों का खतरा बना हुआ है। यहां करीब एक हजार परिवार रहते हैं। टोलो न्यूज़ को स्थानीय निवासी मोहसिन खान ने बताया कि पिछले 30 वर्षों में बारूदी सुरंगों ने लगभग 200 लोगों की जान ले ली है और कई लोग घायल भी हुए हैं। एक अन्य ग्रामीण उमर गुल ने कहा कि जहां भी जाओ, हर पहाड़ी और खेत में बारूदी सुरंगें बिछी हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर से खौफ के साये में पाक

## चीन की सहायता से कर रहा अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण

- अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने रिपोर्ट मं 2024 में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए

**वाशिंगटन।** पहलगाम हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक खौफ में है। उसे अपनी स्थिति का अंदाजा हो गया है, इसीलिए वह चीन की मदद लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार को विकसित कर रहा है। ऐसा दावा अमे. रिका ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा रविवार को जारी 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए हैं।

इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान चीन से सैन्य और आर्थिक सहायता लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिक. ीकरण कर रहा है। इतना ही नहीं, इसमें यह भी कहा गया है कि वह भारत को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। बता दें कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी द्वारा जारी की गई यह रिपोर्ट अमेरिकी प्रति. निधि सभा की सशस्त्र सेवा उपसमिति के लिए बनाई गई है। 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान की सेना उसके सैन्य अभियानों और परमाणु हथियारों के बारे में विस्तार के जानकारी दी गई है। इसमें दावा किया गया है कि आने वाले साल में पाकिस्तान की शीर्ष प्राथमिकता सैन्य ढांचे को विकसित और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ सीमा पार होने वाली झड़पें और अपने परमाणु शस्त्रागार का निरंतर आधु. निकीकरण शामिल होगा। अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। ऐसे में वह भारत की सैन्य ताकत का मुकाबला करने के लिए खुद को और अपनी सेना को विकसित कर रहा है। वहीं, वह अपने परमाणु हथियारों सहित उनकी सुरक्षा और कमान प्रणाली को भी विकसित और आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कर रहा है। इसके लिए वह विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और बिचौलियों से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) से जुड़े सामान खरीद रहा है। इसमें चीन उसका सबसे बड़ा मददगार है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान चीन से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) विकसित करने के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी हासिल कर रहा है। इनमें से ज्यादातर सामग्री हांगकांग, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के जरिये हो रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया इस आपरेशन में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमलों की कोशिश की, जिसका भारत ने कड़ा जवाब दिया। पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका 10 मई की सुबह लगा, जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें हवाई अड्डे, रडार इकाइयां और गोला-बारूद के भंडार शामिल थे।